खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 20 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 274 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 38°C
न्यूनतम : 23°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन प्रभावित पेज 2




बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान व प्रिंस यादव वनडे टीम में शामिल खेल टाइम्स



भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन: उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत सम्पादकीय



अमेरिकी साजिश थी इमरान खान का तख्तापलट पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल समेत 'आप' नेताओं को अवमानना का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कान्टेम्प्ट) के एक स्वत: संज्ञान मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य आप नेताओं को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा द्वारा शुरू किए गए इस मामले में आरोप है कि शराब नीति मामले में न्यायमूर्ति शर्मा की अदालत से रिक्यूजल याचिका खारिज होने के बाद 20 अप्रैल को आप नेताओं ने अदालत का बहिष्कार किया और सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो तथा पत्रों के माध्यम से उनके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां कीं। पीठ ने सभी आरोपियों का जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका साल 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले में दायर की गई थी, जिसमें उन पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोप दर्ज हैं। उमर खालिद ने अपने दिवंगत चाचा की शोक सभा (चेहलुम) में शामिल होने और अपनी मां की देखभाल के लिए 15 दिनों के लिए जमानत मांगी थी, लेकिन कड़कड़डूमा अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर वाजपेयी ने उमर खालिद की 15 दिनों की अंतरिम जमानत की मांग को नामंजूर कर दिया।

### स्मार्ट पावर का दमदार सबूत था ऑपरेशन सिंदूर: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित सिक्योरिटी टू प्रास्पेरिटी: स्मार्ट पावर फॉर सस्टेन्ड नेशनल ग्रोथ विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत की सैन्य और रणनीतिक क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया। सेमिनार के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए इसे भारत की स्मार्ट पावर का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। आर्मी चीफ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में भारत ने स्मार्ट पावर के सवाल का आंशिक उत्तर प्रस्तुत किया था, लेकिन 6 और 7 मई 2025 की रात भारत ने इसे पूरी तरह परिभाषित कर दिया।

### मंदिरों के पास पड़े सोने के मौद्रीकरण की रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंदिरों के पास मौजूद सोने के भंडार के मौद्रीकरण की रिपोर्टों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट किया कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पोस्ट में यह दावा किया जा रहा है कि सरकार मंदिरों के स्वर्ण भंडार के बदले में मंदिरों को गोल्ड बांड जारी करने की योजना बना रही है।

# अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर व M777 तोपों की डील को दी मंजूरी

वाशिंगटन, वार्ता

**भारत और अमेरिका** के बीच रक्षा सहयोग लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसी कड़ी में अमेरिका ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए सपोर्ट सर्विस और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने इस फैसले की आधिकारिक जानकारी दी। अमेरिका के अनुसार, अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए सपोर्ट सर्विस डील की अनुमानित कीमत करीब



**भारतीय सैन्य ताकत होगी और मजबूत**

198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। वहीं एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के लिए लॉन्ग-टर्म सपोर्ट डील लगभग 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर की हो सकती है। अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट डील के लिए प्रमुख कंपनियां बोइंग कंपनी और लॉकहीड मार्टिन होंगी। वहीं एम777 हॉवित्जर सपोर्ट प्रोग्राम के लिए ब्रिटेन की रक्षा कंपनी बीएई सिस्टम्स को मुख्य ठेकेदार बनाया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारत ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इंजीनियरिंग, टेक्निकल और लॉजिस्टिक सपोर्ट सेवाओं की मांग की थी। इसके अलावा तकनीकी डेटा, पब्लिकेशन, सैनिकों की ट्रेनिंग और अन्य प्रोग्राम सपोर्ट भी इस डील का हिस्सा होंगे। वहीं एम777ए2 हॉवित्जर के लिए स्पेयर पार्ट्स, रिपेयर, ट्रेनिंग, टेक्निकल सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि और लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। यह संभावित रक्षा सौदा अमेरिका के फारेन मिलिट्री सेल (एफएमएस) चैनल के तहत किया जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। अमेरिका का मानना है कि इस डील से भारत की वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितम्बर में आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितम्बर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी ने पुतिन को दिसम्बर 2025 में उनके भारत दौरे के दौरान आधिकारिक तौर पर समिट में शामिल होने का न्योता दिया था।

**ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे, 10 महीने में दूसरा दौरा, मोदी भी इस साल रूस जाएंगे**

एक साल के भीतर पुतिन का यह दूसरा भारत दौरा होगा। पीएम मोदी भी इसी साल रूस दौरे पर जाएंगे। इससे पहले पुतिन दिसम्बर 2025 में भारत आए थे। उस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

# रेबीज और बीमार कुत्तों को मारने की सुप्रीम अनुमति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इन्कार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इन्कार कर दिया। डॉग लवर्स ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने का आदेश बहुत कठोर है और इससे कुत्तों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की ओर से लंबे समय तक ठोस प्रयास नहीं किए गए।



**7 नवम्बर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज**

अदालत ने टिप्पणी की कि एनिमल बर्थ कंट्रोल व्यवस्था ठीक से लागू नहीं की गई है और इसके लिए फंडिंग भी अपर्याप्त और असमान है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गरिमा के साथ जीवन जीने के अधिकार में यह भी शामिल है कि लोग कुत्तों के हमलों और खतरे के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश देते हुए रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को, जो इंसानी जीवन के लिए खतरनाक हैं, उन्हें मारने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, यात्री और बुजुर्ग लगातार डॉग बाइट की घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करते हुए जरूरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करें। अदालत ने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार लाइलाज बीमारी से ग्रस्त, रेबीज से संक्रमित और किसी भी तरह से मानव जीवन के लिए खतरनाक कुत्तों को मारने के उपाय अधिकारी कर सकते हैं। पीठ ने ये भी कहा कि अब आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों यानी डॉग फीडर्स और डॉग लवर्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। अगर कोई कुत्ता किसी व्यक्ति को काटता है, तो ऐसे मामलों में जिम्मेदारी सिर्फ प्रशासन की ही नहीं बल्कि उन लोगों की भी मानी जाएगी जो कुत्तों की देखभाल या फीडिंग में शामिल हैं।

# पांच दिन में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल हुआ महंगा

## पेट्रोल 87 पैसे व डीजल के दामों में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं।



इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली में मंगलवार से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 91 पैसे और डीजल की 94 पैसे बढ़ी है। वहां अब पेट्रोल 107.59 रुपये का और डीजल 94.08 रुपये का हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 82 पैसे और डीजल

**पेट्रोल 98.64 व डीजल 91.58 रुपये में एक लीटर मिलेगा**

96 पैसे महंगा हुआ है। मंगलवार से एक लीटर पेट्रोल 104.49 रुपये का और एक लीटर डीजल 96.11 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में अब पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये और डीजल की 96.07 रुपये पर पहुंच गई है। इनके दाम क्रमश: 96 पैसे और 94 पैसे बढ़े हैं। इंडियन ऑयल ने अपने प्रीमियम पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी इतनी ही वृद्धि की है। दिल्ली में ब्रांडेड पेट्रोल एक्सपी-95 की कीमत 87 पैसे बढ़कर 105.76 रुपये और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत 91 पैसे बढ़कर 96.90 रुपये प्रति लीटर हो गई है। दूसरे शहरों में भी कीमतों में लगभग इसी तरह की बढ़ोतरी की गई है, हालांकि वैट और लॉजिस्टिक्स लागत में अंतर के कारण कीमत वृद्धि में कुछ अंतर होता है। पेट्रोल-डीजल के दाम 30 अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार पिछले सप्ताह बढ़ाए गए थे। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल का उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित होने से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव है। हालांकि उन्होंने मार्च और अप्रैल में कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती करके तेल विपणन कंपनियों को राहत दी थी। भारतीय बास्केट में अप्रैल में कच्चे तेल की औसत कीमत 114.48 डॉलर प्रति बैरल रही थी जो मई में घटकर 18 मई तक औसतन 107.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है।

# देश में बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि देश एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है और इसका सबसे ज्यादा असर आम जनता पर पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह बदल दिया गया है, जिसके कारण एक बड़ा आर्थिक तूफान आने वाला

**कहा : आम आदमी पर पड़ेगा असर**

है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से लगातार कह रहा हूं कि मोदी जी ने देश का आर्थिक ढांचा बदल दिया है। एक बड़ा आर्थिक संकट आने वाला है। दुर्भाग्य से इसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ेगा। इस आर्थिक झटके का असर सिर्फ अडानी, अंबानी और मोदी पर नहीं पड़ेगा, बल्कि देश के आम लोगों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा।

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है। इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है।

# उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का मंगलवार को निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। देहरादून स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में उनका पिछले तकरीबन एक माह से इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे



**काफी समय से मैक्स अस्पताल में चल रहा था इलाज, सीएम धामी ने जताया दुख**

भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे -शेष पृष्ठ दो पर

### राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति ने भी खंडूड़ी के निधन पर जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से.नि.) के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा देने के बाद उन्होंने जनसेवा के लिए ईमानदारी, सादगी, पारदर्शिता और विकास की राजनीति का उदाहरण पेश किया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनके निधन पर शोक जताया है। इसके साथ ही उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन को प्रदेश के लिए बड़ी क्षति बताया है।

# चंद्रयान-3 के हॉप प्रयोग ने चंद्रमा के छिपे रहस्यों को किया उजागर

**चेन्नई।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर द्वारा किए गए 'हॉप' प्रयोग ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से जुड़े कई छिपे रहस्यों का खुलासा किया है।

वैज्ञानिकों ने इस प्रयोग के जरिये चंद्र सतह की रेगोलिथ विषमता (रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी) का पता लगाया है, जो भविष्य के चंद्र अभियानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इन निष्कर्षों से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सतही अभियानों को लेकर नई जानकारी मिली है। वैज्ञानिकों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सतह की विविधता को समझना भविष्य में चंद्रमा पर



वैज्ञानिक आधार और आवास निर्माण की योजनाओं के लिए आवश्यक है। यह अध्ययन इस प्रकार का पहला अनूठा उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था। करीब 10 पृथ्वी दिवस तक चंद्र सतह, निकट-सतही प्लाज्मा और भू-कंपनों से जुड़े प्रयोग करने के बाद, दो

**वैज्ञानिकों ने प्रयोग के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर रेगोलिथ हेटेरोजेनिटी का पता लगाया**

सितम्बर 2023 को लैंडर ने बचा हुआ ईंधन इस्तेमाल कर 'हॉप' प्रयोग किया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को कहा कि यह 'हॉप' भविष्य में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने वाले अभियानों के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीकी क्षमता साबित हुआ है। इसरो ने कहा कि जिसे सामान्य तौर पर 'चंद्र मिट्टी' कहा जाता है, उसका सही वैज्ञानिक नाम 'लूनर रेगोलिथ' है। यह दरअसल चट्टानों के टूटे हुए अत्यंत महीन, नुकीले और कांच जैसे कणों से बना होता है, जो बेहद खुरदरे होते हैं और स्थैतिक विद्युत की तरह हर चीज से चिपक जाते हैं।

### TMC उम्मीदवार जहांगीर खान पुनर्मतदान से पहले दौड़ से हटे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को फाल्टा विधानसभा पुनर्मतदान से ठीक दो दिन पहले बड़ा झटका लगा जब पार्टी उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को चुनाव मैदान से हटने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने फैसले के पीछे क्षेत्र में शांति और विकास को कारण बताते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की। यह नाटकीय घोषणा पुनर्मतदान के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले हुई, जिससे राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के अंतर्गत आता है।

# अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई

## छापेमारी कर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की है। नूरपुर मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास चल रहे अवैध खनन की सूचना पर अधिकारियों ने छापेमारी कर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर की एसडीएम स्मृति मिश्रा और सीओ अभय कुमार पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, गगनदीप और अन्य राजस्व कर्मी भी मौजूद थे। अधिकारियों के अचानक पहुंचने से खनन कार्य में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान पाया गया कि नहटौर निवासी अजय पुत्र राजपाल सिंह द्वारा बड़े पैमाने पर साधारण मिट्टी का अवैध खनन कराया जा रहा था। जब प्रशासनिक टीम ने खनन से संबंधित वैध दस्तावेज और अनुमति पत्र मांगे, तो संचालक कोई भी कानूनी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही सीज कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना अनुमति और रॉयल्टी चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं में खलबली मच गई है।

# उधारी के रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

## आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम किशनपुर भोगन में उधारी के रुपए वापस मांगने पर एक युवक के साथ पड़ोसी दंपति द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम किशनपुर भोगन निवासी हरिओम पुत्र चेतराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने लगभग पांच वर्ष पूर्व अपने पड़ोसी बंटी पुत्र छोटे को 25,000 रुपए उधार दिए थे। सोमवार 18 मई की शाम करीब सात बजे, जब हरिओम ने अपने घर के बाहर खड़े बंटी से पैसे वापस मांगे, तो बंटी भड़क गया और उसने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। शोर-शराबा सुनकर बंटी की पत्नी पूनम भी मौके पर आ गई।

हरिओम के अनुसार, जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो दोनों पति-पत्नी ने मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में हरिओम को चोटें आई हैं।

पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी दंपति उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। हरिओम सिंह की लिखित तहरीर के आधार पर नहटौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**चांदपुर।** ग्राम बमनौला में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में बताया गया कि युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। सीओ चांदपुर देश दीपक ने बताया कि युवती की मौत के संबंध में सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच व आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी है। हालांकि पुलिस घटना स्थल व आसपास के लोगों एवं परिजनों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### छत से गिरकर युवक घायल



**अफजलगढ़।** रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंहजोत निवासी आकाश कुमार पुत्र स्व.दिनेश सिंह रात मकान की छत पर सो रहा था। रात करीब 11:30 बजे वह लघुशंका के लिए उठा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे आंगन में फर्श पर जा गिरा। मकान की छत पर रेलिंग नहीं लगी हुई थी, जिसके कारण हादसा हो गया। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में परिजन घायल युवक को पास के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार फिलहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### टाइगर के हमले से गाय घायल



**कालागढ़।** हाईडिल कॉलोनी से नूनगढ़ मंदिर जाने वाले मार्ग पर दोपहर लगभग दो बजे टाइगर ने एक गाय पर हमला कर दिया। गाय की आवाज सुनकर लोग दौड़ पड़े। शोर मचाने पर टाइगर जंगल की तरफ भाग गया, लेकिन टाइगर शिकार करने के लिए बार-बार गाय के स्थान पर चक्कर लगा रहा है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि आए दिन टाइगर और हाथी जंगल से निकल कर कालोनी में प्रवेश कर रहे है। उसके बावजूद वन विभाग के कर्मचारी मूक दर्शन बने हुए है। कॉलोनी में वन्य जीवों को आने से वन विभाग नहीं रोक पा रहा है।

### पिंजरे में फंसा गुलदार

**नूरपुर।** ग्राम रहटा बिल्लौच और आसपास के ग्रामों के खेतों में पिछले कई दिनों से गुलदार की गतिविधियों देखी जा रही थी। कल गांव निवासी जाहिद हुसैन अपने खेत पर सिंचाई करने गए थे। इसी दौरान अचानक गुलदार ने उन पर हमला कर दिया था। हमले में जाहिद हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और गुलदार को पकड़ने के लिए खेत में पिंजरा लगाया था। रात में ही गुलदार पिंजरे में फंस गया। आज सुबह जब किसान खेतों की ओर पहुंचे, तो गुलदार की दहाड़ सुन कर उन्हें उसके पिंजरे में कैद होने की जानकारी मिली। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर लोगों को पिंजरे से दूर रखा। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर गुलदार को पिंजरे सहित अपने कब्जे में ले लिया। चांदपुर रेंज के वन विभाग के अधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि गुलदार मादा है और उसकी उम्र करीब ढाई वर्ष है। विभागीय निर्देश मिलने के बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ जाएगा।

# दो सगे भाइयों के घर में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** ग्राम मीरापुर खादर में आज सुबह दो सगे भाइयों के घरों में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि घरों में रखा सारा सामान, खाने-पीने की सामग्री और 20 हजार की नकदी जलकर राख हो गई। हालांकि, इस घटना में किसी के जान-माल को नुकसान नहीं पहुंचा।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मीरापुर निवासी दयाराम और उनके छोटे भाई दीपक कुमार पुत्र रामकिशन के घरों में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी। दीपक कुमार ने तीन दिन पहले अपने बैल बेचे थे, जिसके प्राप्त 20 हजार रुपए घर में ही रखे हुए थे।

आग की चपेट में ये रुपए भी जल गए। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, लेकिन तब तक स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। फायर ब्रिगेड की मदद से बची हुई आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार : एसएसआई

## ईदुल अजहा पर्व के मद्देनजर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ईदुल अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने तथा शासन की गाइड लाइन का पालन करने की अपील की।

एसपी अभिषेक के निर्देश पर आयोजित बैठक में एसएसआई श्रीपाल सिंह ने मुस्लिम समाज के लोगों से कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष खुले में न फेंकने की अपील की। उन्होंने कहा कि अवशेष इधर-उधर फेंकने से गंदगी फैलती है और आवारा पशु उन्हें सड़कों पर ले आते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान पानी और बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।

एसएसआई श्रीपाल सिंह ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने कहा कि नगर पालिका की ओर से साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से प्रेम, सौहार्द और आपसी सहयोग के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया।

पूर्व चेयरमैन नफीस अहमद कुरैशी ने कहा कि क्षेत्र में हमेशा गंगा-जमुनी तहजीब कायम रही है और सभी समुदाय एक-दूसरे के पर्व मिलजुलकर मनाते आए हैं। उन्होंने सभी हिंदू भाइयों को ईदुल अजहा की मुबारकबाद भी दी।

बैठक में एसआई जयवीर सिंह, डा. तेजपाल सिंह चौहान, मेम्बर कलवा कुरैशी, प्रधान वकील अहमद, पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह चौहान, तसव्वुर कुरैशी, प्रधान रईस वकील, कांग्रेस नेता सरदार गुरविंदर सिंह, अमित चौहान, मोबीन कुरैशी, वहीदुर्रहमान अंसारी, उमर अहमद, ऋषिपाल सिंह, पूर्व प्रधान असलम, शमीम कुरैशी, सभासद मौहम्मद रिजवान, छोटे लाल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खेतों से खनन करने का आरोप

## थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम मीरपुर दुर्ग में 12 बीघा पट्टे की जमीन से जबरन नदी किनारे खेतों में खनन करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसानों ने थानाध्यक्ष नजीबाबाद अमित कुमार को तहरीर देकर आरोपी पट्टा स्वामी व उसके साथियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

किसानों का आरोप है कि पट्टा स्वामी व उसके साथी आसपास के किसानों की जमीनों से भी रात-दिन अवैध खनन कर रहे हैं। कुछ किसानों को सूचना मिली कि उनके खेतों से भी पोकलेन द्वारा खनन हो रहा है। जब किसानों ने अपने खेतों में खनन रोकने को कहा, तो पट्टा स्वामी व अन्य साथियों ने नली, लोहे के रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि पट्टा स्वामी ने अपनी डस्टर गाड़ी से उन्हें कुचलने का प्रयास भी किया। जिससे वह बाल-बाल बचे। इस दौरान फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है।

तहरीर में किसानों ने कहा कि आरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। भविष्य में आने वाले समय में कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। किसानों ने पट्टा स्वामी व उसके अन्य साथियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर पर फैजान, कासिम, शाहनवाज, शहजाद, इरशाद, आसिफ, प्रवीण, अफजाल व अन्य पीड़ित किसानों के हस्ताक्षर हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी देकर बताया कि एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। ग्राम के लोग जो ट्रैक्टर ट्राली से रेत बजरी का खनन करते हैं, उनका कहना है कि पहले हमारा ट्रैक्टर-ट्राली भरा जाएगा, बाद में आपका पट्टा चलने दिया जाएगा। इसी बात को लेकर पट्टा स्वामी व ग्रामीणों में नोक झोंक हुई। फायरिंग की कोई घटना का कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# व्यापारी के साथ धोखाधड़ी

## पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर एक व्यापारी से धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। एक अज्ञात ठग ने खुद को खरीदार बताकर एक व्यापारी से पांच क्विंटल से अधिक सरिया मंगवाया और उसे किसी तीसरे व्यक्ति को सस्ते में बेचकर फरार हो गया। पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मुस्सेपुर पाली निवासी संजीव कुमार, जो कोतवाली रोड पर सरिया और सीमेंट की दुकान चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने पांच क्विंटल 62 किलो सरिये का भाव तय किया। जिसकी कुल कीमत 34,064 रुपए थी। उसने यह सरिया आबिद डीलर आरा मशीन के पास बाईपास पर भेजने को कहा और तुरंत नकद भुगतान का वादा किया। व्यापारी संजीव कुमार ने बताए गए स्थान पर ई-रिक्शा से सरिया भिजवाया। वहां पहुंचने पर ठग ने ई-रिक्शा चालक को बातों में उलझाया और सरिये को नई आबादी कस्बा नहटौर निवासी अल्ताफ फैमिद के सामने अपना माल बताकर उतरवा दिया। इसके बाद आरोपी ने ई-रिक्शा चालक से कहा कि वह नूरपुर रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास खड़ा है और वहीं आकर अपने पैसे ले ले। जब रिक्शा चालक वहां पहुंचा, तो आरोपी का फोन बंद मिला। बाद में पता चला कि ठग ने वह सरिया अल्ताफ को मात्र 20,000 रुपये में बेच दिया था और नकदी लेकर फरार हो गया। व्यापारी संजीव कुमार ने अपने स्तर पर पड़ताल की, जिसमें उन्हें ठग के उत्तराखंड का होने की जानकारी मिली है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति का पता चलने की बात भी कही है। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड के...** पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रह चुके थे। भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र भाजपा नेता मनीष खंडूड़ी ने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये साझा की। वहीं, उनके निधन पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवा. निवृत्त) के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सैन्य जीवन से लेकर सार्वजनिक जीवन तक उनका व्यक्तित्व राष्ट्रहित और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। राजनीतिक जीवन में उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की मजबूत पहचान बनाई। एक जननेता के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और अपनी सादगी, स्पष्टवादिता एवं कार्यकुशलता से लोगों के हृदय में विशेष स्थान बनाया। उनका निधन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। वहीं, उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को देहरादून के बसंत विहार उनके निवास स्थान पर लाया गया।

## उच्चतम न्यायालय के आदेश पर खांडू से इस्तीफा मांगें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ के अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनसे इस्तीफा मांगना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि गत छह अप्रैल को उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को उन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया था।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No Date | 63-DRM-MB-26-27 dt. 19.05.2026 |
| Name of Work | Construction of Pre-Stressed, Precast RCC S&T Buildings in C/W Interlocking of L.C. gates TUV>20000 in the section of ADSTE/MB of Moradabad Division |
| Tender Closing Date | 15/06/2026 |
| Advertised Value (Rs.) | 1,99,68,199.31 |
| Earnest Money (Rs.) | 3,99,400.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 |
| Bidding Start Date | 01/06/2026 |
| Period of Completion | 6 Months |

न 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 19.05.2026 1674/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक जनपद एक व्यंजन से यूपी के पारंपरिक स्वाद को मिलेगी वैश्विक पहचान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को अब ग्लोबल प्लेटफॉर्म मिलेगा। योगी सरकार 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का ब्रांड निर्माण कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाएगी। हाल ही में योगी मंत्रिमंडल ने इस महत्वाकांक्षी योजना को स्वीकृति दे दी है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**

**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना(द्वितीय आंमत्रण)**

पत्रांक :-541/ई0 निविदा/2026-27 दिनांक :-11.05.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा क0सं0-1 पर अंकित कार्य के लिए ए.बी श्रेणी (रोड़ साईनेज श्रेणी) में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेषनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | जनपद मुरादाबाद में प्रान्तीय लोक निर्माण विभाग मुरादाबाद के अन्तर्गत पड़ने वाले मार्गो पर सड़क सुरक्षात्मक का कार्य | 2.46 | 0.25 | 2 माह | 75+500+14 =589 |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 21.05.2026 से 28.05.2026 है जो कि दिनांक 28.05.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.05.2026 को समय दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइटhttp://etender-upp-nic.पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागध्यक्ष के पत्रांक-4650/4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

UPID: 251339 Date: 18/05/2026

Website: www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद (महामहिम राज्यपाल की ओर से)



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा एनआईटी सं. | 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./143 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के मुरादाबाद-सहारनपुर खण्ड में रायसी रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाईन के विद्युतीकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 06 (छः) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 25,12,116.63 |
| 5 | बोली सुरक्षा (नकद/बीजी) राशि | रूपए 50,300/- (बोली सुरक्षा राशि का भुगतान या तो ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में किया जाएगा या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित है। बैंक गारंटी बांड अनुबंध-ए (1) के अनुसार होगा और बोली वैधता अवधि के बाद 90 दिनों तक वैध रहेगा।) |
| 6 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 10.06.2026 समय 15:00 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 10.06.2026 समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 27.05.2026 से दिनांक 10.06.2026 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं: 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./143 दिनांक: 18.05.2026 1661/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मस्ती के पल जिंदगी पर भारी न पड़ जाएं

## रामगंगा नदी में नहाने के दौरान नहीं किया जा रहा निर्देशों का पालन

**इरशाद कुरैशी**

**कालागढ़।** रामगंगा नदी पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गई है। लेकिन यहां पर मौज-मस्ती के दौरान युवकों द्वारा सुरक्षा को लेकर जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

प्राकृतिक सुंदरता, नदी का मनमोहक दृश्य एवं शांत वातावरण लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है, लेकिन यही स्थान सुरक्षा दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील भी है। पुलिस लगातार पर्यटकों से नदी क्षेत्र से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करने एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील कर रही है। इसके बावजूद कई युवक लापरवाही बरतते हुए तेज बहाव एवं गहरे पानी वाले क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं, जो कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है। नदी किनारे एक छोटी सी लापरवाही, परिवार की जिंदगी भर की परेशानी बन सकती है। इसे केवल पुलिस की रोक-टोक या कार्रवाई न समझें, बल्कि अपनी स्वयं की जिम्मेदारी एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता समझें। प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से



बचें, नदी के तेज बहाव एवं गहरे हिस्सों से दूर रहें। इसी क्रम में सेल्फी एवं रील बनाने के दौरान सिरफिरे युवकों ने थार गाड़ी को रामगंगा नदी के पानी में उतार दिया। मंजर देखने में भयानक था। थार को बमुश्किल नदी से बाहर निकल गया। कुछ युवक रील बनाने के चक्कर में रामगंगा नदी में पानी पर बाइक चलाने की बात करते है। मस्ती के चक्कर में युवक आपा खो रहे है। यहां पर नहाने के लिए आने वाली महिलाओं और युवतियों को इनकी वजह से शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। यहां पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात करने की सख्त जरूरत है। वरना किसी दिन कोई बड़ी घटना हो सकती है। पर्यटकों के द्वारा यहां पर गंदगी फैलाई जा रही है। जिससे रामगंगा नदी प्रदूषित हो रही है। थाना अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी एवं वरिष्ठ उपनिक्षक श्रीपाल सिंह का कहना है कि युवाओं को सावधानी बरतें एवं सुरक्षा मानकों एवं पुलिस के निर्देशों का पालन करें।

## रामगंगा नदी से नहा कर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भीषण गर्मी के बीच कालागढ़ में रामगंगा नदी में नहाने जा रहे युवाओं के साथ लगातार हो रहे हादसे चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

इसी क्रम में थाना रेहड़ के ग्राम भगतावाला निवासी 27 वर्षीय अभिषेक पुत्र देवेंद्र आज दोपहर करीब तीन बजे रामगंगा से नहा कर बाइक से घर वापस लौट रहा था। कल्लूवाला मार्ग पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई। हादसे में अभिषेक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरवी 112 पुलिस ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा. मोहित कुमार ने उसे मृत घोषित



कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ग्राम में मातम छा गया।

थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परि. जनों की ओर से तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इन दिनों भीषण गर्मी के चलते बड़ी संख्या में युवक कालागढ़ रामगंगा में नहाने पहुंच रहे हैं। वापसी के दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। अधिकांश मामलों में एक ही बाइक पर तीन से चार युवक सवार होकर तेज गति से वाहन चलाते देखे जा रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते नियंत्रण और सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले दिनों में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। बीते चार दिनों में कालागढ़ से लौटते समय दो युवकों की मौत हो चुकी है, जबकि चार नाबालिग युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## एक नजर

### इंचार्ज अध्यापक निलंबित

**बिजनौर।** बीएसए ने कोतवाली देहात ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय हवंशपुर धारम के इंचार्ज अध्यापक सलाऊद्दीन को निलंबित कर दिया है। स्कूल के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही है। जिसकी चपेट में आकर 13 मई को छात्रा हरीश झुलस गया था। जिसके बाद इस विद्युत लाइन को शिफ्ट करने के लिए आदेश दिए गए थे। बताया जाता है कि जब लाइन को शिफ्ट करने के लिए विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो इंचार्ज अध्यापक ने गेट नहीं खोलने दिया। जिसकी वजह से विद्युत विभाग की टीम वापस लौट गई। उन्होंने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। बीएसए सचिन कसाना का कहना है कि इंचार्ज अध्यापक सलाउद्दीन की वजह से विभाग की छवि खराब हुई है। इंचार्ज अध्यापक सलाउद्दीन को ब्लॉक ससाधन केंद्र अल्हैपुर से सम्बद्ध किया गया है।

### भाईचारे के साथ मनाए त्यौहार



**राजा का ताजपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी लईक अहमद फरीदी ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार सभी आपसी भाईचारे के साथ मनाए। ईदुल अजहा का त्यौहार इंसानियत और भाईचारे का संदेश देता है। ईदुल अजहा पर जिन रास्तों से कुर्बानी का गोश्त आता, उन्हीं रास्ते से लेकर जायें। कोई भी नई परम्परा बिल्कुल भी शुरू न करें। कुर्बानी के अवशेषों को इधर-उधर न फेंके। कुर्बानी के अवशेषों को गहरे गड्ढे में दबा दें। अपने आसपास गंदगी बिल्कुल भी न करें। साफ-सफाई का पूरा ख्याल करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचे। कुर्बानी का गोश्त ढक कर लें कर जायें। ईदुल अजहा का त्यौहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है। उनकी कुर्बानी को तमाम उम्र भुलाया नहीं जा सकता है। हम को भी उनके नक्शे कदम पर जिंदगी गुजारनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम मजहब, मौहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है।

### ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा (पंजी.) उ.प्र. के बैनर तले ब्राह्मण के लोगों ने सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के द्वारा कथित रूप से ब्राह्मण समाज के प्रति कुछ गलत टिप्पणी की निंदा करते हुए जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि इससे सनातन धर्म का अपमान हुआ है। उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मौके पर डा. सतेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, महेंद्र कुमार, पंडित शिव कुमार शास्त्री, सुनीता शर्मा, सुबोध शर्मा आदि मौजूद थे।

### गंगा में डूबा बुजुर्ग



**मंडावर।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए किसान को गंगा में नहाने के लिए उतरा किसान गंगा के गहरे पानी में डूब गया। ग्राम जहांगीरपुर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग हरि सिंह पुत्र घसीटा के अंबिका देवी उर्फ गलखा देवी मंदिर के पास खेत है। आज हरि सिंह अपने खेतों पर रोजमर्रा की तरह काम करने गया था। उनके साथ गांव का ही बिट्टू भी था। दोपहर के समय तेज धूप में गर्मी बढ़ गई। जिससे राहत पाने के लिए हरि सिंह गंगा नदी में नहाने उतर गया। देखते-ही-देखते वे गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हैरानी की बात यह है कि हरि सिंह तैरना अच्छी तरह जानते था। साथी बिट्टू ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और डूबे व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी। स्थानीय गोताखोरों की मदद से हरि सिंह की तलाश जारी है। परिजनों में घटना की जानकारी लगते ही शोक छा गया और कोहराम मच गया।

### पालिका बोर्ड की बैठक स्थगित

**नहटौर।** नगर पालिका परिषद की प्रस्तावित बोर्ड बैठक को अपरिहार्य कारणों से अचानक स्थगित कर दिया गया। बैठक शुरू होने से मात्र दो घंटे पहले मिली स्थगन की सूचना से सभासद हैरान रह गए। नगर पालिका प्रशासन ने विकास कार्यों और जनहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए आज सुबह 11 बजे एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक बुलाई थी। इस बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश और आगामी निर्माण कार्यों जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगनी थी। अब बैठक स्थगित होने से इन विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में और देरी होने की संभावना है। शहर के राजनीतिक गलियारों में इस अचानक स्थगन को लेकर चर्चाएं तेज है। फिलहाल, पालिका प्रशासन की ओर से अगली बैठक की कोई नई तिथि घोषित नहीं की गई है। पालिका ईओ ओम गिरी ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से बोर्ड की बैठक स्थगित की गई है।

## हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि

### तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह

**शेख मौहम्मद युसूफ**

**अफजलगढ़।** खाड़ी देशों में काम करने गए भारतीय नौजवानों की लगातार हार्ट अटैक से हो रही मौतों ने समाज और परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। खासतौर पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए दुबई, सऊदी अरब, कतर, ओमान और कुवैत जैसे देशों में जाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में कम उम्र के कामगारों की अचानक मौत की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं।

इन घटनाओं को लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग अत्यधिक गर्मी, तनाव और अनियमित दिनचर्या को कारण मान रहे हैं, तो कुछ कोरोना काल में लगी वैक्सीन को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि खाड़ी देशों में काम करने वाले अधिकांश युवा कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक काम करते हैं। भीषण गर्मी, लगातार ओवरटाइम, पर्याप्त आराम की कमी, अनियमित खानपान और मानसिक तनाव शरीर पर गहरा प्रभाव डालते हैं। कई बार मजदूर आर्थिक दबाव के चलते बीमारी के शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है।

डॉक्टरों के अनुसार कम उम्र में हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से वृद्धि के पीछे बदलती जीवन शैली भी एक बड़ा कारण है। धूम्रपान, जंक फूड, नींद की कमी, व्यायाम का अभाव और बढ़ता मानसिक तनाव युवाओं के हृदय को कमजोर कर रहा है। विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि कोरोना संक्रमण के बाद कई लोगों में हृदय संबंधी जटिलताएं देखी गई हैं, हालांकि अभी तक ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण सामने नहीं आया है। जिससे यह साबित हो कि कोरोना वैक्सीन सीधे तौर पर हार्ट अटैक का मुख्य कारण है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचना चाहिए और किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिक तथ्यों को समझना जरूरी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञ बार-बार स्पष्ट कर चुके हैं कि कोरोना वैक्सीन ने महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

समाजसेवियों और प्रवासी कामगारों के परिवारों ने सरकार से मांग की है कि विदेशों में काम करने वाले श्रमिकों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही युवाओं को भी अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच कराने और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जा रही है।

## भाजपा नेता मौसम चौधरी ने निभाया वादा

### झुलसे बच्चे के इलाज के लिए दी 50 हजार की सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी एड. ने आग की घटना में झुलसे तीसरे बच्चे ईशान पुत्र इमरान, निवासी मौहल्ला चाहशीरी बी-24, बिजनौर, के इलाज के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

बताया गया कि आग की घटना में गंभीर रूप से झुलसे ईशान के उपचार के लिए परिवार



आर्थिक संकट से जूझ रहा था। इस दौरान भाजपा नेता मौसम चौधरी ने परिवार से किया अपना वादा निभाते हुए बच्चे की मां को इलाज के लिए 50 हजार रुपये सौंपे। इस सहायता से परिवार को उपचार में राहत मिली है। परिजनों ने भाजपा नेता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुश्किल समय में मिली यह मदद उनके लिए बड़ी राहत साबित हुई है।

स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समय में जरूरतमंद परिवार की मदद करना समाज के लिए प्रेरणादायक कदम है।

## फ्लाईओवर के नीचे मालगाड़ी से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**नजीबाबाद।** आज सुबह करीब सात बजे डबल फाटक फ्लाईओवर के नीचे रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर से मुरादाबाद जा रही मालगाड़ी से यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी मालगाड़ी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना प्रभारी कमल किशोर व उप निरीक्षक राहुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को रेलवे ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। कपड़ों व हुलिये को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति भिक्षवृत्ति कर अपना पेट भरता था। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जीआरपी द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

## जर्जर सड़क को तोड़ने का काम शुरु

### जनपद मुख्यालय पर सड़कों की हालत बेहद खराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्थानीय रोडवेज बस स्टैंड के समीप चौराहे से जर्जर सड़क को तोड़ने का काम शुरु हो गया है। यह सड़क बेहद खराब हालत में थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार रोडवेज बस स्टैंड के समीप पूर्व में सीसी रोड का निर्माण कराया गया था। इस सड़क के निर्माण के दौरान बहुत बारिक सरिया भी डाला गया था। लेकिन रेत की मात्रा अधिक और सीमेंट की मात्रा कम होने की



वजह से यह सड़क बनने के बाद ही टूटनी शुरु हो गई थी। इस गहरे-गहरे गड्ढे हो गए थे। जिसमें बरासात का पानी भर जाता था। इधर से गुजरने वाले वाहनों में झटका लगता था। इस सड़क के निर्माण की मांग पिछले काफी दिनों उठ रही थी। जिसे अब पूरा किया जा रहा है। सड़क को तोड़ने का काम शुरु हो गया है। शीघ्र ही इसका निर्माण शुरु हो जाएगा।

दूसरी तरफ डीएम आवस तिराहे से कप्तान साहब की मजार होते हुए जजी चौक तक की सड़क के निर्माण के लिए भी नगर पालिका ने कवायद शुरु कर दी है। इसके लिए 47 लाख रुपए की कार्ययोजना बनाकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी गई है। हालांकि इस सड़क के निर्माण की ज्यादा जरुरत नहीं है। जिन सड़कों से अधिकारी गुजरते हैं, उन पर तो ध्यान दिया जाता है, लेकिन गरीबों व आम आदमियों के मौहल्लों की सड़कों की हालत बद से बदतर है। उनके निर्माण की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गरीबों के मौहल्लों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। यहां नालियां काफी छोटी और गंदगी से भरी हुई हैं। यहां पर नालों के निर्माण की जरुरत है। लेकिन अधिकारी दोहरा मापदंड अपना रहे हैं।

## मॉडर्न एरा में बैगलेस-डे मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के वैली ऑफ फ्लॉवर्स विंग में बैगलेस डे एक्टिविटी का उत्साह एवं उमंग के साथ आयोजन किया गया। यह आयोजन नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें कौशल आधारित, व्यवहारिक एवं आनंदमय शिक्षा प्रदान करना है।

इस विशेष दिवस पर बच्चों ने कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि में चना चाट, भेलपुरी, मोनैको टॉपिंग्स, शिकंजी, रसना एवं रूह अफजा बनाकर अपनी रचनात्मकता और टीमवर्क का सुंदर प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर ट्रेन झूला, टग ऑफ वार एवं जंपिंग झूले जैसी मनोरंजक गति. विधियों ने बच्चों के उत्साह को दोगुना कर दिया।

आज बच्चों के चेहरों पर अलग ही खुशी देखने को मिली, क्योंकि यह दिन उनके लिए किताबों और भारी बैग के बोझ से दूर, सीखने और आनंद का अनोखा संगम बन गया।

विद्यालय की प्रसचार्या डा. सीमा विश्वास ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में पूरे वर्ष 10 बैगलेस डे आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से बच्चों को कोऑर्डिनेशन, प्रैक्टिकल नॉलेज एवं वोकेशनल स्किल्स से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम विंग कॉर्डिनेटर रेनू भगत के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बाल वाटिका-1 से कक्षा 5 तक की सभी अध्यापिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा।

## उलेमाओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

### ईद उल अजहा पर सफाई, जलापूर्ति व सड़कों की हालत सुधारने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली के नेतृत्व में जनपद के उलेमाओं ने डीएम जसजीत कौर को ज्ञापन देकर ईद उल अजहा के मद्देनजर सफाई, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति एवं सड़कों की हालत में सुधार कराने की मांग की है। साथ ही कुर्बानी के पशुओं को लेकर आने वालों को पुलिस द्वारा परेशान न किए जाने की मांग भी उठाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली, चांदपुर के शहर काजी मुफ्ती मौहम्मद आमिर, शेरकोट के शहर काजी मौलाना अमान उर रब, शहर काजी नजीबाबाद काजी अफ्फान उल



हक, जमीयत उलेमाए हिंद किरतपुर के अध्यक्ष काजी हारिस अली, बिजनौर की मस्जिद उमर फारूख के इमाम मुफ्ती मौहम्मद वकार, काजीपाड़ा के मौहम्मद आसिम आदि ने डीएम जसजीत कौर एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाए। कुर्बानी के मौके पर विभिन्न वाहनों से बाहर से पशु आते हैं। इन वाहनों को ना रोका जाए और आसानी से जनपद में आने दिया जाए।

28 मई को ईद उल अजहा का त्यौहार है और तीन दिन कुर्बानियां होंगी। जनपद में प्रवेश के जितने भी चेकपोस्ट हैं, वहां पर इस सम्बंध परेशान न करने की हिदायत दी जाए। कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों को तत्काल उठाने के लिए नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए जाए। जिन ईदगाहों एवं मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी, वहां के सभी मार्गों की मरम्मत व सफाई कराकर नमाजियों के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। ईद के तीन दिनों तक जलापूर्ति, सफाई एवं विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जाए। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाए, ताकि वह कोई नापाक हरकत न कर सके। जेल में बंद मुस्लिम कैदियों के लिए जेल में नमाज पढ़ने का प्रबंध किया जाए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
‘शाह टाइम्स’
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# रेलवे स्टेशन के नए भवन में बड़ा हादसा टला

## तीसरी मंजिल से गिरा भारी पत्थर, मासूम बाल-बाल बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से नवनिर्मित धामपुर रेलवे स्टेशन भवन के उद्घाटन से पहले ही निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती रात स्टेशन परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भवन की तीसरी मंजिल पर लगा एक बड़ा पत्थर अचानक टूटकर नीचे प्लेटफॉर्म क्षेत्र में आ गिरा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि एक मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया।





प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर रेलवे स्टेशन का नया भवन बनकर पूरी तरह तैयार है और इसके उद्घाटन की तैयारी चल रही है। इसी बीच रात में अचानक भवन की तीसरी मंजिल पर लगा भारी पत्थर टूटकर नीचे गिर पड़ा। बताया जाता है कि जिस समय यह घटना हुई, उसी दौरान एक ट्रेन प्लेटफॉर्म नंबर दो पर आने वाली थी, जिसके चलते अधिकांश यात्री प्लेटफॉर्म नंबर दो की ओर मौजूद थे।

इसी दौरान एक बच्चा अपने परिजनों के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक की ओर से गुजर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गिरा हुआ पत्थर बच्चे को छूते हुए नीचे गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। यदि उस समय वहां अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में मलबा हटाने का कार्य शुरू कराया गया और कुछ ही मिनटों में गिरे हुए पत्थर के टुकड़ों को हटवा दिया गया। सूत्रों के मुताबिक निरीक्षण के दौरान पता चला कि कुछ अन्य पत्थर भी ढीले अवस्था में थे और उनके गिरने की आशंका थी। सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर रात में ही उन पत्थरों को भी हटवा दिया गया। रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों के बीच निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर चर्चा होती रही। वहीं यह भी चर्चा रही कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, हालांकि अधिकारियों की ओर से सुरक्षा को लेकर सतर्कता भी दिखाई गई। स्टेशन मास्टर ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल विभागीय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है और मामले की जानकारी संबंधित विभाग तक पहुंचा दी गई है।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब उद्घाटन से पहले ही इस तरह की घटना सामने आ रही है, तो यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है। लोगों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## एक नजर

### तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा सम्मानित



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर निवासी तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता को मथुरा की सांसद ने सम्मानित किया। निष्ठा फिलहाल मथुरा में रहकर तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। ग्राम शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता को सोमवार को मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने सम्मानित किया। निष्ठा ने हाल ही में दिल्ली में संपन्न हुई फाइनल वूमेन नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में रजत पदक प्राप्त किया था। इससे पहले निष्ठा ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित अंडर-15 तीरंदाजी प्रतियोगिता में नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने अपने आवास पर निष्ठा को सम्मानित किया और निष्ठा की पीठ थपथपाई। हेमा मालिनी ने निष्ठा को प्रोत्साहित किया। इस दौरान निष्ठा के कोच योगेंद्र सिंह राणा मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर



**हीमपुर दीपा।** विद्युत विभाग की लापरवाही यूं तो समय-समय पर ऊजागर होती रहती है। परन्तु अपनी नाकामी और लापरवाही को बीच सड़क पर प्रदर्शित करना यह घोर लापरवाही का जीता जागता उदाहरण है। दरअसल बीते दिनों आए तूफान से जहां कुछ विद्युत पोल उखड़ गए तो कुछ लाइन भी टूट कर सड़क पर गिर गई। जिन्हें विद्युत विभाग बीरबल की खिचड़ी की तरह दोबरा सही करने में जुटा है। एक सप्ताह से जहां ग्रामीणों को घंटे दो घंटे किश्तों में लाइट दी जा रही है, वहीं इस लाइन को ग्रामीणों को साथ में लगाने के बाद भी विद्युत लाइनमैन ठीक करने को तैयार नहीं है।

# विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने के बाद प्रदेश में भी आने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है।



नूरपुर विधानसभा में आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों के संभावित प्रत्याशियों ने अपने-अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। कई नेताओं ने पाले बदलने शुरू कर दिए हैं। नूरपुर विधानसभा से बसपा भी अपने प्रत्याशी का बहुत जल्दी ऐलान करने वाली है। ऐसा लगता है कि बसपा अब की बार विधानसभा नूरपुर में चौहान बिरादरी पर अपना दावा लगा सकती है। उसके लिए चौहान बिरादरी के सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष लोकेंद्र चौहान भी बसपा में शामिल होकर अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। लोकेंद्र चौहान नामचीन चेहरा है। लगभग बीस साल से राजनीति कर रहे है। पूर्व में बसपा के 2007 से 2014 तक मंडल कोऑर्डिनेटर रहे। वह नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोक. प्रिय नेता हैं। उनकी साफ सुथरी छवि है। अगर आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा ने लोकेंद्र चौहान को अपना प्रत्याशी बनाया, तो पार्टी को चुनाव जीतने में कामयाबी मिल सकती है। उनकी अपनी चौहान बिरादरी के अलावा दूसरी बिरादरियों में अच्छी खासी पकड़ है। वह सर्व समाज के नेता के रूप में जाने जाते हैं। वह हर वक्त गरीबों, बेसहारों और कमजोरों की मदद करने से नहीं चूकते है। इसीलिए अगर बसपा हाईकमान ने उनको अपना आशीर्वाद देकर प्रत्याशी बनाया, तो समझो नूरपुर विधानसभा सीट जीतने में कामयाब हो जायेगी। बसपा के बड़े नेता बूथ चलों अभियान कार्यक्रम चला कर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं। बसपा का अगले महीने से प्रदेश बचाओ- बसपा को लाओ, कार्यक्रम शुरू होने वाला है। सूत्रों का कहना है कि उनके नाम का ऐलान बसपा बहुत जल्दी कर सकती है। लोकेंद्र चौहान को अगर टिकट मिलता है, तो चुनाव के समीकरण बिल्कुल बदल जायेंगे। आजाद समाज पार्टी भी अपना चौहान बिरादरी का प्रत्याशी उतारने के चक्कर में है। वैसे तो सपा से वर्तमान विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने मजबूत दावेदारी की है। उन्हें टिकट मिलना तय है। भाजपा से सीपी सिंह, पुष्पेंद्र सिंह शेखावत और ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान दावेदारी कर रही है। आजाद समाज पार्टी से गौहर इकबाल, सलीम अहमद अंसारी, हाजी उस्मान अंसारी आदि भी चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में अब की बार घमासान देखने को मिलेगा।

# थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना प्रांगण में आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।



बैठक में एसडीएम नजीबाबाद आशुतोष जयसवाल ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर बिजली, सफाई एवं पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने कहा कि ईद का त्यौहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। सभी लोग मिलजुलकर पर्व मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें। नगर में बिजली, सफाई और पानी की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

वहीं सीओ नजीबाबाद अंजनी कुमार ने कानून व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी को भी माहौल खराब करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीओ अंजनी कुमार ने कहा कि ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सोशल मीडिया पर कुर्बानी आदि की पोस्ट करने वालों को भी कड़े शब्दों में चेताया। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरी तरह सतर्क है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम नजीबाबाद आशुतोष जयसवाल ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज दीपक नागर, नगर पालिका परिषद किरतपुर के बड़े बाबू हसन मुस्तफा, जिला पंचायत सदस्य फुरकान एड., आसपा नेता मुदस्सिर जमा खान, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, मौहम्मद मेहरबान, याकूब मलिक, सचिन अग्रवाल, मुशैब सिद्दीकी, रोहिल खान, शरीफ मलिक, फराज अहमद, दिव्यम अरोड़ा, इसरार जैदी, शेख जाहिद हुसैन, जमीयत उलेमा किरतपुर के नगर अध्यक्ष काजी हारिस अली, डॉ. मोअज्जिजयार खान, ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष डॉ. एहसान उल करीम, सेक्रेट्री मजहर नामी, मास्टर नवेद, डॉ. अतहर नसीम, सभासद हाफिज अकबर, ग्राम प्रधान वसीम राजा, कैलाश सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान मौहम्मद आजम सहित बड़ी संख्या में उलेमा, जनप्रतिनिधि एवं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद को ठाकुरद्वारा जाने से रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मुरादाबाद जनपद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र में वंचित समाज के लोगों के साथ कथित मारपीट एवं मुकदमें दर्ज किए जाने के विरोध में मंगलवार को सांसद चंद्रशेखर आजाद ठाकुरद्वारा जाने के लिए रवाना हुए, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें स्योहारा क्षेत्र में रोक लिया गया।



## शुगर मिल गेस्ट हाउस में प्रशासन से वार्ता

प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद को पहले धामपुर क्षेत्र के नूरपुर रोड स्थित ग्राम जैतरा में उनके आवास पर नजरबंद किया गया था। कुछ समय बाद वह वहां से निकलकर स्योहारा पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकते हुए स्योहारा शुगर मिल परिसर स्थित गेस्ट हाउस ले जाया गया। गेस्ट हाउस में एएसपी पूर्वी अमित श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सांसद से लंबी वार्ता चली। प्रशासन द्वारा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें ठाकुरद्वारा जाने से रोकने की कार्रवाई की गई।

बताया जाता है कि 16 अप्रैल को ठाकुरद्वारा क्षेत्र में वंचित समाज के लोगों पर हमले तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान का मामला सामने आया था। जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई थी। सांसद चंद्रशेखर आजाद का आरोप है कि पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के बजाय उनके समर्थकों पर ही मुकदमें दर्ज किए गए हैं। स्योहारा में सांसद के पहुंचने की सूचना मिलते ही पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस परिसर में एकत्र हो गए। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया और पूरे क्षेत्र में सतर्कता बरती गई।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन चांदपुर शेरबाज पठान, चेयरमैन नजीबाबाद मौअज्जम अली खान, गौहर इकबाल, पूर्व चेयरमैन झालू शहजाद अहमद, परवेज पाशी, पूर्व चेयरमैन बढ़ापुर मौहम्मद असलम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, ओमपाल बालियान, शिवचरण सिंह, ललित कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, सतेन्द्र कुमार, प्रदेश सचिव आरिफ मलिक, तहसील अध्यक्ष लवलित सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशासन और सांसद के बीच वार्ता के बाद स्थिति सामान्य बनाए रखने को लेकर चर्चा हुई।

## एक नजर

### बुखारा के कासिम पर हमला

**बिजनौर।** मौहल्ला बुखारा के तेजतर्रार यू-ट्यूबर मौहम्मद कासिम अंसारी पुत्र इमामुद्दीन पर आज शाम बिसमिल्ला मस्जिद के समीप उवेस उर्फ बुल्ली ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से हमला बोल दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए उन्होंने पुलिस को तहरीर दे दी है। उन पर हमले से मीडिया जगत में रोष है।

### आम के बाग में मिला सलोनी का शव

**हीमपुर दीपा।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बमरोला में 17 वर्षीय सलोनी कल दोपहर करीब एक बजे से गायब थी, जिसे आज सुबह किसी समय गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित जब बाग स्वामी ने बाग में पड़े देखा, तो ग्राम प्रधान को सूचना दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीओ देश दीपक सिंह ने भी घटनास्थल निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका युवती के पिता राजू ने बताया कि वह परिवार सहित मजदूरी के लिए चांदपुर गए हुए थे। घर पर सलोनी और उसकी भाभी ही मौजूद थे। शाम को घर पहुंचने पर उन्हें सलोनी के गायब होने की सूचना मिली। जिसके बाद सलोनी को चारों ओर ढूंढा गया, परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिला। सुबह होने पर बाग स्वामी ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। जिसके बाद सलोनी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। उधर परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर रंजिशन हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या का केस मान रही है। वहीं सूत्र बताते हैं कि सलोनी ने इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है जिसमें वह पास हो गई थी। इसीलिए उसके पास आत्महत्या की कोई वजह नहीं थी। वहीं मृतका के परिजन बताते हैं कि बाग में शव लटकी हुई अवस्था में नहीं मिला। शव बाग में नीचे पड़ा हुआ था जिसके मुंह पर दुपट्टा डाला हुआ था। सीओ देश दीपक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो ट्रैक्टर ट्राली सीज

**हीमपुर दीपा।** बिजनौर- चांदपुर मार्ग से गुजर रहे सीओ देश दीपक सिंह की नजर जैसे ही वहां से गुजर रहे ओवर स्पीड, ओवर हाइट और ओवरलोड लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली पर पड़ी, तो उन्होंने तत्काल हीमपुर दीपा पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। आदेश मिलते ही दरोगा रजत चौधरी दोनों ट्रैक्टरों को रुकवाते हुए थाने ले गए जहां नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया गया। बता दें कि बीते दिनों ऐसे ही लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली ने थाना क्षेत्र के ही ग्राम तिगरी में बाप बेटी की जान ले ली थी तो दादी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसमें जाम खुलवाने के लिए परिजनों को समझाने में सीओ ने कड़ी मेहनत की थी।

## डीएम को सौंपा स्मरण पत्र

**बुढ़नपुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, शाखा बिजनौर द्वारा सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता एवं डीएम को स्मरण पत्र सौंपा गया। परिषद ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में लगातार लापरवाही बरती जा रही है तथा वार्ता के लिए समय तक नहीं दिया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। परिषद के जिलाध्यक्ष धीरज सिंह एवं जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा द्वारा दिए गए पत्र में बताया गया कि कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता गंभीर नहीं है। अपनी हठधर्मिता के कारण माह जून 2025 से अब तक 10 माह हो चुके हैं, परंतु कर्मचारियों का एसीपी का लाभ अभी तक नहीं दिया गया है। जबकि गठित समिति की संस्तुति के आधार पर इनके द्वारा एसीपी के कार्यालय ज्ञाप आदेश 23 फरवरी 2026 को कर दिए गए थे। फरवरी से अब तक चार माह हो चुके हैं परंतु वेतन में नहीं लगाया गया है।

# विधायक तसलीम अहमद ने 60 से अधिक सड़कों-पुलों के निर्माण के लिए शासन को लिखा पत्र

## वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र की जर्जर सड़कों और बरसात में आवागमन की समस्या को देखते हुए विधायक तसलीम अहमद ने प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर 60 से अधिक संपर्क मार्गों, लघु सेतुओं और पुलियों के निर्माण- मरम्मत की मांग की है। विधायक ने भेजे गए अलग-अलग पत्रों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में इन कार्यों की स्वीकृति देने का अनुरोध किया है।

विधायक ने बताया कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के कई संपर्क मार्ग पूरी तरह कच्चे हैं। नदियों-बरसाती नालों पर पुल न होने से वर्षा के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत होती है। कुछ मार्गों की चौड़ाई कम होने से भी रोजाना जाम और दुर्घटना की स्थिति बनती है।

विधायक तसलीम द्वारा किरतपुर-मौजमपुर मंडावली मार्ग, मंडावली-हरेवली मार्ग, छोइया नदी पर बौरेकी-रानीपुर व शेखपुर लाला मार्ग पर पुल।

पुलिया मरम्मत के अंतर्गत नजीबाबाद-झक्काकी जोगीरम्पुरी मार्ग, नजीबाबाद-जोगीरम्पुरी रायपुर मार्ग किमी 9 पर ह्यूम पाइप पुलिया। नजीबाबाद स्थाई बाईपास (कांवड़ मार्ग) को 4 लेन, नजीबाबाद-बुन्दकी-नगीना मार्ग, मण्डावली-मौजमपुर मार्ग, बीएनएन किमी 29 से पूंडरीखुर्द मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की गई। इसके अलावा चिड़ियापुर-समीपुर एनएच-534 से रामपुर चाठा, एनएच-734 से मिर्जापुर उर्फ प्रीतमगढ़, लालपुर मान से महेसापुर दिनौड़ी मार्ग, एनएच-119 से चन्दनपुरा मार्ग सहित 50 से अधिक संपर्क मार्ग के नवनिर्माण कराया जाएगा। विधायक तसलीम अहमद ने सभी पत्रों की प्रतिलिपि अधिशासी अभियंता, लोनिवि निर्माण खण्ड-2, बिजनौर को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों ग्रामीण आवागमन करते हैं। स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद बिजनौर )**

संख्या: 18/न.पा.परि.बि./2026-27, दिनांक:- 18.05.2026

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा**-143 (1)/147 (1) **नगर पालिका अधिनियम**-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-392 मौहल्ला सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती सुषमा शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में अंकित स्वामी के द्वारा रजि.-बसीयत श्री सुमित भारद्वाज पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा के हक में किया है, रजि.-बसीयत एवं शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**KRISHNA COLLEGE OF SCIENCE & INFORMATION TECHNOLOGY**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1.B.B.A.
2.B.Sc. (Microbiology)
3.B.Com. (Computer)
4.M.Com.
5.M.S.W.
6. M.Sc. (Physics)
7.M.Sc. (Maths)
8.M.Sc. (Home Science)

**Qualification:** As per UGC/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at*
***krishnacollegebijnor@gmail.com***

**KRISHNA COLLEGE OF LAW**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
**LL.B.**

**Qualification:** As per UGC/BCI/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at*
***kclbijnor@gmail.com***

**KRISHNA INSTITUTE OF SCIENCE**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1. B.Sc. (Hons.) : Zoology, Botany, Chemsitry, Mathematics & Physics.
2. B.Com. (Hons.)

**Qualification:** As per UGC/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Chairman or mail at*
***krishnainstituteofscience@gmail.com***

**सूचना**

मैं अवनीश कुमार अग्रवाल (टांडे वाले) पुत्र श्री सूरज प्रकाश अग्रवाल की फैक्ट्री देवाश्री आयरन एण्ड स्टील प्रा.लि. रायपुर रोड इब्राहीमपुर राजू नजीबाबाद में सहायक के रूप में कार्य करता था। जिसकों मैंने दिनांक 01 जनवरी 2026 से पूर्ण रूप से छोड़ दिया है। 01 जनवरी 2026 से मेरा उपरोक्त फैक्ट्री के किसी भी कार्य से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध, ताल्लुक वास्ता नहीं है। इनके किसी भी सही व गलत प्रकार के कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

**राजीव भारद्वाज पुत्र सुरेश भारद्वाज निवासी मौहल्ला सन्तोमालन, कस्बा, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर, वर्तमान पता पारसलोक कॉलोनी, बुन्दकी रोड नजीबाबाद, जिला बिजनौर, उ.प्र.**
आधार नं. 9989 8783 8939 मो. नं. 9012400101

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पहले नाम शारिक (SHARIQ) था। जिसको बदल कर अपना नाम मुहम्मद शारिक (MUHAMMAD SHARIQ) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मुहम्मद शारिक (MUHAMMAD SHARIQ) के नाम से जाना पहचाना जाये।

**मुहम्मद शारिक पुत्र शाकिर निवासी ग्राम मुस्तफापुर तैय्यब, थाना शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.**

## एक नजर

### लाइनमैन की करंट लगने से मौत



**चांदपुर।** ग्राम पीपलसाना स्थित 11 केवीए विद्युत लाईन पर काम कर है एक संविदाकर्मी लाईनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से पॉवर हाउस पर हड़कम्प मच गया तथा अधिकारी मौके पर पहुंचे और लाईन पर काम कर रहे संविदाकर्मी ग्राम खानपुर खादर निवासी कमल कुमार के शव को नीचे उतरवाया तथा उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मृतक कमल के परिजनों ने बिजली घर पहुंचकर हंगामा शुरु कर दिया तथा कमल को जान बूझकर लाईन पर चढ़ाने का आरोप लगाते हुए उसे मारने का आरोप लगाया। इस बाबत विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा काफी समझाने के बाद भी मृतक के परिजन नहीं माने और स्याऊ सीएचसी के सामने जाम लगा दिया। जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से खुलवाया गया। उधर मृतक के परिजन व रिश्तेदार मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे।

### विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग



**धामपुर।** भीषण गर्मी के बीच नगर में लगातार हो रही बिजली ट्रिपिंग और अघोषित कटौती को लेकर नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। समाजसेवी विजय कुमार जैन के नेतृत्व में नागरिकों ने उपखंड अधिकारी विद्युत को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि एक ओर तेज गर्मी से लोग बेहाल हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग रात में बार-बार ट्रिपलिंग और दिन में सप्लाई फेल होने का हवाला देकर घंटों कटौती कर रहा है। इससे आमजन, व्यापारी और विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि बिना किसी तय समय के बिजली आने-जाने से घरों के उपकरण भी खराब हो रहे हैं और पेयजल संकट गहराने लगा है। विजय कुमार जैन ने मांग की कि विभाग निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही कटौती करे तथा बार-बार होने वाली ट्रिपिंग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र कारीगर, पुष्पेंद्र, संयम जैन, विकास समेत कई नागरिक मौजूद रहे।

### पेड़ी गन्ना फसल का निरीक्षण



**धामपुर।** शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष ने किया गांवों का भ्रमण, गन्ना फसल के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने नहटौर जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवादा तुल्ला, सुमालखेड़ी सहित अन्य गांवों का भ्रमण कर संतकालीन गन्ना बुवाई एवं पेड़ी गन्ना फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गन्ना फसल की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक उपाध्यक्ष ने गन्ना फसल को कीटों से सुरक्षित रखने के लिए लाइट ट्रैप एवं फेरोमोन ट्रैप लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल में टॉप बोरर के प्रकोप को कम करने के लिए CTPR, नेटजन और बोलियम की ड्रेंचिंग कराना आवश्यक है, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके और उत्पादन में वृद्धि हो। इस मौके पर किसानों को सलाह दी गई कि गन्ना फसल की बेहतर बढ़वार और अधिक उत्पादन के लिए खेतों में एन.पी.के. 20:20:20 का स्प्रे करें तथा आवश्यकता अनुसार यूरिया का प्रयोग करें।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेरी गन्ना समिति



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कार्यकर्ताओं ने गन्ना समिति कार्यालय में सचिव का घेराव करते हुए गन्ना पर्यवेक्षक परमजीत सिंह पर अपने खाद स्टोर से प्राईवेट कम्पनी की दवाई बेचने और दूसरे स्टोर संचालक पर किसानों के नाम फर्जी तरीके से खाद बीज/लोन चढ़ाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विनीत कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम पृथ्वीपुर ने सात मई को अंथाई गन्ना समिति स्टोर से एक किलो ग्राम दवाई ली थी। जिसका भुगतान चैक नम्बर 263992 के द्वारा किया गया। उसके बाद भी आधार नम्बर लिया और मशीन पर अंगूठा लगवाया था। कुछ समय पश्चात उनके मोबाईल नम्बर पर मैसेज आया, जिसमें पांच कट्टे डीएपी व के लिए हैं। जबकि डीएपी खाद खरीदा ही नहीं था। जिसकी मौखिक शिकायत गन्ना समिति सचिव को दे दी गई थी। बावजूद इसके उस पर बकाया निकाली गई है। शिकायत में कहा गया है कि स्टोर संचालक परमजीत सिंह के द्वारा अपनी प्राईवेट कम्पनी की दवाई किसानों को जबरन थोपी जा रही है। किसानों ने मशीन से किसानों को तुरंत पर्ची जारी किए जाने, दिनभर की खाद व दवाई की बिक्री का रिकार्ड प्रतिदिन समिति द्वारा चैक किए जाने, समिति स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी मांग की गई। ज्ञापन पर अरविंद कुमार ब्लाक सचिव, इरफान अहमद, फैज कुरैशी एड., मौहम्मद आसिफ, विनीत कुमार, लाला सिंह, संजीव कुमार, राकेश कुमार, अमरपाल सिंह, ध्यान सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर है। सचिव गन्ना समिति जितेंद्र कुमार ने किसानों की बात को गंभीरता से सुना और कहा कि ऐसा है तो कार्यवाही की जाएगी।

# दलित उत्पीड़न प्रकरण ने तूल पकड़ा

## सांसद चंद्रशेखर को पुलिस ने रोका, पीड़ित परिवार से दूसरी जगह कराई मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ठाकुरद्वारा में दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न के मामले ने सोमवार को उस वक्त राजनीतिक तूल पकड़ लिया, जब नगीना सांसद व आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को ठाकुरद्वारा जाने से पुलिस ने रोक दिया। कई घंटों तक चले हाई-वोल्टेज घटनाक्रम के बाद पुलिस और सांसद के बीच सहमति बनी, जिसके तहत पीड़ित परिवार की मुलाकात किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर सांसद से कराई गई। इसके बाद सांसद अपने काफिले के साथ रवाना हुए।



प्राप्त समाचार के अनुसार ठाकुरद्वारा क्षेत्र में एक दलित परिवार के साथ कथित उत्पीड़न और मारपीट की घटना सामने आई थी। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें पीड़ित परिवार ने अपनी व्यथा जाहिर की। यह वीडियो सामने आने के बाद नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर हालात का जायजा लेने का निर्णय लिया।

हालांकि, सांसद के ठाकुरद्वारा रवाना होने से पहले ही धामपुर स्थित उनके जैतरा आवास पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अभय पांडे, कोतवाल मृदुल कुमार तथा स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था और संभावित तनाव का हवाला देते हुए सांसद को सीधे गांव जाने की अनुमति नहीं दी।

करीब दो घंटे तक चली वार्ता के दौरान पुलिस प्रशासन ने सांसद को समझाया कि पीड़ित और दूसरे पक्ष के लोग एक ही गांव के रहने वाले हैं, ऐसे में उनके गांव पहुंचने से तनाव बढ़ सकता है। काफी चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि पीड़ित परिवार को किसी अन्य स्थान पर बुलाकर सांसद से मुलाकात कराई जाएगी, ताकि वे अपनी बात सीधे सांसद के सामने रख सकें।

इस दौरान सांसद चंद्रशेखर आजाद ने शाह टाइम्स से बातचीत में कहा कि उन्हें पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत मिली थी कि उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बात कर शिकायत दर्ज कराने की पहल भी की थी, लेकिन इसके बाद भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। सांसद ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो देखकर वे बेहद व्यथित हुए और तुरंत पीड़ित परिवार से मिलने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा, मेरे रहते किसी भी दलित परिवार के साथ अन्याय और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी जिम्मेदारी है।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया। सांसद समर्थकों और आसपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। सांसद आवास के बाहर समर्थकों की भीड़ जुटी रही और माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

मौके पर आजाद समाज पार्टी के सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, परवेज पासी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी गौहर इकबाल, सतीश कुमार, शेरबाज पठान, दीपक कुमार, नजीबाबाद नगर पालिका अध्यक्ष मुअज्जम खां, जिला उपाध्यक्ष फहीम राईन, फिरासत हुसैन समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैवाहिक विवादों का समाधान मध्यस्थता से संभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माह मई के एक्शन प्लान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार धामपुर स्थित महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में 'मुक. दमेबाजी से पूर्व वैवाहिक विवादों का निपटारा मध्यस्थता द्वारा' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण और आपसी सहमति से समाधान के प्रति जागरूक करना था।




महिला पुलिस चौकी में साक्षरता शिविर

इस मौके पर पीएलवी जयवीर सिंह ने कहा कि वैवाहिक और पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी बातचीत, मध्यस्थता और परामर्श केंद्रों के माध्यम से करना अधिक प्रभावी होता है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक तनाव से भी राहत मिलती है।

एसआई सीमा खोखर ने बताया कि घरेलू हिंसा, तलाक और दहेज से संबंधित विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता एक स्वैच्छिक एवं गोपनीय प्रक्रिया है। इसमें पति-पत्नी को बिना किसी पूर्वाग्रह के खुलकर अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है, ताकि दोनों पक्षों की सहमति से सकारात्मक समाधान निकाला जा सके। एसआई शिवानी चौहान ने कहा कि परामर्श केंद्र की टीम पति-पत्नी के बीच उत्पन्न गलतफहमियों, अहंकार और संवादहीनता को दूर कर रिश्तों को बचाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मतभेद यदि समय रहते बातचीत से सुलझा लिए जाएं तो परिवार टूटने से बच सकते हैं।

शिविर में आशा देवी, सविता, ललिता, शम्मा खातून, नूरजहां, मकसूदा, शाहनवाज सहित अन्य लोगों ने भाग लेकर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में वैवाहिक विवादों के समाधान के लिए कानूनी सहायता और मध्यस्थता की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

# पर्यावरण प्रेमी यमुना ढकाल का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** विश्व पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारत भ्रमण पर निकली नेपाल की प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेविका समिति नेपाल की सक्रिय सदस्य यमुना ढकाल का विभिन्न शिक्षण संस्थाओं मे भव्य स्वागत किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंची नेपाल की प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय सेविका समिति नेपाल की सक्रिय सदस्य यमुना ढकाल का शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम उनके पर्यावरण अभियान का 101वां आयोजन रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यमुना ढकाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। उन्होंने भारत और नेपाल की सांस्कृतिक व प्राकृतिक एकता का उल्लेख करते हुए दोनों देशों को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। पर्यावरणविद् सुबोध कुमार वर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की अपील की। कार्यक्रम में सामा. जिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़ी इन्दु वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक विषय हैं तथा समाज को दोनों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।अंत में विद्यालय परिवार और अतिथियों ने सामूहिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, कैलाश चंद्र, विजयपाल सिंह, मौहम्मद नफीस अंसारी, शकील अहमद, सुरेंद्रपाल, रिहान अहमद, रईस अहमद, मौहम्मद आलम अंसारी, मौहम्मद रिजवान, अरशद हुसैन खां, मौहम्मद शहजाद, अबरार अहमद आदि स्टाफ मौजूद रहा। वहीं नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कालेज मे भी यमुना ढकाल का भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके प्रधानाचार्य राजेश कुमार, उप प्रधानाचार्य विनीत कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, देवेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, इदरीश अहमद, शैलेश यादव, जाबिर अली, मुजीब अहमद, संजय कुमार, मौहम्मद सलीम, शोमा रानी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का मंगलवार को धामपुर स्थित एक रिसॉर्ट में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी' ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन में हर कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी दोनों मिलती हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और कार्यपद्धति से और अधिक मजबूत करना है।

एमएलसी अशोक कटारिया ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका निरंतर परिश्रम और राष्ट्रहित में समर्पण सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, हरिश ठाकुर, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, महेंद्र धनौरिया, सुभाष चौहान, राजू गुप्ता, दीपक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी, अभिषेक राजपूत सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### गेस्ट हाउस में तोड़फोड़ व मारपीट

**चांदपुर।** स्थानीय मौहल्ला कायस्थान निवासी सविता वर्मा पत्नी विनय कुमार वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दत्तियाना रोड पर वाटिका के नाम से उनका गेस्ट हाउस है। जिसका संचालन वह खुद करती है। 16 मई को उनके गेस्ट हाउस पर शाम लगभग चार बजे सुमित उर्फ मामू पुत्र नामालूम निवासी ग्राम मंसूरपुर, विशाल उर्फ लोहरा पुत्र नामालूम निवासी कस्बा स्योहारा व दो अन्य लोग आए और गेस्ट हाउस के मैनेजर सोनू को बुलाया तथा कहा कि तुम्हे नीचे बुलाया जा रहा है, जल्दी जाओ और सुनो क्या है, सोनू द्वारा मना करने पर इन लोगों ने गेस्ट हाउस में तोड़फोड़ कर दी तथा मारने पीटने लगे। साथ ही जान से मारने की की धमकी देने लगे। सूचना पर पाकर जब वह मौके पर पहुंची, तो उन्होंने उनके साथ भी धक्का मुक्की की तथा जाते समय इन लोगों ने गेस्ट हाउस ऑफिस में रखा फायर अलार्म भी तोड़ डाला तथा प्रिंटर्स आदि को भी तोड़ दिया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 292/2026 धारा 115(2), 324(2), 351(2)/ बीएनएस में दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### डॉ. कमाल अहमद के सम्मान में मुशायरा



**धामपुर।** मदरसा इस्लामिया अरबिया बंदूकचियान में प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. कमाल अहमद की चिकित्सीय और सामाजिक सेवाओं के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बज्म-ए-कमर धामपुर के अध्यक्ष कारी नौशाद आलम 'शाद' ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी इरशाद धामपुरी ने निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ कारी नूर आलम नूर द्वारा प्रस्तुत नात-ए-पाक से हुआ। इसके बाद वक्ताओं ने डॉ. कमाल अहमद की चिकित्सा, सामाजिक एवं जनसेवा संबंधी कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें मानवता का सच्चा हितैषी और समाज की अमूल्य धरोहर बताया। अपने विचार व्यक्त करने वालों में कारी राशिद हमीदी, हाजी हसन खां, जावेद रहमान शम्सी, डॉ. आरिफ सैफी, सतवन्त सिंह सलूजा, बाबू रस्तोगी, एस.पी. सलूजा, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. अजहर अंसारी, डॉ. फरीदुर्रहमान, हाजी जाहिद हुसैन मछुआरा, तस्लीम अहमद, मुफ्ती मौहम्मद कमर, खालिद महमूद, सलमान फरीदी, हैदर अली आढ़ती, डॉ. रिफअत मसूद, डॉ. सूफियान अहमद तथा डॉ. रेहान अहमद प्रमुख रहे।

### बड़े मंगल पर भक्ति की बही बयार



**धामपुर।** ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। एक ओर एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया और समाज में सुख-शांति एवं सौहार्द की कामना की। एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर आयोजित प्रसाद वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व विनियमित क्षेत्र के लिपिक योगेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन कई वर्षों से निरंतर किया जा रहा है और बड़े मंगल के अवसर पर श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरण की परंपरा निभाई जाती है। इस मौके पर उपजिला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, पेशकार पुनीत कुमार, स्टेनो कुलदीप कुमार, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद सैनी, राजपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, विनय कुमार गुप्ता, उमाशंकर शर्मा, सत्येंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह एड., सुरेंद्र सिंह सहित अनेक अधिवक्ता और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका परिसर में भी तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज ने विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर कराया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पालिका चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह, पालिका ईओ रवि शंकर शुक्ला, पुष्पेंद्र सक्सेना, विकास गुप्ता, अमित गुप्ता, सभासद संतोष राजपूत, मुकुल सैनी, मुकेश रावत, रवि शंकर सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नौ छात्रों का एग्रोन रेमेडीज में चयन



**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। चार मई, 2026 को काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एग्रोन रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव (कैंपस प्लेसमेंट) में संस्थान के बी.फार्म के नौर विद्यार्थी (खुशी, रोशनी, मयंक ठाकुर, अनुराग जायसवाल, अंकिता मिश्रा, लक्ष्मी, बृजभान यादव, सत्यम, आशीष रंजन) का प्रतिष्ठित पदों पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। कंपनी के एचआर प्रबंधक सिद्धार्थ चौधरी ने आधिकारिक सूचना साझा करते हुए बताया कि चयनित सभी 9 विद्यार्थी 20 मई कंपनी में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। कंपनी प्रबंधन ने संस्थान के कुशल समन्वय और बेहतर शैक्षणिक माहौल की सराहना की है। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल और निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध निदेशक सन्नी देशवाल ने कहा कि संस्थान हमेशा से ही युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी व फार्मा शिक्षा देने के साथ-साथ देश की बड़ी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक डा. हितेश कुमार ने विद्यार्थियों और कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। भविष्य में भी इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार मिल सके।

# गो आश्रय स्थलों में मिली भारी कमियां,डीएम नाराज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी के निर्देश पर गौ आश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन करने पहुंचे जिला स्तरीय अधिकारियों को बड़ी कमियां मिलीं। गौ आश्रय स्थलों में हरा चारा और लू से बचाव आदि की व्यवस्था भी नहीं थी। डीएम ने नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर जिला स्तरीय अधिकारियो से गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण और सत्यापन कराया गया था। सत्यापन कर दी गई निरीक्षण आख्या के अनुसार जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में संचालित 14 गौ आश्रय स्थलों में हरा चारा उपलब्ध नहीं था। जबकि13 गौ आश्रय स्थलों में गर्मी एवं लू से बचाव के लिए तिरपाल एवं टाट आदि की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। जनपद के 8 गौ आश्रय स्थलों में अभिलेख एवं पंजिकाएं उपलब्ध नहीं थीं। जबकि कई स्थानों पर पंजिकाएं अपूर्ण मिलीं। विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल कमालपुर एवं चौपा शोभापुर में 91-91 प्रतिशत टैगिंग पाई गई। विकासखण्ड जुनावई के गौ आश्रय स्थल जुनावई में 85 प्रतिशत, झुकेरा में 60 प्रतिशत, चबूतरा में 68 प्रतिशत, देवरकंचन में 90 प्रतिशत तथा बैरपुर महाराजी में 52 प्रतिशत टैगिंग पाई गई। वहीं विकासखण्ड गुन्नौर के गौ आश्रय स्थल रसूलपुर में मात्र 32 प्रतिशत संरक्षित गोवंशों में ही टैगिंग पाई गई। विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल कमालपुर में भूसा घर की छत, गेट एवं चहारदीवारी क्षतिग्रस्त स्थिति में थी। विकासखण्ड बनियाखेड़ा के चंदनकटी मौजा अर्जुनपुर जूना एवं बहोरनपुर टोडकपुर गौ आश्रय स्थलों में जलभराव एवं कीचड़ की समस्या पाए जाने की आख्या दी गई। इसके अलावा विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल पाठकपुर में पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण न किए जाने की स्थिति भी सामने आई। वहीं गौ आश्रय स्थल चौपा शोभापुर तथा सादातबाड़ी एवं विकासखण्ड जुनावई के गौ आश्रय स्थल बैरपुर महाराजी में एक-एक टीन शेड की आवश्यकता पाई गई। विकासखण्ड बहजोई के गौ आश्रय स्थल अर्जुनपुर जूना एवं सादातबाड़ी, विकासखण्ड जुनावई के गौ आश्रय स्थल देवरकंचन एवं बैरपुर महाराजी तथा विकासखण्ड गुन्नौर के गौ आश्रय स्थल रसूलपुर में गोवंशों के पृथक्करण की आवश्यकता भी चिन्हित की गई। गौ आश्रय स्थलों पर पाई गई कमियों को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया साथ ही गौ आश्रय स्थलों में पाई गई सभी कमियों को तत्काल दूर कराया जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा लू एवं गर्मी से बचाव को भी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं में अभिलेख एवं पंजिकाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें तथा गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**0 दिन बाद उच्च न्यायालय के आदेश से मिली रिहाई**

# बिना सलाह ज्यादा ओआरएस सेवन खतरनाक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भीषण गर्मी के बीच राहत देने वाले उत्पादों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। प्रतिदिन काफी ओआरएस पाउच बिक रहे हैं। हालांकि डाक्टरों का कहना है कि बिना जरूरत और अधिक मात्रा में ओआरएस का सेवन स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। नगर के फिजिशियन डा. कैलाश वार्ष्णेय ने बताया कि सामान्य गर्मी, पसीना, हल्की डिहाइड्रेशन, दस्त या थकावट में ओआरएस लिया जा सकता है। यह शरीर में पानी और जरूरी तत्वों की कमी पूरी करने में मदद करता है। उन्होंने सलाह दी कि ओआरएस को सही मात्रा में पानी में घोलकर ही पीना चाहिए। किडनी, हार्ट या बीपी के मरीजों को इसका अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं डायबिटीज के मरीजों को भी सावधानी बरतने की जरूरत है। फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा के अनुसार तेज बुखार, लगातार उल्टी, बेहोशी, सांस फूलना, अत्याधिक कमजोरी या हीट स्ट्रोक जैसे लक्षण दिखाई दें तो चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

# रैली निकालकर बाल सुरक्षा व हेलमेट लगाने को किया प्रेरित

**0 राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने दिया राष्ट्रभक्ति व सामाजिक चेतना का संदेश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रोटरी बाल सुरक्षा हेलमेट अभियान के अंतर्गत भव्य जागरूकता शिविर और रैली का आयोजन कर सड़क सुरक्षा, राष्ट्रभक्ति, देश की आर्थिक उन्नति और स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक किया।

रोटरी क्लब मिडटाउन के तत्वावधान में राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की 250 से अधिक छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग किया। रैली में शामिल छात्रायें हाथों में स्लोगन और बैनर थामे क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों और सामाजिक कल्याण के प्रति जागरूक किया और हेलमेट वितरण और सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान। अभियान के दौरान रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन द्वारा साइकिल चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए मुफ्त हेलमेट वितरित किए गए। क्लब के अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने संबोधित करते हुए बताया कि सड़क पर चलते समय सावधानी बरतें और हेलमेट का उपयोग करके दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। इस दौरान वैश्विक मुद्दों और प्रधानमंत्री के संदेश पर चर्चा की गई। रैली के माध्यम से छात्राओं और क्लब के सदस्यों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा गंभीर बीमारियों से बचाव (स्वास्थ्य सुरक्षा) के संदेश प्रसारित किए। इसके साथ ही, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों ईरान-इजरायल संघर्ष और अमेरिका से जुड़े युद्ध के माहौल के बीच देश को सुरक्षित और सशक्त बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और सलाह से भी लोगों को अवगत कराया गया। भीषण गर्मी में छात्राओं को बांटे गए एनर्जी ड्रिंक्स मई महीने की तपती धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन द्वारा रैली में शामिल सभी छात्राओं को राहत देने के लिए ठंडे और स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ (हेल्दी ड्रिंक्स) वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर रोटरी क्लब संभल मिडटाउन के अध्यक्ष डा. प्रशांत वार्ष्णेय अपनी प्रतिबद्वता दोहराते हुए कहा कि उनका क्लब समाज के बेहतर स्वास्थ्य, नारी शक्ति को बढ़ावा देने, राष्ट्र भक्ति की भावना जगाने तथा गरीबों और वृद्वजनों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहता है। भारतीय समाज के उत्थान के लिए क्लब आगे भी इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियां जारी रखेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू दिनेश गुप्ता, कविता गुप्ता, प्रधानाचार्य, शिक्षक, स्टाफ,और रोटरी क्लब के अवधेश वार्ष्णेय, सुमित अग्रवाल, गौरव वार्ष्णेय, प्रिय रतन आर्य, मनोज वार्ष्णेय, हरदीप क्विटी, प्रियांशू वार्ष्णेय, शिवांश अग्रवाल, सुमित वार्ष्णेय, अमित गुप्ता, पराग आर्य ,पंकज ठाकुर, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



सम्भल- सुरक्षा व राष्ट्रभक्ति को जागरूकता रैली निकालती रा. कन्या इंटर कॉलेज की छात्राएं।

# समर कैम्प में कराया भाषाओं का ज्ञान

**0विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करके सामाजिक रूप से बलवान बनाना उददेश्य**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, खिजरपुर कैंप मे छात्र/छात्राओं को व्यावहारिक और भाषायी ज्ञान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम में छात्राओं को अध्यापिकाओं ने मानचित्रों के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में स्थित राज्यों के बारे मे बताया। बच्चों को मानचित्र में स्थित राज्यों में बोली जाने वाली भाषाओं से भी परिचय कराया। जिससे उनकी भाषा में काफी सुधारात्मक परिवर्तन देखने को मिला। कैंप में बालिकाओं ने भारतीय मानचित्रों के अनुसार राज्य आधारित भाषाओं का प्रदर्शन करके अपनी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी को एक नई उड़ान प्रदान की। शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पारंपरिक परम्पराओं की जानकारी/सरल तैयारी, वास्तविक सामग्री के माध्यम से उनकी शब्दावली को विकसित करने का प्रयास किया गया। शिक्षिका प्रीति ने स्वतन्त्रता सेनानियों, नायकों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के बारे मे बताया जिन्होने अपनी मजबूत भाषा से अपने नाम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सरिता सरोज ने कहा की भाषा समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करके उनको सामाजिक रूप से बलवान बनाना है। शासन के ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी ने कहा कि सांस्कृतिक धरोहरों की सूचना विद्यालय को जरूर दें ताकि उसकी सूचना शासन तक पहुंचाई जा सके। बच्चे अपने श्रवण कौशल का विकास करें ।कैंप में बेसिक विभाग व माध्यमिक शिक्षा विभाग का एक अनूठा समन्वय देखने को मिला। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने स्वम विद्यालय आकार उन बच्चियों का प्रवेश कराया जिनके माता पिता उन्हें भेजने को तैयार नही थे, घर बिठाना चाहते थे लेकिन आस पास के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने बच्चियों की इच्छा के अनुसार स्वयं प्रवेश कराया। यहाँ वास्तव में दोनों विभागों का तालमेल बहुत ही अनूठा था। बच्चियाँ भी प्रवेश पाकर बहुत खुश थीं जिनका स्वागत प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी ने स्वयं किया। इस अवसर पर औरंगाबाद, छपरा, अफजलपुर, सुल्तानगढ़, जडवार, खजुरा के प्रधानाध्यापक आदित्य वार्ष्णेय, राहुल, सचिन, भोला, राजकुमार, परवीन माथुर, ऊरमान, मुस्कान, नंदिनी, विकास आदि मौजूद रहे।

## तेज गर्मी व लू से बचाव करना ज़रूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तेज गर्मी लू ने अपना बचाव करना जरूरी है। हीट व-लू के कारण शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है। जिससे मृत्यु भी सम्भव है। थोड़ी सी सावधानी अपनाकर इससे बचा जा सकता है। खूब पानी पिए ,पसीना सोकने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र पहने, गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहने। गर्मी में जाएं तो चश्मा छाते केप व चप्पल का प्रयोग करे। खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ, पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें और संभव हो तो छाते का प्रयोग करें। यात्रा करते समय अपने साथ पर्याप्त पीने का स्वच्छ पेयजल रखें। ओआरएस या घर में बने हुए पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी माड़,नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज अमानवीय व्यवहार



सम्भल। अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में ज्ञापन देते अधिवक्ता।

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** लखनऊ में पुलिस द्वारा अधिवक्ता साथिर्या पर लाठी चार्ज एवं चैम्बरों को तोड़ने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम अधिवक्ताओं ने ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में लखनऊ में प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के चैम्बर्स को जबरन बुलडोजर द्वारा ध्वस्त करते हुए अवैध कार्यवाही की गई।जबकि एवं अधिवक्ता साथियों द्वारा मना करने पर पुलिस द्वारा अधिवकता साथियों पर लाठी चार्ज कर मानवता को शर्मशार करने वाली घटना को अंजाम दिया गया। कहा गया कि अधिवक्ता समाज सदैव समाज की लड़ाई में सबसे आगे खड़ा रहता है एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा प्रतिबद्व रहता है, सदैव शोषित, पीड़ित, वंचितों की आवाज बन कर समाज को सही दिशा देने का प्रयास करता है ऐसी दशा में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा अधिवक्ता समाज के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार का हमारी बार वैलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर घोर निन्दा व भर्त्सना करती हैं। ऐसी दशा में प्रशासन एवं पुलिस के विरुद्व कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते है तथा समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य करने में पूर्णत: सहयोग नहीं कर सकेंगे। अधिवक्ता समाज के हित में पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए अधिवक्ताओं को पूरे प्रदेश में नए चैम्बर्स बनवाए जाये। इस दौरान बार अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव महासचिव सुरेश यादव, दानवीर, अनुराग यादव, भगत सिंह, सत्यवीर, मोती लाल, शीलेन्द्र आदि रहे।

## वारंटी को किया गया गिरफ्तार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** थाना पुलिस ने वांछित/वारण्टी के गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी बबराला सौरभ त्यागी द्वारा गठित टीम उ.नि. अलकेश चन्द व कां. रवेन्द्र सिंह द्वारा वारण्टी गनपत पुत्र छन्नू व कृपाल पुत्र गनपत नि.गण ग्राम सिकन्दरपुर खागी थाना बबराला को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया। वारंटी/अभियुक्तों को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट गुन्नौर के समक्ष भेजा गया।



सम्भल- ग्राम मुबारकपुरबंद में जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट।

# आबादी के बीच अवैध रूप से संचालित मिला जींस वाशिंग प्लांट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध रूप से संचालित जींस वाशिंग प्लांट की ऑन लाइन शिकायत पर प्रशासन हरकत में आ गया। आनन-फानन में नगर मजिस्ट्रेट ने छापा मारकर आबादी के बीच संचालित प्लांट के जनरेटर को सील कराया जबकि बिजली कनैक्शन को प्रथक करा दिया गया।

तिलक नगर नई दिल्ली कें ए 66 गणेश नगर निवासी वरूण गुलाटी पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने द्वारा आनलाईन आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर ग्राम मुबारकपुर बंद में अवैध रूप से जींस प्लांट संचालित करने की शिकायत दर्ज करायी थी। ऑन लाइन की गई शिकायत पर हड़कम्प मच गया था। आनन-फानन में नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एस.ए. मुरादाबाद के साथ तहसील क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर बंद में संचालित जींस वाशिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जींस वाशिंग प्लांट ग्राम आबादी में संचालित मिला। मौके पर 02 वाशिंग मशीन, एक ड्रायर ढोलनुमा लकड़ी की मशीन, एक इलैक्ट्रानिक ड्रायर मशीन, एक जनरेटर, एक बड़ा कम्प्रेशर एवं लगभग 2500 जींस पायी गयी, जिसमें 02 वाशिंग मशीन, एक ड्रायर ढोलनुमा लकड़ी की मशीन, एक इलैक्ट्रानिक ड्रायर मशीन, एक जनरेटर, एक बड़ा कम्प्रेशर संचालित पाये गये। वाशिंग प्लांट परिसर में नितिन कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम सैदपुर सरौरा थाना भोजीपुरा जिला बरेली मौजूद मिले। जिन्होने जींस वाशिंग प्लांट के मालिक मो. आलिम पुत्र इशरत अली निवासी ग्राम मुबारकपुर बंद तहसील-सम्भल होना बताया। प्लांट स्वामी को मौके पर बुलाया गया। इनमें मौ. आलिम मौके पर पहुंचे उनसे जींस वाशिंग प्लांट के संचालन के अभिलेख मंगे गए। लेकिन प्लांट के संचालन का कोई भी वैध अभिलेख पेश नहीं किया गया। नगर मजिस्ट्रेट और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एस ए ने जींस वाशिंग प्लांट के संचालन को बंद करा दिया। जबकि परिसर की विद्युत लाइन को कटवा दिया। इसके अलावा मौके पर वाशिंग मशीन एवं जनरेटर को सील कर दिया। तथा मौके पर पाये गये इलैक्ट्रानिक ड्रायर मशीन, एक जनरेटर, एक बड़ा कम्प्रेशर एवं लगभग 2500 जींस आदि को मो. आलिम पुत्र इशरत अली की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

# कैलादेवी इंटर कॉलेज में मेधावियों को वितरित की गई साइकिल

**0 बाबा रतनगिरि आर्दश इंटर कॉलेज में हाई स्कूल व इंटर में कॉलेज टॉप करने पर विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैला देवी स्थित बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा 2025-26 में हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट में विद्यालय टॉप करने वाली दो छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक द्वारा साइकिल देकर सम्मानित किया गया।

बाबा रतनगिरि आदर्श इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा 2025- 26 में हाई स्कूल में छात्र अंशु ने 532 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया था तथा इंटरमीडिएट में छात्रा खुशी यादव ने 433 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। विद्यालय प्रबंधक अजय पाल सिंह द्वारा छात्र अंशु तथा इंटरमीडिएट की छात्रा खुशी यादव के अनुपस्थित होने पर उनके पिता देवेंद्र सिंह को प्रार्थना परिसर में मंगलवार को विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार के साथ साइकिल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि सभी विद्यार्थी इस वर्ष की इतनी मेहनत करें कि विद्यालय तथा अपने गांव का नाम रोशन कर सकें।

# छात्रा खुशी के पिता ने अनाथ छात्रा को भेंट की साइकिल

**0बोले हमारी अपेक्षा इस बेटी को साईकिल की आवश्यकता**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** यूपी बोर्ड 2025-26 में इंटरमीडिएट की परीक्षा में बाबा रतन गिरी आदर्श इंटर कॉलेज को टॉप करने वाली छात्रा खुशी यादव के पिता देवेंद्र सिंह ने किसी विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 7 की छात्रा जो की अनाथ है, मानवता का परिचय देते हुए कक्षा 7 की छात्रा खुशी को अपनी बेटी की इच्छा से साइकिल देकर सम्मानित किया। जहां देवेंद्र सिंह की बेटी खुशी यादव ने 12वीं की कक्षा में 433 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया और विद्यालय प्रबंधक द्वारा उन्हें साइकिल देकर सम्मानित किया गया तो वही छात्रा के पिता देवेंद्र सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए कहा कि यह साइकिल की आवश्यकता मेरी बेटी से अधिक कक्षा 7 की छात्रा खुशी को है जो अनाथ है। जिससे कि विद्यालय में प्रतिदिन समय पर साइकिल से विद्यालय आ सके और अपनी पढ़ाई जारी रख सके। देवेंद्र सिंह ने कहा कि मेरी बेटी के पास साइकिल है, लेकिन विद्यालय प्रबंधक द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, बड़ी खुशी की बात है। उसी दौरान देवेंद्र सिंह ने साइकिल को कक्षा 7 की छात्रा खुशी को सौंप दिया। साइकिल पाकर छात्रा खुशी ने भी खुशी जाहिर की। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।





सम्भल। बाबा रतनगिरि इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं को साइकिल देते।

## ट्रैक्टर-ट्राली से हादसों पर पुलिस हुई सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सड़कों पर बढ़ते ट्रैक्टर-ट्राली हादसों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। हाल के दिनों में हुई दुर्घटनाओं के बाद पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं,जिससे कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए निर्धारित है,लेकिन लोग इसका दुरुपयोग कर इसमें सवारियां बैठाकर जान जोखिम में डाल रहे हैं।

विशेष रूप से ओवरलोडिंग,बिना रिफ्लेक्टर और लाइट के संचालन तथा तेज रफ्तार हादसों की बड़ी वजह बन रही है। ऐसे मामलों में पुलिस द्वारा चालान काटने के साथ-साथ वाहन सीज करने की कार्रवाई भी की जा रही है।जनपद पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान भी तेज कर दिए हैं। गांव-गांव जाकर लोगों को समझाया जा रहा है कि ट्राली में बैठकर यात्रा करना कितना खतरनाक हो सकता है। साथ ही वाहन चालकों को निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें और ट्रैक्टर-ट्राली का उपयोग केवल कृषि कार्यों तक सीमित रखें। पुलिस का मानना है कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि लोग जागरूक होकर नियमों का पालन करें, तो बड़ी संख्या में हादसों को रोका जा सकता है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को धयान में रखते हुए नियमों का पालन करें,ताकि सड़कों पर सुरक्षित माहौल बनाया जा सके।इस दौरान हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नगला खोकर में जल जीवन मिशन कार्यों का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**0मुख्य विकास अधिकारी ने जल निगम के सहायक अभियंता और कार्यदायी संस्था की प्रशंसा की**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खंड पंवासा की ग्राम पंचायत नगला खोखर में संचालित पेयजल परियोजना का मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंप हाउस, ओएचटी (ओवरहेड टैंक), चहारदीवारी, क्लोरीन रूम तथा जल निगम द्वारा निर्मित संपर्क सड़क का गहन अवलोकन किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना के अंतर्गत संचालित नियमित जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल आपूर्ति से संबंधित फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के समय सहायक अभियंता दिनेश कुमार, चर्चित चौधरी, फर्म प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी एवं अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने जल निगम, संबंधित सहायक अभियंताओं एवं कार्यदायी संस्था की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि इसी प्रकार गुणवत्ता एवं समयबद्वता के साथ कार्यों को पूर्ण कर प्रत्येक गांव में नियमित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के भी निर्देश दिए।

# पश्रिम जितना कठोर होगा शरीर उतना ही मजबूत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन मंगलग्रह की पूजा अर्चना कर दान सामग्री भोम्य देव को अर्पण करके यज्ञ योग सत्संग व अठरा देव अठराक्षरी जप साधना वंदना के साथ की गयी। आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में कैम्प कार्यालय पंजू सराय स्थित योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा के 46 वें महोत्सव डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की तपस्या साधक को आध्यात्मिक जगत से जोड़कर जहां उसके कल्याण मार्ग खोलती है। वही इस नश्वर शरीर को अग्नि धूप मे तपा तपा कर कठोर परिश्रम करने योग्य निरोगी और मजबूत भी बनाती है। उन्होंने कहा महातपा केवल साध महात्माओ के लिए ही नही सुझाया गया है। वरन आम जनमानस को भी महातप करना अत्यंत आवश्यक है। जिससे उसकी शारिरिक क्षमता का विकास हो सके। इस मौके पर अन्ना सैनी सूरज पाल यादव राज कपूर राहुल भीकम सरन राघव सैनी नितिन सैनी साधाना जिला प्रमुख आनंद सैनी आलिए कुमार लाला भूकन सरन यशवर्धन मनोज श्रीमाली रुद्रांश श्रीमाली सूर्याश श्रीमाली अश्विनी श्रीमाली रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन जितेन्द्र गुप्ता सहित समिति सभी पदाधिकारी व महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी पूजा श्रीमाली आदि मौजूद रहे।



# ओ लेवल व सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने को तीस तक करें संस्थाएं आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के तत्वावधान में नि:शुल्क ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने को इच्छुक संस्था 03 जून, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्था की मान्यता वैलिड ही द्वारा अन्य पिछडे वर्ग के युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने तिथि 20 मई, 2026 से 03 जून, 2026 तक निर्धारित की गयी है। इस मामले में पिछडा वर्ग कल्याण विभाग उ.प्र. की विभागीय वेबसाईटपर दिये गये लिंक पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना एवं मान्यता से संबंधित अभिलेखों व आधारभूत ढाँचे तथा दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ-पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्ड कॉपी निदेशालय, पिछडा वर्ग कल्याण, इन्दिरा भवन, लखनऊ संबंधित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय सम्भल में उपलब्ध कराया जाने के साथ-साथ निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर तहसील रोड सम्भल

# सेवानिवृत सीओ लखपत सिंह ने मौत को लगाया गले, क्षेत्र में गम का माहौल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेवा निवृत् सीओ लखपत सिंह ने देर रात खुद को गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया, इस घटना से क्षेत्र में गम का माहौल है, लेकिन आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। थाना छजलैट के गांव रमपुरा निवासी चौधरी लखपत सिंह पुलिस उपाधीक्षक पद से सेवानिवृत हुए थे और गांव में रहकर खुशहाल जिंदगी जी रहे थे 87 वर्षीय लखपत सिंह समाज सेवा में भी तल्लीन रहते थे एक कुशल वक्ता और साफ छवि के व्यक्ति के रूप में उनकी पहचान थी। उनके दो बेटे हैं एक उन्हीं के पास गांव में रहता है जबकि दूसरा बेटा मुरादाबाद में अपने परिवार के साथ रहता है आज सुबह अचानक उनकी मौत की खबर मिलते ही



क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई लोग उनके आवास पर दुख व्यक्त करने के लिए पहुंचे। वहां पता चला कि उन्होंने आधी रात को किसी वक्त खुद की राइफल से गोली चलाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है जानकारी मिली तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जिसने सुना वह रमपुरा गांव की ओर दौड़ पड़ा दोपहर बाद उनकी शब यात्रा गांव के शमशान में पहुंची जहां पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दुख की घड़ी में किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह पूर्व विधायक राज. ेश कुमार चुन्नू मुकेश महेश्वरी चौधरी हुकम सिंह चौधरी सोमव. ीर सिंह मास्टर धर्मपाल सिंह कुंबर सुरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे लेकिन समाचार लिखे जाने तक इस घटना के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# चकबंदी कार्यालय बना अखाड़ा

## सीओ और अधिवक्ता में एक घंटे तक चली तीखी नोकझोंक

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित पुराने तहसील सभागार में मंगलवार को चकबंदी विभाग की कार्यशैली को लेकर जमकर हंगामा हुआ। एक पक्षीय कार्रवाई और किसानों से अभद्र व्यवहार के आरोपों को लेकर अधिवक्ता तथा सहायक चकबंदी अधिकारी आमने-सामने आ गए।



मामला इतना बढ़ा कि करीब एक घंटे तक सभागार में हाई वोल्टेज बहस और तीखी नोकझोंक चलती रही। स्थिति मारपीट तक पहुंच गई, लेकिन अन्य अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। बताया गया कि क्षेत्र के गांव सैजनी निवासी धर्म सिंह का दो खातों में गड़बड़ीथी । चकबंदी कार्यालय में मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि बिना नोटिस तामील कराए ही सहायक चकबंदी अधिकारी विनय श्रीवास्तव द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई कर दी गई। इस बात को लेकर अधिवक्ता सतीश चौहान भड़क उठे और उन्होंने अधिकारी पर किसानों की बात सुने बिना मनमानी करने का आरोप लगाया। बहस के दौरान यह भी सामने आया कि धर्म सिंह के नाम भेजा गया नोटिस स्वयं धर्म सिंह ने प्राप्त नहीं किया, बल्कि किसी कृष्ण कुमार के नाम से रिसीव दर्शाकर कार्रवाई आगे बढ़ा दी गई। इसी को लेकर अधिवक्ता और अधिकारी के बीच तीखी बहस होती रही। तहसील सभागार में मौजूद लोग पूरे घटनाक्रम को देखते रहे और सरकारी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते नजर आए। वहीं कक्कड़खेड़ा निवासी बुजुर्ग अहमद हसन ने आरोप लगाया कि वह अपनी खेती संबंधी जानकारी लेने चकबंदी कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन उन्हें टालकर भगा दिया गया, जिससे उन्हें अपमानित होना पड़ा। इसके अलावा काकरखेड़ा निवासी इबिले हसन ने आरोप लगाया कि चकबंदी लेखपाल और कानूनगो ने उसके खेत में अवैध खनन दर्शाकर अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी, जबकि उसके खेत में कोई खनन हुआ ही नहीं। किसान ने वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराकर खुद को निर्दोष बताया। आरोप है कि फर्जी रिपोर्ट के आधार पर किसान को एक लाख 35 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का नोटिस भेज दिया गया। किसान का कहना है कि मामले को दबाने के लिए उस पर अवैध रूप से दबाव बनाया गया और रुपयों की मांग की गई। पूरे घटनाक्रम के बाद तहसील परिसर में देर तक चर्चाओं का बाजार गर्म रहा और लोग चकबंदी विभाग की कार्यशैली पर कटाक्ष करते नजर आए।

## एक नजर

### रूपपुर में सड़क किनारे झुलसी हालत में मिला बुजुर्ग, पुलिस जांच में जुटी

**मुरादाबाद।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव रूपपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क किनारे एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से झुलसी हुई हालत में पड़ा मिला। राहगीरों ने जब बुजुर्ग को तड़पते देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कुंदरकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद इलाके में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।घायल बुजुर्ग की पहचान बलवीर पुत्र भोला निवासी गांव बहादुरपुर थाना बिलारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बलवीर अपनी रिश्तेदारी में बहापुर आया हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति या लोगों ने उसे आग से झुलसा दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और बुजुर्ग सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। पूरा मामला कुंदरकी थाना क्षेत्र के रूपपुर स्थित हाजी रफी के भट्ठे के पास का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह सड़क से गुजर रहे लोगों की नजर बुजुर्ग पर पड़ी, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। वहीं घायल बुजुर्ग का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने सीडीओ संग किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण सफाई और आमजन की सुविधा के दिए निर्देश



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एनआईसी सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब फर्नीचर को नियमानुसार निष्प्रयोज्य घोषित कराने को कहा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को कार्यालयों में आमजन की सुविधा के दृष्टिगत सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### दवा व्यापारियों की हड़ताल को व्यापार मंडल युवा इकाई का समर्थन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने दवा व्यापारियों की मांगों को लेकर बुलाई गई मेडिकल स्टोर बंद हड़ताल को पूर्ण समर्थन दिया है। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि दवा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दवा विक्रेता समाज को 24 घंटे आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हैं और उनके सम्मान की रक्षा के लिए व्यापार मंडल पूरी मजबूती से



उनके साथ खड़ा है। उन्होंने ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा कि बिना सख्त नियंत्रण के इंटरनेट के माध्यम से दवाओं की बिक्री लोगों के स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य के लिए खतरा बन रही है। जब मेडिकल स्टोर संचालकों के लिए फार्मासिस्ट अनिवार्य है तो यही नियम ऑनलाइन दवा विक्रेताओं पर क्यों लागू नहीं किया जा रहा। व्यापार मंडल ने सरकार से ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। साथ ही नगर के सभी दवा व्यापारियों से एकजुट होकर शांतिपूर्ण ढंग से दुकानें बंद रखने का आह्वान किया।

### घटना के डेढ़ हफ्ता बाद चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** घटना के डेढ़ हफ्ते बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है घटना 7 मई की है हीरा. पुर गांव के रतन पुत्र बाबू सिंह का कहना था कि वह अपने घर के चबूतरे पर बैठा था तभी जमीनी विवाद को लेकर गांव के वीर सिंह बुद्ध शिवम एवं अंकुर आ गए और गाली गलौज करने लगे विरोध किया तो सबने मारपीट शुरू कर दी मारपीट के दौरान उसके भाई राकेश की आंख पर चोट लग गई और पैर में धारदार हथियार से जख्म हो गया शोर मचाने पर गांव के लोग आए तो यह लोग धमकी देकर भाग गए पीड़ित थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नि:शुल्क 'ओ' लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण को 3 जून तक आवेदन

**चन्दौसी।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को नि:शुल्क 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाने के लिए इच्छुक संस्थाओं से आवेदन मांगे हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाएं 20 मई से 3 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के समय संस्था की मान्यता वैध होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही मान्यता संबंधी अभिलेख, आधारभूत ढांचे का विवरण और नोटरी शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। दस्तावेजों के परीक्षण व भौतिक सत्यापन के बाद संस्थाओं का चयन किया जाएगा।

# रोबोटिक सर्जरी से ब्रेस्ट कैंसर मरीजों की रिकवरी हुई आसान: डॉ. सीमा सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में रोबोटिक सर्जरी अब मरीजों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। यह तकनीक सर्जरी को अधिक सटीक, सुरक्षित और कम तकलीफदेह बना रही है, जिससे मरीजों की रिकवरी तेजी से हो रही है।मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के ब्रेस्ट एवं रोबोटिक ऑन्को सर्जरी विभाग की प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि लोग अक्सर मानते हैं कि रोबोटिक सर्जरी में मशीन खुद ऑपरेशन करती है, जबकि पूरी प्रक्रिया अनुभवी सर्जन के नियंत्रण में होती है। रोबोटिक सिस्टम सर्जन के हाथों का विस्तार बनकर



अधिक सटीकता, बेहतर विजन और जटिल प्रक्रियाओं में अधिक नियंत्रण देता है। डॉ. सीमा ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर का इलाज शुरू करने से पहले मरीजों को अपने विशेषज्ञ डॉक्टर से सभी उपलब्ध सर्जिकल विकल्पों पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए। इलाज के संभावित परिणाम, रिकवरी का समय और संभावित जोखिमों को समझकर मरीज अपने लिए सही निर्णय ले सकते हैं।उन्होंने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर का सफर मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन अब इलाज के लिए अधिक सटीक, सुरक्षित और कम तकलीफ देने वाले विकल्प मौजूद हैं। आधुनिक तकनीक, अनुभवी सर्जन और संवेदनशील देखभाल का सही मेल ही मरीजों के उपचार को बेहतर और प्रभावी बनाता है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को जागरूक करते हुए महिला संबंधित समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने का संदेश दिया गया। मिशन शक्ति-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। जागरूकता अभियान में वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल पर इमरजेंसी कॉल और पैनिक बटन के उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया। पुलिस विभाग का कहना है कि इस तरह के अभियानों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कर सकें।

# जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने लगाया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चन्दौसी द्वारा मंगलवार को कैथल गेट स्थित अक्रूर जी कन्या पाठशाला में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं जायंट्स प्रार्थना के साथ हुआ। शिविर में नगर के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ओमेंद्र वार्ष्णेय (अपोलो आई सेंटर) ने लगभग 200 बच्चों की आंखों की जांच की तथा जरूरतमंदों को दवा एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया। डॉ. ओमेंद्र वार्ष्णेय ने लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने, शुरुआती लक्षणों की पहचान करने तथा चश्मा एवं अन्य उपचार संबंधी जानकारी दी। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपचार उपलब्ध कराना तथा नेत्र रोगों के प्रति जागरूक करना है। डीओए मीना वार्ष्णेय ने कहा कि नियमित जांच से मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और दृष्टिदोष जैसी बीमारियों की समय रहते पहचान हो जाती है। मुख्य अतिथि डॉ. सुधा चौधरी ने बच्चों को संतुलित आहार एवं समय पर इलाज की सलाह दी। इस दौरान यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, डीओएफ रेखा रस्तोगी, मंजू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।



# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, आयुर्वेद-होम्योपैथी के लगेंगे कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में आमजन को आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्ट्रेट और तहसील दिवसों में कैंप लगाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनाने की मुहिम तेज करने को कहा। नोडल अधिकारी दैनिक मॉनिटरिंग कर छूटे हुए परिवारों के कार्ड बनवाएंगे। चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता और समयबद्ध ओपीडी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 95% से अधिक ओपीडी करने वाले डॉक्टरों को प्रशस्तिपत्र मिलेगा, वहीं 55% से कम ओपीडी करने वालों को चेतावनी नोटिस जारी होगी। संस्थागत प्रसव की समीक्षा में डीएम ने कहा कि आशाओं की सक्रियता की जांच होगी। निजी अस्पतालों में प्रसव के लिए आशाओं की भूमिका की पुष्टि पर कठोर कार्यवाही होगी। पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से गंभीर अति कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने और एएनएम को पोषण ट्रैकर ऐप की ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए। सीएमओ को निर्देश दिया गया कि सभी पीएमश्री, अटल आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का 1 माह में



हेल्थकार्ड बने। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आगामी 2 माह तक अभियान चलेगा, जिसकी शुरुआत कलेक्ट्रेट सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों से होगी। लक्ष्य 30,06,546 के सापेक्ष 20,43,610 आभा आईडी बन चुकी हैं जो 67% है। डीएम ने प्रतिदिन 3 हजार का लक्ष्य पूरा करने को कहा। सबसे अच्छी और सबसे खराब प्रगति वाली आशा, एएनएम और सीएचओ के कार्यों की आगामी बैठक में समीक्षा होगी। खराब प्रगति वाले सीएचओ को चेतावनी नोटिस जारी होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को अपने कार्यक्षेत्र में ही निवास करना होगा। पूर्ण टीकाकरण में बाधा बन रहे क्षेत्रों पर प्रशासन आगामी 1 माह तक विशेष अभियान चलाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संभ्रांतजनों की मदद से शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जाएगा।बैठक में ई-संजीवनी, ओपीडी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, परिवार नियोजन, आरसीएच पोर्टल आदि की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर सीडीओ सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सचिन सिंह व पुत्रवधू श्रीमती सावित्री देवी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। राजेश सिंह पुत्र स्व. वीरेन्द्र पाल सिंह व श्रीमति मंजू सिंह पत्नी राजेश सिंह निवासी गण कटघर बीच होली का मैदान तहसील व जिला मुरादाबाद।

# जन्म के समय शिशु का रोना जच्चा-बच्चा के लिए सकारात्मक संकेत: प्रो. एनके सिंह

## तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर में एनआरपी दिवस पर बाल रोग विभाग और नवजात शिशु इकाई की ओर से नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल व पुनर्जीवन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महा वीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह ने कहा, जन्म के तुरंत बाद शिशु का रोना उसके स्वस्थ होने का महत्वपूर्ण संकेत है। यदि जन्म के समय शिशु रोता है, तो यह मां और शिशु दोनों के लिए एक सकारात्मक संकेत होता है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि शिशु की श्वसन प्रक्रिया सही प्रकार से कार्य कर रही है। वहीं यदि शिशु जन्म के बाद नहीं रोता है, तो तत्काल नवजात पुनर्जीवन की आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी एवम् त्वरित उपचार प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एवम् रिसर्च सेंटर में एनआरपी दिवस पर बाल रोग विभाग और नवजात शिशु इकाई की ओर से नवजात शिशुओं की आपातकालीन



देखभाल एवम् पुनर्जीवन कार्यक्रम एनआरपी के महत्व पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद उत्पन्न होने वाली जटिल परिस्थितियों में समय पर प्रभावी पुनर्जीवन तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, चिकित्सकों एवम् नर्सिंग कर्मियों को प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञों की ओर से नवजात पुनर्जीवन की नवीनतम दिशा निर्देशों, आपातकालीन प्रबंधन, व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन भी किया गया। मेडिकल के उप-प्राचार्य प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने कहा, चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। बाल रोग की विभागाध्यक्षा डॉ. रूपा सिंह ने कहा, नवजात शिशुओं की सुरक्षित देखभाल के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि एनआरपी प्रशिक्षण जन्म के तुरंत बाद उत्पन्न होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों में शिशु के जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. बीके गौर ने बताया, एनआरपी दिवस पर नवजात शिशुओं के जीवन रक्षण में गोल्डन मिनट के महत्व और समय पर पुनर्जीवन के प्रभावी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। बेसिक एनआरपी कोर्स में प्रतिभागियों को नवजात शिशुओं के पुनर्जीवन की चरणबद्ध प्रक्रिया, वायुमार्ग प्रबंधन, बैग और मास्क वेंटिलेशन, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. एनएस चिथंबरम, डॉ. शलभ अग्रवाल, डॉ. विवेक त्यागी आदि बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बाल रोग विभाग, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, एनेस्थीसिया विभाग समेत नर्सिंग स्टाफ के कुल 40 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद सं० :** 691/2025
**तारीख पेशी:** 06.08.2026
1.हेमराज आयु 50 वर्ष, 2. होरी लाल आयु 60 वर्ष, 3. राम किशोर आयु 55 वर्ष पुत्रगण सूखा निवासीगण ग्राम रजोड़ा कन्नरदेव तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
1. महेन्द्र सिंह आयु 52 वर्ष, 2. लाखन सिंह आयु 60 वर्ष पुत्रगण खुशहाली निवासीगण ग्राम रजोड़ा कन्नरदेव पोस्ट हिरनखेड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**
चूंकि उपर्रिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 08 के दिवस 06 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 19 को निकाली गयी है।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र नाजिम व पुत्रवधू श्रीमती इमरा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। पूर्व व भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। रियासत पुत्र बब्बन निवासी करूला वार्ड नंबर 3 अनवार नगर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अर्शियान एहसान की कक्षा 10 की अंक तालिका में मेरा नाम त्रुटि वश सितारा अली हो गया है जो कि गलत है, अन्य दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम सितारा बेगम है। भविष्य में मुझे सितारा बेगम के नाम से जाना व पहचाना जाए।
सितारा बेगम पत्नी एहसान अली निवासी मोहल्ला बरवालान, मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्री कशिश पाल पुत्री ओमप्रकाश को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए है। भविष्य में कशिश पाल के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबा. जी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
श्रीमती शशिवाला पत्नी ओमप्रकाश निवासी 509/1 चंद्रनगर थाना सिविल लाइंस तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**


मैंने अपने पुत्र इमरान व उसकी पत्नी श्रीमती अफसाना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कुकृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**एहसान अली पुत्र घसीटा निवासी उमरी कलां थाना कांठ, जिला मुरादाबाद,** मो. 8449094636

## जंगली कुत्तों के हमले की सूचना पर पशुपालन विभाग की टीम पहुंची गांव

चन्दौसी। बनियाखेड़ा ब्लॉक के गांव आटा में जंगली कुत्तों के हमले में कई बकरियों के मारे जाने की सूचना पर पशुपालन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर निरीक्षण किया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर पशु चिकित्सालय नरौली की टीम ने ग्रामीणों से जानकारी ली और घटनास्थल का जायजा लिया। जांच के दौरान पता चला कि हमला करने वाले कुत्ते जंगली प्रवृत्ति के थे। ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना करीब पांच दिन पहले हुई थी और इसके बाद किसी अन्य हमले की सूचना नहीं मिली है। ग्राम प्रधान की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने कहा कि बकरी चराने या खेतों से चारा लेने जाते समय लोग अकेले न जाएं, बल्कि समूह में निकलें और अपने साथ लाठी-डंडा अवश्य रखें, ताकि किसी भी संभावित हमले की स्थिति में बचाव किया जा सके। पशुपालन विभाग ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि न होने पाए।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

**चन्दौसी।** चन्दौसी-शाहबाद रोड पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के



मृतक दीपक।



बाद गुस्साए परिजनों की पुलिस से झड़प भी हुई। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। हादसा ग्राम करेथी के निकट बादशाह सिंह इंटर कॉलेज के पास मंगलवार शाम करीब 04 बजे हुआ। मृतक की पहचान दीपक (25) पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम धनूपुरा थाना कुढ़फतेहगढ़, तहसील चन्दौसी जनपद सम्भल के रूप में हुई है। बताया गया कि दीपक की शादी दो वर्ष पूर्व थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव खेली निवासी विमलेश से हुई थी। उनकी एक वर्ष की पुत्री भी है। जानकारी के अनुसार दीपक ग्राम करेथी स्थित अपने साढ़ू सत्यपाल के घर से बाइक द्वारा अपने गांव धनूपुरा लौट रहा था। इसी दौरान चन्दौसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 38 एटी 5825 ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि एंबुलेंस करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। इससे परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मौके पर पहुंचे परिजनों की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई। हादसे के कारण सड़क पर करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बनियाखेड़ा ब्लॉक की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बनियाखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र में जलभराव, टूटी सड़कों, खराब सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा सरकारी योजनाओं में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया। भाकियू नेताओं ने बताया कि असालतपुर जारई सहित कई गांवों में लंबे समय से नालियों की सफाई न होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। गंदा पानी सड़कों पर बहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चन्दौसी से जुड़े कई गांवों की सड़कें जर्जर अवस्था में हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।



ज्ञापन में स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, खराब इंडिया मार्का हैंडपंपों को ठीक कराने तथा प्रधानमंत्री आवास एवं पेंशन योजनाओं की निष्पक्ष जांच कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने की मांग की गई। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बनियाखेड़ा ब्लॉक गेट पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नरेश राघव, हाजी अजीम, प्रमोद राघव, डॉ. जितेंद्र वर्मा, भुवनेश यादव, राहत जहां, राजेश कुमार, डॉ. प्रसादी लाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## समर कैंप के दूसरे दिन मेहंदी और कुकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन विद्यालय में मेहंदी डगवार फायरलेस कुकिंग अबेकस एवं आउटडोर गेम के अंतर्गत वालीबाल क्रिकेट और फुटबॉल जैसे खेलों की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही इंडोर गेम के अंतर्गत कैरम बोर्ड टेबल टेनिस खेल आयोजित कराए गए। पूलपार्टी



प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही।फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने अपनी योग्यता और कौशलता का परिचय देते हुए कुकिंग में विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने में अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया। कक्षा 5 कि छात्रा आयशा प्रथम तलाविया द्वितीय एवं कक्षा 5 से ही जिकरा तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय में चले समर कैंप के अंतर्गत होने वाली गति. विधियों में दूसरे दिन भी कक्षा नर्सरी से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक दीपेश सिंह और प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई उप प्रधानाचार्य शलभ माथुर ने बताया कि बच्चे पुस्तकों के ज्ञान की अपेक्षा अपने व्यवहारिक ज्ञान से बहुत अधिक सीखते हैं प्रधानाचार्य रेनू बिश्नोई ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें करके सीखने में ज्यादा विश्वास करना चाहिए क्योंकि पुस्तकों के ज्ञान का स्थाई होना संभव है। समर कैंप के अंतर्गत विद्यालय में चल रही प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा संचालन शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया।

## किसान यूनियन ने सीएमओ कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन, कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीएमओ कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन करते हुए स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और किसान यूनियन पदाधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सिविल लाइन्स पुलिस मौके पर पहुँचीं और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया।प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय भाटी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के कई निजी अस्पतालों में मरीजों से अवैध वसूली की जा रही है। अस्पतालों में मनमानी फीस ली जा रही है और फर्जी इलाज के नाम पर लोगों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर मरीजों को दवाइयों के साल्ट नाम के बजाय ब्रांडेड नाम लिखकर दे रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को महंगी दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है।दिग्विजय भाटी ने स्वास्थ्य विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई एसीएमओ और सीएमओ अधिकारी लंबे समय से एक ही जिले में तैनात हैं, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने एसीएमओ को ज्ञापन सौंपकर निजी अस्पतालों की जांच, अवैध वसूली पर रोक और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 8 दिन के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो किसान यूनियन भूख हड़ताल शुरू करेगी और जिलेभर में बड़ा आंदोलन चलाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईंट भट्टे पर युवकों में हुई जमकर मारपीट पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम रूपपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर मंगलवार दोपहर काम करने वाले



चार युवकों के बीच हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे भट्ठे पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों युवकों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार थाना सेफनी क्षेत्र के ग्राम बेरुआ निवासी सुमित और अमित सगे भाई हैं, जबकि कुंद. रकी थाना क्षेत्र के इंधनपुर नगला निवासी ऋषव और अंकित भी आपस में भाई बताए गए हैं। चारों युवक रूपपुर स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी का कार्य करते हैं। मंगलवार दोपहर किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मरपीर में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सभी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया।

# पारिवारिक विवाद में व्यक्ति ने खाई सल्फास की गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना बिलारी क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी शहसपुर निवासी एक व्यक्ति ने पारिवारिक बातों से नाराज होकर सलफास की गोली खा ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत अब सामान्य बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार 19 मई 2026 को सुबह करीब 9 बजे राहतजान पुत्र मियां जान, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी मोहल्ला गढ़ी शहसपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने घरेलू बातों से परेशान होकर सलफास की गोली खा ली।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान पीड़ित की हालत में सुधार बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद परिजनों के अनुसार अब राहतजान की स्थिति बिल्कुल ठीक है। वहीं पीड़ित ने भी स्पष्ट रूप से बताया कि इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति का कोई दोष नहीं है और उन्होंने यह कदम गुस्से में उठाया था। घटना के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है तथा किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं है।

## चार वर्षीय बेटे को अकेला छोड़ विवाहिता अज्ञात युवक संग फरार, प्राथमिकी दर्ज

**बिलारी।** मुरादाबाद जनपद के बिलारी क्षेत्र के गांव खंडवा निवासी मेघराज पुत्र सोमपाल की पत्नी डोली (27 वर्ष) अपने चार वर्षीय बेटे को घर में अकेला छोड़कर अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गई। मामले में थाना मझोला में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया कि मेघराज अपनी पत्नी डोली और चार वर्षीय बेटे राघव के साथ मुरादाबाद स्थित मंडी समिति मझोला में किराए के मकान में रहता था। 24 अप्रैल को मेघराज रोजाना की तरह काम पर गया हुआ था। शाम को वापस लौटने पर उसने देखा कि उसकी पत्नी घर पर मौजूद नहीं थी, जबकि बेटा कमरे में अकेला था। मेघराज ने आसपास तथा रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन डोली का कोई पता नहीं चल सका। आरोप है कि घर में रखे करीब सात हजार रुपये नकद और कुछ जेवरात भी गायब थे। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब पत्नी का कोई सुराग नहीं मिला तो मेघराज ने 10 मई 2026 को थाना मझोला में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शराबियों व कबाड़ चोरों से नगरपालिका परेशान, नालियों के लोहे के पटले हो रहे गायब

**चन्दौसी।** नगर में शराबियों एवं कबाड़ चोरों की बढ़ती गतिविधियों से नगरपालिका परिषद को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जनसुविधा के लिए नगरपालिका द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लोहे के पटले, वाटर कूलर तथा सार्वजनिक टॉयलेट एवं यूरिनल बनवाए गए हैं, लेकिन असामाजिक तत्व लगातार इन व्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलरों की टोटियां और पानी की टंकियां चोरी की जा रही हैं। इसके अलावा नालियों पर रखे लोहे के जाल एवं पटले भी चोरी कर कबाड़ में बेचे जा रहे हैं। टोटियां गायब होने के कारण लगातार पानी बहता रहता है, जिससे पानी की बर्बादी के साथ-साथ नगरपालिका को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। नगर के सीतारोड, ब्रह्म बाजार, रेलवे स्टेशन क्षेत्र सहित विभिन्न वार्डों में नालियों पर लगे लोहे के जाल एवं पटलों का गायब होना अब आम बात बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन चोरियों के कारण राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नगरपालिका का कहना है कि चोरी हुए सामान को दोबारा मंगाने और लगवाने में समय लगता है, जिससे जनसुविधाएं प्रभावित होती हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## स्योडारा के पास पेड़ पर लटका मिला बुजुर्ग का शव, गांव में सनसनी

**बिलारी।** क्षेत्र के स्योडारा के निकट गांव डांडा गोबिन्दपुर में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक



पॉपुलर के पेड़ पर 55 वर्षीय बुजुर्ग का शव लटका मिला। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र राम सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार चंद्रपाल सिंह मंगलवार तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। सुबह करीब नौ बजे ग्रामीणों ने उनका शव पेड़ पर लटका देखा। घटनास्थल के आसपास उनका मोबाइल फोन, डंडा, धोती और चप्पल भी बरामद हुई हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी बिंदिया देवी, तीन पुत्र राजेश, मुकेश और मुनेश तथा दो पुत्रियां मीणा और पुष्पा को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# अंबेडकर प्रतिमा खंडित होने के बाद तनावः चंद्रशेखर आजाद के संभावित दौरे को लेकर अलर्ट पर प्रशासन, चप्पे-चप्पे पर नजर

**सुरजन नगर।** नारायणपुर छंगा में बीते दिनों डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। इस घटना के बाद उपजे तनाव और दलित (जाटव) समाज के लोगों से मिलने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सीट से वर्तमान सांसद चंद्रशेखर आजाद के आगमन की प्रबल संभावना बनी हुई है। सांसद के संभावित दौरे को देखते हुए स्थानीय पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बिगड़े, इसके लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरजन नगर और उत्तर प्रदेश की निकटवर्ती सीमाओं पर कड़ा पहरा बैठा दिया गया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी



प्रकार की कोई चूक या त्रुटि न होने पाए। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल के साथ आला अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। ठाकुरद्वारा के क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह, कांठ के क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल, ठाकुरद्वारा के थाना प्रभारी मनोज परमार, भोजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार और सुरजन नगर चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ सुरजन नगर के सभी मुख्य मार्गों और संवेदनशील चौराहों पर पैदल गश्त की। घ्प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र के सभी एंट्री पॉइंट्स और सीमाओं पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। आने-जाने वाले हर संदिग्ध वाहन की बारीकी से जांच और चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। किसी को भी माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी जा रही है।

## माता उन्मुखी कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के रामनगर कैथल स्थित प्राथमिक विद्यालय में माता उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं एवं माताओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और बच्चों की देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, समय पर टीकाकरण तथा साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, स्तनपान के लाभ तथा कुपोषण से बचाव के उपाय भी बताए गए। विशेषज्ञों ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सही देखभाल से कई गंभीर बीमारियों और कुपोषण को रोका जा सकता है। महिलाओं को आयरन, कैल्शियम और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपनी समस्याएं और सवाल भी रखे, जिनका स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा समाधान किया गया। अंत में सभी से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और बच्चों के टीकाकरण को समय पर पूरा कराने की अपील की गई।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र असिल एहसान की कक्षा 10 की अंक तालिका में मेरा नाम त्रुटि वश सितारा अली हो गया है जो कि गलत है, अन्य दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही नाम सितारा बेगम है। भविष्य में मुझे सितारा बेगम के नाम से जाना व पहचाना जाए। **सितारा बेगम पत्नी एहसान अली निवासी मोहल्ला बरवालान, मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**सिविल विविध वाद सं०**-151/2026
**तारीख पैशी:** 21.05.2026

1.सचिन कुमार पुत्र स्व० श्री कृष्ण कुमार, 2.मानसी सैनी आयु करीब 17 वर्ष पुत्री स्व० श्री कृष्ण कुमार द्वारा सचिन कुमार (संरक्षक) सगा भाई निवासीगण मौहल्ला बैंक कॉलोनी गुरुद्वारे के पास तहसील व जिला मुरादाबाद।-**वादीगण।**

**बनाम**

1. श्रीमती कस्तुरी देवी पत्नी स्व० अमर सिंह, 2. सौरभ पुत्र स्व० अमर सिंह निवासीगण मौहल्ला भोगपुर मिठौनी उर्फ शिरीकुई, तहसील व जिला मुरादाबाद। 3. **जनता आम मुरादाबाद,** 4. स्वाति पत्नी श्री सोनू पुत्री स्व० कृष्ण कुमार निवासी-ग्राम दरगाहपुर पोस्ट रायसी तहसील लक्सर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड। चूंकि उपर्रिनांमाकित आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपने नाबालिग बहन मानसी सैनी पुत्री स्व० कृष्ण कुमार के उच्च शिक्षा एवं उज्जवल भविष्य के लिए वादपत्र में वर्णित आराजी एक किता रिहायशी मकान दो मंजिला मौहल्ला बैंक कॉलोनी मौजा शाहपुर तिगरी तहसील व जिला मुरादाबाद गाटा सं0-531 रकबई 91.00 वर्ग मीटर को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु गार्जियन एन्ड वाईस एक्ट की धारा-08 के अंतर्गत आवेदन किया है। अतः जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना पत्र में जवाबदेही प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 21.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 05 माह 18 दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय के आदेशानुसार**
**( वरिष्ठ सहायक ) जिला न्यायाधीश न्यायालय, मुरादाबाद।**

**न्यायालय सिविल जज ( सी0डि0 )/एफ.टी.सी. महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**निष्पादन वाद संख्याः** 70/2025
**तारीख पेशीः** 06.07.2026

1. सौदान आयु लगभग 39 वर्ष पुत्र स्व० लक्ष्मण सिंह, 2. राधेश्याम आयु लगभग-31 वर्ष पुत्र स्व० लक्ष्मण सिंह निवासीगण झांझनपुर, हरथला सोनकपुर, नगर व जिला मुरादाबाद
.......**डिक्रीधारीगण/वादीगण।**

**बनाम**

1. हरनाम सिंह आयु लगभग 32 वर्ष पुत्र स्व० लक्ष्मण सिंह, 2. श्रीमति गीता उर्फ प्रीति आयु 30 वर्ष पत्नी हरनाम सिंह निवासीगण झांझनपुर हरथला सोनकपुर, नगर व जिला मुरादाबाद। ...**निर्णीत ऋणीगण/ प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित डिक्रीधारीगण ने इस न्यायालय मे यह आवेदन किया है कि मा० न्यायालय द्वारा व्यवहार **वाद संख्या**-524/2022 **सोदान आदि- बनाम- हरनाम सिंह आदि** मे पारित निर्णय दिनाक 26.7.2025 व डिक्री के अनुपालन में मकान स्थित झांझनपुर हरथला सोनकपुर नगर व जिला मुरादाबाद जिसके पूरव में मकान हेतराम, पश्चिम में मकान गंगाराम, उत्तर मे रास्ता -8 फिट चौडा, दक्षिण मे रास्ता 7 फिट चौडा है, को निर्णीत ऋणीगण ने रिक्त नही किया है और मकान का भौतिक कब्जा व दखल डिक्रीधारीगण को हस्तान्तरित नही किया है। अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के बिरूद्ध अपना हेतु संदर्शित करने के लिए / अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 06.7.2026 को स्वंय अथवा अपने अनुदिष्ट महोदय के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

यदि नियत दिनांक पर आप अपनी आपत्ति न्यायालय मे प्रस्तुत नहीं करते है तो उपरोक्त आवेदन आपके बिरूद्ध एकपक्षीय रूप से सुना जावेगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डी0 )/ एफ0 टी0 सी0, मुरादाबाद।**

## देहरी जुम्मन गांव में चोरों ने पांच घरों को बनाया निशाना, लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**कांठ( शाह टाइम्स )** देहरी जुम्मन गांव में चोरों ने पांच घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली, पीड़ितों ने कार्यवाही के लिए थाने में तहरीर दी है। रात को किसी वक्त देहरी जुम्मन गांव के योगेश पुत्र परम सिंह के घर में चोर नकब



लगाकर घुस गए और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। प्रदीप पुत्र परम सिंह के भी नकब लगाकर सोने चांदी के जेबर पर हाथ साफ किया। मनोज कुमार पुत्र प्रीतम सिंह के घर में दीवार फांदकर चोर घुस गए और 30 हजार नगदी एवं सोने चांदी की चीजों पर हाथ साफ कर दिया। नेमपाल पुत्र चरन सिंह के घर में भी चोरों ने नगदी और जेवर पर हाथ साफ किया। परवीन पुत्र अमर सिंह के घर से भी चोर हजारों की नगदी लेकर बड़े आराम से फरार हो गए। सुबह घटना का पता लगने पर गांव में तनाव व्याप्त हो गया सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया लोगों का कहना था की चोरों को शायद पुलिस का बिल्कुल भी डर नहीं था जो एक ही गांव को उन्होंने बेखोफ होकर निशाना बना लिया ग्रामीणों ने कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है।

## लड़की भगाकर ले जाने में तीन के खिलाफ मुकदमा

कांठ( शाह टाइम्स) लड़की भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी बेटी को पड़ोसी गांव पाठन्गी निवासी हिमांशु 13 मई को भगा कर ले गया जानकारी लगने पर उसके घर पहुंची तो उसके पिता हरिओम ने दो दिन बाद लड़की वापस करने का भरोसा दिलाया लड़की वापस ना हुई तो वह फिर उनके पास पहुंची आरोप है कि इस बार उसके परिवार के लोगों ने गाली गलौज करते हुए लड़की वापस करने को मना कर दिया और गाली गलौज कर धमकी दी। पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने हिमांशु बेवी और हरिओम के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

## सपा नेता द्वारा की गई टिप्पणी पर भड़का महिला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा नेता राज. कुमार भाटी द्वारा जाट और गुर्जर समाज की महिलाओं के प्रति की गई अभद्र भाषा को लेकर महिला मोर्चा की पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शन किया। वहीं मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी को सौंपा। मंगलवार को महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी के नेतृत्व में भारी तादात में महिलाएं तहसील पहुंची। जहां मांगों को लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया, कहा कि महिला मोर्चा मांग करता है कि 24 घंटे के अंदर सपा नेता राजकुमार भाटी माफी मांगे अन्यथा महिला मोर्चा बड़ा आंदोलन करेगा। राजकुमार भाटी ने दिल्ली में आयोजित जाट महासभा के कार्यक्रम में जाट और गुर्जर महिलाओं के प्रति विवादित बयान दिया था जो निंदनीय है। ज्ञापन देने वालों में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष गीता चौधरी, पूर्व जिला मंत्री अर्चना वैश्य, नामित सभासद गीता कोहली, जूली सैनी एडवोकेट, कविता ठाकुर, सत्यवती, गीता गुप्ता, प्रीति शर्मा, दीपिका गर्ग, किरण चंद्रवंशी आदि सहित अनेकों महिलाएं मौजूद रही।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

**ई-निविदा सूचना पत्रांक 1431** | **दिनांक: 19.05.2026**

**बिजनेस प्लान 2026-27 की निविदा प्रकाशन के सम्बन्ध में**

1. 01/EDC(S)2026-27, 11/0.4 केवी वितरण उपकेन्द्रों की क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00 धरोहर राशि- रू. 38 हजारं
2. 02/EDC(S)2026-27, 11/0.4 केवी वितरण उपकेन्द्रों के निर्माण का कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540. 00 धरोहर राशि- रू. 27 हजारं
3. 03/EDC(S)2026-27, 11 केवी लाईन निर्माण, बाइफरकेशन तथा 33 केवी, 11 केवी एवं एल0टी0 लाईनों के सुदृढ़ीकरण सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00 धरोहर राशि- रू. 27 हजारं
4. 04/EDC(S)2026-27, 11 केवी 33 केवी एवं एल0टी0 लाईनों के सुदृढ़ीकरण सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00 धरोहर राशि- रू. 30 हजारं
5. 05/EDC(S)2026-27, 33/11 केवी उपकेन्दों एवं वितरण परिवर्तकों के प्रोटेक्शन एवं सुदृढ़ीकरण से सम्बन्धित कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00 धरोहर राशि- रू. 11 हजारं
6. 06/EDC(S)2026-27, वितरण परिवर्तकों पर टेललेस यूनिट स्थापित करने सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क-रू. 3540.00 धरोहर राशि- रू. 30 हजारं

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 10.06.2026, 12:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in/** पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी

पत्रांकः 1431 वि0वि0म0सं0/आ0-2/विज्ञापन | दिनांकः 19.05.2026

# इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर कप्तान माइक स्मिथ का निधन

**लंदन, वार्ता।** वारविकशायर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक स्मिथ, जिन्हें पूरे खेल में एमजेके के नाम से जाना जाता था, का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। दाएं हाथ के बैटर स्मिथ ने इंग्लैंड के लिए 50 टेस्ट खेले, जिनमें से ठीक आधे मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी की,

और 1956 से 1975 तक 19 साल तक वारविकशायर को रिप्रेजेंट किया। उन्होंने 1958 में एजबेस्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया और 14 साल के टेस्ट करियर में 2,278 रन बनाए, जिसमें तीन सेंचुरी और 11 फिफ्टी शामिल हैं, और क्रिकेट में सेवाओं के लिए 1976 में उन्हें ओबीई से सम्मानित किया गया। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सोमवार को एजबेस्टन में वार. विकशायर और ग्लेमोर्गन के बीच काउंटी चैंपियनशिप मैच में खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ी और अधिकारी श्रद्धांजलि देने के लिए लाइन में खड़े थे। लीसेस्टरशायर में जन्मे और स्टैमफोर्ड स्कूल से पढ़े स्मिथ, वारविकशायर में शामिल होने से पहले अपनी होम काउंटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते थे। उन्होंने 1957 से 1967 तक बेयर्स की कप्तानी की और अपने काउंटी करियर के दौरान 637 मैचों में 39,832 फर्स्ट-क्लास रन बनाए, जो अब तक का 18वां सबसे बड़ा टोटल है। स्मिथ के नाम अभी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का वार. विकशायर रिकॉर्ड है, उन्होंने 1959 में 2,417 रन बनाए थे और 1960 में उन्हें विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था।

# LSG ने RR को 221 रन का टारगेट दिया

## मिचेल मार्श शतक से चूके 96 रन की खेली शानदार पारी, जोश इंग्लिश के भी आतिशी 60 रन

**आखिरी ओवरों में राजस्थान ने लखनऊ को बड़े स्कोर से रोका**

**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रायल्स को 221 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। उनकी पारी में 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे।

जोश इंग्लिस ने 29 गेंदों में 60 रन ठोके। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। इंग्लिस और मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस पूरन ने 11 गेंदों में 16 रन बनाए,



जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 23 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। आखिरी ओवरों में लगातार रन आउट के कारण लखनऊ की टीम 230 के पार नहीं पहुंच सकी। राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर को एक विकेट मिला। वहीं, लखनऊ के दो बल्लेबाज रन आउट हुए। आखिरी ओवर में राजस्थान रायल्स ने शानदार वापसी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार झटके दिए। ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे, लेकिन मिचेल मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। ध्रुव जुरेल के थ्रो पर जोफ्रा आर्चर ने सीधे स्टंप पर निशाना साधा और पंत 23 गेंदों में 35 रन बनाकर लौटे। इसके बाद मार्श ने 19.2 और 19.4 पर दो बार रिव्यू लिए, लेकिन दोनों में असफल रहे। 19.4 पर फुल टॉस गेंद पर उनका बाहरी किनारा लगा और गेंद थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए चली गई। वह शतक के करीब पहुंच गए थे। 19.5 पर मार्श ने लान्ग आफ की तरफ शाट खेलकर दूसरा रन लेने की कोशिश की, लेकिन यशस्वी जायसवाल ने शानदार डायरेक्ट हिट कर उन्हें रन आउट कर दिया। मार्श 57 गेंदों में 96 रन बनाकर लौटे और शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए। आउट होने के बाद जायसवाल ने शाहिद अफरीदी स्टाइल में जश्न मनाया। आखिरी गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने आयुष बदोनी को तेज यार्कर पर बोल्ड कर दिया। बदोनी स्कूप खेलने की कोशिश में चूक गए और आफ स्टंप उड़ गया। इस तरह आर्चर ने अंतिम ओवर में शानदार वापसी करते हुए लखनऊ को 220 रन पर रोक दिया। 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। जोफ्रा आर्चर की शार्ट गेंद पर मिचेल मार्श शाट लगाने से चूक गए और गेंद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास चली गई। इस बीच ऋषभ पंत स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए रन लेने दौड़ पड़े, लेकिन मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया।

**खेल विशेष**

### क्विंटन डी कॉक, राज अंगद बावा आईपीएल से बाहर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दो मैचों में क्विटन डी कॉक और राज अंगद बावा के बिना खेलेगी, क्योंकि वे पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज डी कॉक को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एमआई के मैच से पहले अपनी बाईं कलाई में टेंडन की चोट लग गई थी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ एमआई के पिछले मैच के दौरान अपने दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया था। दोनों खिलाड़ी चोट से ठीक होने के लिए अपने-अपने घरों में हैं। मुंबई इंडियंस के एक बयान में कहा गया है कि वे आईपीएल गाइडलाइंस के हिंसाब से रिप्लेसमेंट की घोाणा करेंगे। डी कॉक ने आखिरी बार 23 अप्रैल को एमआई के लिए खेला था, जिसमें उन्होंने तीन इनिंग्स में 132 रन बनाए थे।

### ईस्ट बंगाल ने दूसरी बार आईडब्ल्यूएल ट्रॉफी जीती

**कोलकाता, वार्ता।** इंडियन विमेंस लीग 2025-26 सीजन की नई चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने ईस्ट बंगाल ग्राउंड पर श्रीभूमि फुटबॉल क्लब के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ मैच खत्म किया, जबकि गोकुलम केरल एफसी को नीता फुटबॉल एकेडमी ने उसी जगह पर 1-1 से ड्रॉ पर रोका। नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में, किकस्टार्ट एफसी, कर्नाटक और सेथु एफसी ने 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि गढ़वाल यूनाइटेड एफसी ने सोमवार को सेसा फुटबॉल एकेडमी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। जबकि ईस्ट बंगाल ने एक मैच बाकी रहते ही टाइटल पक्का कर लिया था, गढ़वाल यूनाइटेड एफसी, सेसा के खिलाफ अपनी जीत के साथ रेल. ेगेशन से बचने में कामयाब रहा। इस बीच, श्रीभूमि अगले सीजन में सेसा एफए के साथ आईडब्ल्यूएल 2 में चली जाएगी।

### नेमार ब्राजील की विश्व कप टीम में शामिल

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेमार को अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया, जिससे नेशनल टीम से ढाई साल से ज्यादा की उनकी गैरमौजूदगी खत्म हो गई। सैंटोस स्टार मैनेजर कार्लो एंसेलोटी द्वारा पढ़े गए आखिरी नामों में से एक था, जिससे हाल के हफ्तों में ब्राजील के मीडिया में छाई सिलेक्शन की बहस खत्म हो गई। एंसेलोटी ने सोमवार को रियो डी जेनेरो में एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने नेमार को इसलिए नहीं चुना क्योंकि हमें लगता है कि वह एक अच्छा बैकअप होगा, बल्कि इसलिए चुना क्योंकि वह अपनी खूबियों से टीम में जान डाल सकता है। चाहे वह एक मिनट खेले या 90 मिनट मुझे लगता है कि हमें पिच पर कुल मिलाकर मिनटों की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा।

# KKR की नजर मुंबई इंडियंस के खिलाफ प्लेऑफ में बने रहने पर

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स बुधवार को ईडन गार्डन्स में आईपीएल 2026 सीजन के 65वें मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, तो उसे हर हाल में जीतना होगा।

मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से ाहर हो चुकी है, लेकिन केकेआर के पास अभी भी क्वालिफाई करने का एक छोटा सा मौका है और वह सीजन के आखिर में अपनी वापसी जारी रखने के लिए बेताब होगी। कैंपेन की खराब शुरुआत के बाद कोल. काता ने शानदार वापसी की है। सीजन की शुरुआत लगातार छह हार के साथ करने के बाद, केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर जबरदस्त



वापसी की है। उनकी सबसे नई जीत गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मिली, जहां बैटिंग यूनिट ने सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान अजिक्य रहाणे टीम के अंदर, खासकर टॉप-ऑर्डर बैट्समैन के बीच बढ़ते कॉन्फिडेंस से उत्साहित होंगे। पिछले मैच में जबरदस्त ओपनर फिन एलन ने सिर्फ 35 गें. दों पर 93 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा, जबकि अंगकृ रघुवंशी ने 82 रन की पारी खेलकर अपना लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। रघुवंशी इस सीजन में 422 रन बनाकर केकेआर के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हैं और इस अहम मुकाबले में टीम की उम्मीदों का केंद्र बने हुए हैं। केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी सही समय पर अच्छा खेलने लगा है। कैमरून ग्रीन, रिकू सिंह और मनीा पांडे ने बैटिंग लाइनअप में स्थिरता और तेजी लाई है, जिससे बैटिंग लाइनअप में और गहराई आई है। टीम एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण पर भरोसा करेगी, जिन्होंने पूरे सीजन में गेंद से अहम योगदान दिया है। नारायण केकेआर के सबसे अच्छे बॉलर रहे हैं।

# युवा एथलीटों ने सचिन तेंदुलकर के साथ किया मैदान साझा

**अहमदाबाद, वार्ता।** अहमदाबाद में एसआरटी10 एल्टेवॉल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स एकेडमी में प्रेरक और भावुक कर देने वाला अवसर देखने को मिला,

जब क्रिकेट के महान खिलाड़ी, सचिन तेंदुलकर ने एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा एथलीटों के साथ समय बिताया। इस विशो कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों, माता-पिताओं और उभरते क्रिकेटरों के साथ बातचीत की। तें. दुलकर ने क्रिकेट से जुड़ी गति. विधियों और अनौपचारिक सत्रों के लिए बच्चों के साथ मैदान पर उतरकर, युवा एथलीटों को अनुशासन, धैर्य और खेल के घ्ररिए सीखने की खुशी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके इस संवाद ने एकेडमी में जमा हुए प्रशिक्षुओं और उनके परिवारों को प्रेरित किया। यहां आए कई लोगों ने इस अनुभव को जीवन में कभी-कभार मिलने वाला अवसर बताया। सचिन तेंदुलकर ने इस कार्यक्रम के बाद कहा कि बच्चों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण नहीं है कि वे शुरुआत कहां से करते हैं, बल्कि यह अधिक घ्ररूरी है कि उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलता है या नहीं। पिछले कुछ साल में, मैंने यह महसूस किया है कि भारत में खेल का भविय इस बात से तय होगा कि हम घ्मीनी स्तर के खेल के परितंत्र में कितनी गंभीरता से निवेश करते हैं और बच्चों को बगैर किसी डर या दबाव के खेल का आनंद लेने के लिए कितना प्रोत्साहित करते हैं। जब बच्चे मैदान पर कदम रखते हैं, तो वे सिर्फ खेल के नियम ही नहीं सीखते, बल्कि वे अनुशासन, टीम वर्क, जुझारूपन और खुद पर विश्वास करना सीखते हैं। अहमदाबाद में इन युवा एथलीटों के बीच दिखी ऊर्जा और जिज्ञासा आशा की किरण की तरह है, और मुझे उम्मीद है कि इस तरह के मंच और भी कई बच्चों को खेल के घ्ररिए सपने देखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। एसजी रोड पर वैणोदेवी सर्कल के पास शंकु फार्म में स्थित, एसआरटी10 एल्टेवॉल स्पोर्ट्स एकेडमी को इस साल की शुरुआत में लॉन्च किया गया था। यह एकेडमी लागातार वृद्धि दर्ज करते एसआरटी10 परितंत्र का अंग है, जिसका उद्देश्य है, पेशेवर कोचिंग, फिटनेस से जुघ बुनियादी ढांचा और एथलीटों के लिए समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों के घ्ररिए जमीनी स्तर पर खेल का विकास सुनिश्चित करना।

# बुमराह को आराम, राहुल बने उपकप्तान, प्रिंस वनडे टीम में

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अफगानिस्तान के खिलाफ घर पर एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मुक. ाबलों के लिए चयनित भारतीय दल से आराम दिया गया है, जबकि टेस्ट दल में केएल राहुल ने उपकप्तान के रूप में ऋाभ पंत की जगह ली है। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है।

पिछले साल नवम्बर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली 2-0 की हार के बाद भारत पहली बार टेस्ट खेलेगा। बुमराह के अलावा उस दल से नदारद रहने वाले खिलाड़ियों में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा और तेज गें. दबाज आकाश दीप शामिल हैं। टेस्ट दल में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और तेज



गेंदबाज गुरनूर बराड़ को पहली बार बुलावा आया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर हर्ा दुबे को भी जगह मिली है। आईपीएल 2026 में अपनी तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को पहली बार भारतीय वनडे दल में जगह मिली है। प्रिंस के साथ ही बराड़ और दुबे को भी पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। इशान किशन और हार्दिक पंड्या ने वनडे टीम में वापसी की है जबकि जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय दल से आयुा बदोनी, पंत, जडेजा, हर्ाित राणा और मोहम्मद सिराज बाहर हैं।

# ऑरेंज कैप रेस में शीर्ष पर पहुंचे क्लासेन

**अभिषेक और ईशान भी आगे बढ़े**

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ की रेस अब बेहद रोमांचक हो चुकी है और अब जम्मिेदारी उन खिलाड़ियों पर है जिन्होंने पूरे सीजन लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। यानी ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में आगे चल रहे खिलाड़ी। सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुकाबले में कुछ खिलाड़ियों ने बिल्कुल वैसा ही प्रदर्शन किया।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड एसआरएच के स्टार बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के पास मैचों के बीच छह दिन का अंतर था और उनकी गैरमौजूदगी में ऑरेंज कैप कई खिलाड़ियों के बीच घूमती रही। लेकिन सोमवार को वापसी करते हुए उन्होंने 26 गेंदों पर 47



रन बनाए और फिर से 555 रन के साथ तालिका में शीर्ा पर पहुंच गए। वह साई सुदर्शन से सिर्फ एक रन और शुभमन गिल से तीन रन आगे हैं। गुजरात टाइटंस (जीटी) के दोनों ओपनर अभी भी ऑरेंज कैप की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं। टॉप पांच में उनके पीछे विराट कोहली (आरसीबी) 542 रन के साथ चौथे और केएल राहुल ्रडीसीः 533 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वहीं क्लासेन के टीम-साथी अभिोक शर्मा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ 26 रन बनाए, 507 रन के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, इशान किशन ने सीएसके के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों पर 70 रन बनाए और इस सीजन में अपने कुल रन 490 तक पहुंचा दिए। इसके साथ ही वह सातवें स्थान पर पहुंच गए। वहीं संजू सैमसन ने एसआरएच के खिलाफ 27 रन की पारी खेलकर पंजाब किंग्स के कूपर कॉनली और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श को पीछे छोड़ा और 477 रन के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए। पर्पल कैप लीडरबोर्ड अंशुल कम्बोज एसआरएच के खिलाफ महंगे साबित हुए और अपने चार ओवरों में 46 रन दिए, लेकिन उन्होंने एक विकेट भी हासिल किया। इसी के साथ वह इस सीजन में 20 विकेट तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अब उनके नाम 20 विकेट हैं और उनसे आगे केवल आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार (24 विकेट) और जीटी के कगिसो रबाडा (21 विकेट) हैं।

# इस कठिन पिच पर मुझे अंतिम ओवर तक खेलना था: इशान किशन

**चेन्नई, वार्ता।** जब इशान किशन ने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 180 के स्कोर पर रुकते हुए देखा और इसमें अधिकतम योगदान सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गें. दबाजों द्वारा 17 ओवर में डाले गए 39 धीमी गति की गेंदों का था तो उन्हें पता था कि चेज करना आसान नहीं होने वाला है।

तीसरे ओवर में तीन नम्बर पर बल्लेबाजी करने आए किशन ने ए सुनिश्चित किया कि वह अंत तक क्रीज पर रहेंगे। 47 गेंदों में 70 रन बनाकर जब वह आउट हुए तब एसआरएच को नौ गेंदों में केवल छह रन चाहिए थे। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में किशन ने कहा कि



जब मैं विकेटकीपिंग कर रहा था तो मुझे एहसास हुआ कि पिच आसान नहीं है। मुझे लग रहा था कि इस टोटल को भी हासिल करना आसान नहीं होने वाला है क्योंकि पिच इतनी आसान नहीं थी और खास तौर से स्पिनर्स और धीमी गति वाली गेंदें काफी अच्छी निकल रही थी। हालांकि, उसी समय मुझे ए भी लगता है कि तीन नम्बर का बल्लेबाज होने के कारण मेरा काम मैच का अंत करने की कोशिश करना है। क्योंकि नए बल्लेबाजों के लिए सिंगल लेना और उसी समय बड़े शॉट्स लगाना आसान नहीं होता तो मुझे अंतिम ओवर तक खेलते रहना था। किशन का इस सीजन स्ट्राइक रेट 179-48 है, लेकिन इस मैच में उन्होंने 148-93 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्होंने पारी की शुरुआत में स्पेंसर जॉनसन के एक ओवर में तीन चौके लगाते हुए की और फिर 37 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया। 18वें ओवर की शुरुआत में चौथा विकेट गंवाने के बाद एसआरएच को 14 गेंदों में 23 रन चाहिए थे और चेज थोड़ी मुश्किल हो रही थी तब किशन ने मुकेश चौधरी को एक छक्का और एक चौका लगाते हुए 12 गेंदों में 13 रनों का आंकड़ा ला दिया।

# अर्जुन-हरिहरन ने फ्रांस के पोपोव बंधुओं को हराया

**कुआलालंपुर, वार्ता।** भारत के एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकारुनेन ने मंगलवार को यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव को हराया।

पुरुषों की डबल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 31वें नम्बर पर मौजूद अर्जुन-हरिहरन ने दुनिया के 20वें नम्बर के पोपोव भाइयों को 36 मिनट में 21-19, 21-15 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। पहले गेम में पोपोव्स ज्यादातर समय आगे थे। हालांकि, 19-16 से पीछे चल रही भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच पॉइंट लेकर मैच में बढ़त बना ली। इसके बाद अर्जुन और हरिहरन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत पूरी की। पोपोव्स के खिलाफ भारतीय बैडमिंटन जोड़ी के लिए यह एक शानदार जीत थी, जो इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। क्रिस्टो सिंगल्स रैंकिंग में दुनिया के चौथे नम्बर के खिलाड़ी हैं, जबकि टोमा जूनियर 16वें नम्बर पर हैं। इस साल की शुरुआत में थॉमस कप में फ्रांस की सिल्वर मेडल जीत में इन दोनों का अहम रोल था। अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई से 15-21, 21-17, 17-21 से हारकर महिला डबल्स मुकाबले से बाहर हो गईं। मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यू वर्ल्ड टूर में आकर्ाि कश्यप की वापसी थोड़ी देर के लिए ही रही, क्योंकि भारतीय शटलर कोरिया गणराज्य की पार्क गा-यून से अपना महिला सिगल्स क्वालिफाइंग मैच 15-21, 22-20, 21-7 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहला गेम आराम से जीता और दूसरे गेम में भी 17-11 से आगे थीं, लेकिन उनकी साउथ कोरियाई विरोधी ने पासा पलट दिया। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा ने 37वें मिनट में दातू अनीफ इसाक दातू असराह और क्लेरिसा सैन को 21-15, 21-17 से हराकर मिक्स्ड डबल्स के मेन ड्रॉ में जगह बनाई। इस बीच, अश्मिता चालिहा, जो हमवतन उन्नति हुड्डा और रक्षिता रामराज के आखिरी समय में हटने के बाद टूर्नामेंट में देर से आईं, महिला सिगल्स के मेन ड्रॉ में आगे बढ़ने में कामयाब रहीं।

# कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेकर पुलिस सेवा में शामिल हुए 47 दारोगा, पुलिस अकादमी में हुई भव्य पासिंग आउट परेड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी में मंगलवार को भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया, जिसमें 47 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों ने कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की शपथ लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बने। इनमें 45 पुरुष और 2 महिला प्रशिक्षु शामिल रहे। यह प्रशिक्षण 19 मई 2025 से शुरू हुआ था, जो एक वर्ष पूर्ण होने के बाद अब समाप्त हो गया। पासिंग आउट परेड के दौरान प्रशिक्षु कैडेट्स ने अनुशासित मार्च पास्ट और शानदार परेड का प्रदर्शन कर उपस्थित अधिकारियों व परिजनों का मन मोह लिया।मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजीव सभरवाल ने परेड की सलामी ली और सभी प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान नए तीनों आपराधिक कानूनों, साइबर क्राइम, पुलिस आचरण और विधि विज्ञान से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि प्रशिक्षु आधुनिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।परेड में प्रशिक्षु अंकित हरमोहन यादव को सर्वांग सर्वोत्तम कैडेट चुना गया, जबकि आउटडोर टॉपर के रूप में भी अंकित यादव ने बाजी मारी। डीजी ट्रेनिंग ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। अंकित यादव ने कहा कि वह अपने पिता के स्थान पर प्रशिक्षण लेकर उप निरीक्षक बने हैं और इस उपलब्धि से उनका परिवार बेहद खुश है।जानकारी के अनुसार 47 प्रशिक्षुओं में से 44 मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त हुए हैं, जबकि तीन प्रशिक्षु पूर्व दारोगा भर्ती के ऐसे अभ्यर्थी थे जो पूर्व में प्रशिक्षण पूर्ण नहीं कर पाए थे। अब सभी प्रशिक्षु अपने-अपने आवंटित जनपदों में जाकर फील्ड ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे और कार्यभार संभालेंगे।इस अवसर पर डीआईजी मुनिराज जी, डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया, एसएसपी सतपाल अंतिल,एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार, सीओ सिविल लाइन, सीओ कोतवाली सुनीता दहिया सहित कई पुलिस अधिकारी, सम्मानित नागरिक और प्रशिक्षुओं के परिजन मौजूद रहे।





## एक नजर

### जिला महिला अस्पताल में बच्चा चोरी का प्रयास विफल, दो आरोपी पुलिस हिरासत में

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित जिला महिला अस्पताल में सोमवार को नवजात बच्चे को चोरी करने का प्रयास सामने आया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एक युवक और एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि अस्पताल में भर्ती एक महिला का नवजात बच्चा अचानक गायब होने लगा। इसी दौरान बच्चे की मां को युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। मां ने शोर मचाया तो अस्पताल में मौजूद सुरक्षा कर्मियों और परिजनों ने युवक को बच्चे समेत पकड़ लिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया।वहीं एक महिला की भूमिका भी संदिग्ध मिलने पर उसे भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में दोनों के किसी बच्चा चोरी गिरोह से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के दूसरे दिन चादर निकाली गई

**कुंदरकी।** मोहल्ला तकया अरब स्थित दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के दूसरे दिन चादर निकाली गई तकया अरब शाह से मुख्य बाजार से होती हुई परामपारिक तरीके से दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर चढ़ाई गई इस मौके पर मौजूद रहे वारिस अली शाह जावेद अल्वी कौसर अल्वी कासिम अल्वी बबलू शेख लाइक शेख हारून शाह सब्बू शादाब उर्स मीडिया प्रभारी रिजवान अशरफी हजारों की तादाद में अकीदत लोग मौजूद रहे।



### आज रहेगी दवा दुकानों की हड़ताल मरीजों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**मुरादाबाद।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इस हड़ताल का असर देश के कई राज्यों के साथ-साथ मुरादाबाद में भी देखने को मिल सकता है। संगठन के आह्वान पर जिले के अधिकांश दवा व्यापारी और मेडिकल स्टोर संचालक आंदोलन के समर्थन में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके चलते कई मेडिकल स्टोर बंद रह सकते हैं।।प्ब्क का कहना है कि ई-फार्मेसी और त्वरित दवा डिलीवरी प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त नियमों और निगरानी के संचालित हो रहे हैं। संगठन का आरोप है कि इन प्लेटफॉर्म पर दवाओं की बिक्री में प्रिस्क्रिप्शन सत्यापन और दवा सुरक्षा मानकों का ठीक से पालन नहीं हो रहा, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ सकता है।संगठन ने केंद्र सरकार से GSR 220(E) और GSR 817(E) अधिसूचनाओं को वापस लेने की मांग की है। AIOCD का कहना है कि इन नियमों से पारंपरिक दवा व्यापार प्रभावित हो रहा है और छोटे मेडिकल स्टोरों के सामने संकट खड़ा हो गया है।हड़ताल के कारण मरीजों को दवाएं प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

विशेष रूप से नियमित दवाएं लेने वाले मरीजों को पहले से दवाओं का इंतजाम करने की सलाह दी जा रही है। स्थानीय दवा व्यापारियों ने भी सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की है।

### शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को दिया

**कुंदरकी।** मंगलवार को सीराष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विकासखंड कुंदरकी के ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गोले के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में पुस्तकों को विद्यालय स्तर तक पहुंचाने की व्यवस्था करने, पी एफ एम एस के अंतर्गत धनराशि खातों में समय से आने के सम्बन्ध में,शिक्षकों के चयन वेतनमान एवं एरियर के सम्बन्ध में,सेवा. निवृत शिक्षकों के सभी देयकों का समय से भुगतान करने,शिक्षकों का मानव संपदा पर डाटा ठीक करवाने, छात्र छात्रों के आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान बी आर सी स्तर पर करवाने, शिक्षकों की जीपीएफ पासबुक पूर्ण करवा कर उन्हें अवलोकन करवाने एवं जनगणना में लगे शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव न बनाने आदि समस्याओं को ज्ञापन में समाहित किया गया। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गोले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील तोमर, उपाध्यक्ष फराज खान, उपाध्यक्ष अजीत किशोर, उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, ब्लॉक महामंत्री अनिल कुमार, ब्लॉक संगठन मंत्री साकिर हुसैन, ब्लॉक मंत्री कपिल जैन, अनुज कुमार शर्मा एवं इसरार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



### अच्छे के लिए खोदा गया गड्ढा बना मासूम की मौत की वजह

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र के गांव खेमपुर सैफुल्लापुर में अच्छे के लिए खोदा गया गड्ढा मासूम की मौत की वजह बन गया। घटना सोमवार की है सतपाल सैनी की डेढ़ साल की बेटी गरिमा घर के बाहर खेल रही थी। परिवार वाले घर के कामों में व्यस्त थे। गारिमा खेलते-खोलते अचानक पानी के लिए बनाए गए गड्ढे में गिर गई। काफी देर तक मासूम दिखाई नहीं दी तो परिजनों और ग्रामीणों ने बच्ची की तलाश की। तभी उसके चार साल के भाई ने गड्ढे की तरफ इशारा किया।परिजनों ने गड्ढे में देखा तो मासूम गरिमा उसमें मिली। उन्होंने उसे गड्ढे से बाहर निकाला और चिकित्सक के पास ले गए, लेकिन चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। वह शव को घर ले आए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन बच्ची के परिजनों ने पोस्ट मार्डम कराने से इनकार कर दिया। इस घटना से गांव में गम का माहौल है।



### अलग-अलग दुर्घटना में चार घायल, हायर सेन्टर रेफर

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को अलग-अलग दुर्घटना में चार बाइक सवार घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव लौगी खुर्द निवासी तासिम अपनी बाइक से ठाकुरद्वारा आ रहा था पीछे से अज्ञात बहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया । रहागीरो ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव क मालपुरी निवासी साकिर पुत्र मोहम्मद साबिर ठाकुरद्वारा से अपने गांव लौट रहा था । सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद दूसरा बाइक सवार बाइक सहित फरार हो गया । आने जाने वाले लोगों ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । फरीदनगर निवासी राजकुमार पुत्र गणेश सिंह ठाकुरद्वारा आते समय अंबेडकर पार्क के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया । उधर थाना क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी गोपाल सिंहपुत्र फूल सिंह सूरजन नगर से वह अपने गांव वापस लौट रहा था पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन नेबाइक में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया । एंबुलेंस की मदद से घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद चारों घायलों को हायर सेंटर रेफरकर दिया।

## बड़ा मंगलवार पर प्रगतिशील कायस्थ सेवा संगठन ने लगाया शरबत वितरण शिविर

**मुरादाबाद।** बड़ा मंगलवार के पावन अवसर पर प्रगतिशील कायस्थ सेवा संगठन, मुरादाबाद की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए पीएसी के पास मीठे शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य तेज धूप और गर्मी से परेशान राहग. ीरों को राहत पहुंचाना तथा सेवा भावना का संदेश देना रहा।इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सड़क से गुजर रहे राहगीरों, स्कूली बच्चों, ऑटो सवारों, ई-रिक्शा चालकों और बाइक सवारों को ठंडा मीठा शरबत वितरित किया। भीषण गर्मी में लोगों ने शरबत पीकर राहत महसूस की और संगठन की इस पहल की सराहना की।कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि बड़ा मंगलवार सेवा और श्रद्धा का पर्व है। ऐसे अवसर पर जरूरतमंदों और राह चलते लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के इसी उद्देश्य के साथ संगठन समय-समय पर जनहित के कार्य करता रहता है।शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों से गर्मी में सावधानी बरतने, अधिक पानी पीने और जरूरत पड़ने पर छांव में विश्राम करने की अपील भी की। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सेवा भावना का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने संगठन के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने की उम्मीद जताई।



## पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने किया असमोली के इटालिया माफी पीएम श्री विद्यालय का भ्रमण

**कांठ( शाह टाइम्स )** जिला अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के निर्देशानुसार आज पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कांठ के प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक असमोली के इटालिया माफी गांव के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय का भ्रमण किया उन्होंने बताया कि विद्यालय की दीवारों पर भारत के महान नेताओं व महापुरुषों के पोस्टर लगे हैं जो अत्यंत प्रेरणादायक है। कतारो में गमले लगे हैं तथा स्कूल को सुंदर बनाने में वहां लगी फुलवारी अहम भूमिका निभा रही है। प्रवेश द्वार से लेकर अंदर तक इंटरलॉकिंग टाइल अपनी सुंदरता का वर्णन स्वयं कर रही है। प्रार्थना स्थल पर देखा कि सभी बच्चे व्यवस्थित ढंग से प्रार्थना कर रहे थे तथा शिक्षक शिक्षिकाएं भी कतार में खड़े हुए प्रार्थना कर रहे थे इसके उपरांत सभी बच्चे अपनी-अपनी लाइन से ही पंक्तियों में चले गए प्रांगण में बने बैठक स्थल में व्यवस्थित रूप से उन्हें सूक्ष्म जलपान कराया गया और बाद में प्रधान अध्यापक कपिल मलिक ने स्कूल का भ्रमण कराते हुए जानकारी दी। प्रति. निधि मंडल ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण परिवेश अनुशासन व वेशभूषा की सराहना की बताया कि परिसर की साफ सफाई छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के सहयोग से की जाती है। ज्ञानवर्धक पेंटिंग जगह-जगह लगाई गई है पेयजल व्यवस्था बहुत अच्छी है बाल वाटिका मिड डे मील व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से कराया जाता है मिड डे मील के स्थान अलग हैं खेलने के लिए पार्क झूले क्लाइंबिंग बाल बैडमिंटन आदि की पूरी तरह से व्यवस्था है और विद्यालय में बने स्विमिंग पूल की ओर प्रतिनिधि मंडल का ध्यान आकर्षित कराया गया उन्होंने वहां के प्रधानाध्यापक की सराहना की और कहा कि उनका प्रयास भी अपने स्कूलों में इसी तरह की व्यवस्था करने का रहेगा।



## व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से किया जाएगा हल: एएसपी

**चन्दौसी।** अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने पुलिस लाइन बहजोई सभागार में व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, बाजारों में कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस गश्त बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने बाजारों में संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस-व्यापारी समन्वय को मजबूत करने संबंधी सुझाव दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधिकारियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों की मौजूदगी रही।

## नए कुंदरकी थाना प्रभारी हम्भीर सिंह जादौन का स्वागत, गणमान्य लोगों ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र में नवागत थाना प्रभारी हम्भीर सिंह जादौन के आगमन पर स्थानीय गणमान्य लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान नसीम पाशा, नूर अली ठेकेदार, दिनेश ठाकुर, रत्न सिंह, रिजवान अली और अरशद सहित अन्य लोगों ने थाना प्रभारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की अपेक्षा जताई। वहीं थाना प्रभारी हम्भीर सिंह जादौन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि आम नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर मौजूद लोगों ने भी पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला और लोगों ने नए थाना प्रभारी के कार्यकाल को लेकर सकारात्मक उम्मीदें जताईं।




## मुरादाबाद मंडल के बेसिक स्कूलों में 20 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून तक बंद रहेंगे विद्यालय

**मुरादाबाद।** मंडल के सभी बेसिक विद्यालयों में भीषण गर्मी को देखते हुए 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बुद्ध प्रिया सिंह ने बताया कि 19 मई विद्यालयों का अंतिम कार्य दिवस रहा, जिसके बाद मंडल के सभी परिषदीय स्कूलों में अवकाश लागू कर दिया गया है। लगातार बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, मरम्मत और अन्य प्रशासनिक कार्य आवश्यकतानुसार पूरे किए जा सकते हैं। वहीं शिक्षकों और कर्मचारियों को विभागीय निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है।शिक्षा विभाग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अवकाश समाप्त होने के बाद स्कूल खुलते ही अधूरे शैक्षिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। इसके अलावा नए शैक्षिक सत्र में नामांकन अभियान को तेज करने, अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विद्यालय खुलने के बाद नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।



## स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज में आयोजित हुई शतरंज प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई रणनीति और प्रतिभा

**मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज में कक्षा छह से बारह तक के छात्र-छात्राओं के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता, रणनीति और खेल प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक विकास और तार्किक सोच को बढ़ावा देना था। शतरंज के मुक. ाबलों में प्रतिभागियों ने धैर्य, एकाग्रता और सूझबूझ का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा और छात्र-छात्राएं पूरे मनोयोग से खेल में जुटे रहे।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में कई विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर शिक्षकों और अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. स्वाति शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और शतरंज जैसे खेल मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



## बड़े मंगलवार को हनुमान चालीसा और भंडारे का हुआ आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।**श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के द्वारा ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल को छजलैट तिराहा पर भंडारे का आयोजन किया गया। गुरु अरविंद चौधरी ने बताया की संस्थान हनुमान जी के चरणों का आशीर्वाद लेकर ज्येष्ठ माह के पिछले दो बड़े मंगलवारों पर धार्मिक आयोजन करने के उपरांत आज तीसरे बड़े मंगल के पर सभी सदस्यों व क्षेत्र वासियों के साथ योजना बनाकर हनुमान जी के आदेश से स्थान को चयनित कर भंडारे का आयोजन करा रहा है, पहले श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया हनुमान जी की आरती की गई और बाबा हनुमान जी व भारत माता को भोग लगाकर भोजन प्रसाद वितरण प्रारंभ किया, कार्यक्रम में आए हुए सभी पत्रकार, क्षेत्रवासियों, सनातनी प्रेमियों व श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के सभी सदस्यों को श्री राम जी हनुमान जी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। भंडारे में आए हुए बहनों बच्चों बेटों बेटियों से आग्रह किया कि संस्थान के द्वारा जो निशुल्क श्री हनुमान चालीसा की पुस्तक वितरित की जा रही इसका प्रतिदिन पाठन करें। आयोजन में यशपाल चौधरी ,नेम प्रकाश अतुल चौधरी सत्येंद्र चौधरी नागेंद्र ढाका ,वीरपाल ढाका ,रतेंद्र चौधरी संजीव चौधरी मुकेश भटनागर ,महेश बिश्नोई ,मुकुल विश्नोई ,सौरभ बिश्नोई ,अंगद चौहान ,मनोज चौधरी ,संदीप चौधरी ,वीरेंद्र चौधरी ,धीरेंद्र सिंह ,उत्तम सिंह ,सुरजीत ढाका ,समीम साबरी ,प्रदीप भटनागर ,मनी चौधरी ,राजन चौधरी (पी सी एस ) ,वेद प्रकाश ,महेश शर्मा आदि काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद की चेतावनी, दवा व्यापारियों ने डीएम को दी सूचना

**चन्दौसी।** डिस्ट्रिक्ट सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन संभल ने 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद को लेकर जिलाधिकारी संभल को अग्रिम सूचना दी है। एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र एवं राज्य सरकारों से विभिन्न प्रतिबंधों और औषधि व्यापार से जुड़े गंभीर मुद्दों के समाधान हेतु बार-बार निवेदन किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि दवा व्यापार एवं स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से लंबित हैं, जिससे दवा कारोबारियों में भारी असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों के चलते देशभर के 12.40 लाख से अधिक कैमिस्ट तथा लगभग पांच करोड़ अभिकर्ताओं की आजीविका संकट में पड़ गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो दवा व्यापार से जुड़े लोगों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी के विरोध में 20 मई को देशव्यापी बंद का आह्वान किया गया है। एसोसिएशन ने सभी दवा व्यापारियों से बंद को सफल बनाने की अपील की है।

# महंगाई का मकड़जाल

तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन में दूसरी बार दोनों ईंधनों के दाम बढ़ाए हैं। इससे पहले, 15 मई को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में तीन-तीन रुपये की वृद्धि की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98. 64 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल भी 91 पैसे महंगा हुआ। अब एक लीटर डीजल 91.58 रुपये का मिलेगा। भारत में इस सप्ताह घोषित पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.91 रुपए प्रति लीटर या 4.4 प्रतिशत की वृद्धि तेल उत्पादक देशों जैसे सऊदी अरब को छोड़कर किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था द्वारा की गई सबसे कम वृद्धि है। यह जानकारी ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेजडाटकाम के द्वारा संकलित आंकड़ों में दी गई। इंडियन ऑयल के एक अधिकारी के अनुसार ईंधन की कीमतों में 3.91 रुपए की बढ़ोतरी से केवल आंशिक रूप से कच्चे तेल में आए उछाल की भरपाई हुई है। यह कदम क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमतों को सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा 76 दिनों तक पूरी तरह से वहन करने के बाद उठाया गया है। यानि कि सरकार ने मान लिया है कि वह पेट्रोल और डीजल के रेट एक साथ नही, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ाएगी। सरकार के इस फैसले से देश की जनता में नाराजगी है। जनता का ही कहना है कि यदि सरकार पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ा रही है, तो अन्य चीजों के रेट घटा दे, ताकि आम जनता अपनी जेब का बैलेंस बनाए रखे। विपक्ष भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने लगा है। देश में बढ़ते तेल संकट के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि देश में आर्थिक तूफान आने वाला है। देश के लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है। इसका सबसे बड़ा असर यहां के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। यह झटका इकोनॉमिक स्ट्रक्चर में बदलाव से लगने वाला है। महंगाई की इस अगली किश्त में सुबह का नाश्ता भी शामिल हो गया है, जिसका असर आम लोगों की जेबों पर पड़ना शुरू हो गया है। ब्रेड और उससे जुड़े प्रोडक्ट के दाम में भारी वृद्धि की गई है। मुंबई में हर तरह की ब्रेड की कीमत में 5 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। ये दाम 16 मई से ही बढ़ा दिए गए हैं। मुंबई के बारे में कहा जाता है कि यहां पर लोग अपने दिन की शुरुआत ब्रेड, पाव और सैंडविच आदि से करते हैं। लेकिन अब मुंबई के लोगों को सुबह के नाश्ते के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। छोटे ब्राउन ब्रेड की कीमत 28 रुपये से बढ़ाकर 30 रुपये हो गई है, 20 रुपये वाला सफेद ब्रेड अब तक 22 रुपये में मिलेगा, तो ब्राउन ब्रेड की कीमत 45 से बढ़कर 50 रुपये कर दी गई है। बाकी दुनिया कच्चे तेल की लागत में हुई वृद्धि को एडजस्ट करने के लिए दोनों फ्यूल की खुदरा कीमतों में 10 से 90 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रही है। म्यांमार, मलेशिया, पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में पेट्रोल की कीमत युद्ध-पूर्व मूल्य से आधे से अधिक बढ़ गई है, डीजल की कीमत वैश्विक व्यापार और माल ढुलाई से प्रत्यक्ष संबंध से और भी तेजी से बढ़ी है।

## श्रीमुख से...

### पीएम मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल



सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए, अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए, पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है, आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का कम्प्रोमाइज्ड मॉडल है।' प्रधानमंत्री ने अमेरिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की अनुमति की अवधि एक महीने के लिए बढ़वाई है और इससे देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार के अनुसार रूसी तेल खरीदने की अनुमति मिल गई है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बोझ आम जनता पर क्यों डाला जा रहा है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# उत्तराखंड की सियासत के एक युग का अंत



**उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है।**

उत्तराखण्ड की राजनीति का एक ऐसा अध्याय आज इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया, जिसने दशकों तक सत्ता, सियासत, प्रशासन और जनविश्वास के केंद्र में रहकर अपने व्यक्तित्व की अमिट छाप छोड़ी।

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी अब इस दुनिया में नहीं रहे। उन्होंने 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। 19 मई 2026 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के साथ ही उत्तराखण्ड ने केवल एक पूर्व मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि राजनीति में ईमानदारी, सैनिक अनुशासन और सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का एक सशक्त प्रतीक खो दिया है। राज्य सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है तथा कल हरिद्वार में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

देहरादून की वादियों में 1 अक्टूबर 1934 को जन्मा यह बालक आगे चलकर भारतीय सेना का मेजर जनरल बना, संसद का गंभीर वक्ता बना, केंद्र सरकार का प्रभावशाली मंत्री बना और फिर उत्तराखण्ड की राजनीति का वह चेहरा बना, जिसके नाम पर एक दौर में पूरा चुनाव लड़ा गया, 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में यह केवल एक चुनावी नारा नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था कि राजनीति में अब भी कुछ चेहरे ऐसे हैं जिनकी साख सत्ता से बड़ी होती है। स्वर्गीय जय बल्लभ खण्डूरी और दुर्गा देवी खण्डूरी के संस्कारों में पले भुवन चंद्र खण्डूरी ने प्रारम्भिक शिक्षा के बाद इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से विज्ञान की पढ़ाई की। युवावस्था में ही उन्होंने राष्ट्रसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया और 1954 में भारतीय सेना की कार्प्स आफ इंजीनियर्स में कमीशन प्राप्त किया। इसके बाद उनका जीवन रणभूमियों, सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों और रणनीतिक जिम्मेदारियों के बीच आकार लेता गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में उनकी सक्रिय भूमिका रही। 1971 के युद्ध में सांबा सेक्टर में इंजीनियर रेजिमेंट के कमांडर के रूप में उन्होंने जिस नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया, उसने उन्हें सेना में विशिष्ट पहचान दिलाई।

वे केवल सैनिक नहीं थे, बल्कि सैन्य रणनीति और प्रशासनिक दक्षता के अद्भुत संगम थे। सेना मुख्यालय में डायरेक्टर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, इंजीनियर ब्रिगेड कमांडर, चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त महानिदेशक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कार्य से यह सिद्ध किया कि अनुशासन और नेतृत्व साथ-साथ चल सकते हैं। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। 1991 में पहली बार गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद बने और फिर कई बार जनता ने उन्हें संसद भेजा। संसद में उनकी छवि शोर मचाने वाले नेता की नहीं, बल्कि तैयारी और गंभीरता के साथ बोलने वाले जनप्रतिनिधि की थी। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल भारत के बुनियादी ढांचे के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है। गोल्डन क्वाड्रिलेटरल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना को गति देने में उनकी निर्णायक भूमिका रही। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को जोड़ने वाली सड़कों का वह स्वप्न, जिसने भारत की आर्थिक र"तार बदली, उसमें खण्डूरी की प्रशासनिक क्षमता स्पष्ट दिखाई देती है। मुख्यमंत्री बनाया। उस समय राज्य भ्रष्टाचार, ट्रांसफर-पोस्टिंग के खेल और नौकरशाही की बेलगाम कार्यशैली को लेकर आलोचनाओं में था। खण्डूरी ने सत्ता संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि शासन का अर्थ नियंत्रण और जवाबदेही है। फाइलों में देरी, अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार पर उनकी नाराजगी अधिकारियों के बीच चर्चित थी। कहा जाता है कि किसी अधिकारी के अधूरे कार्य के साथ बैठक में पहुंचने का अर्थ था कठोर सवालों का सामना करना। उनकी कार्यशैली ने आम जनता के बीच विश्वास पैदा किया, लेकिन सत्ता और संगठन के भीतर असहजता भी बढ़ाई। राजनीति जिस लचील. 'पन की मांग करती है, खण्डूरी कई बार उससे दूर दिखाई देते थे। वे सत्ता को सैन्य अनुशासन की ख़्रष्टि से देखते थे, जबकि राजनीति समझौतों, समीकरणों और संतुलनों का संसार है। उनके राजनीतिक जीवन का सबसे विवादास्पद अध्याय उनके करीबी सचिव सारंगी को लेकर उठा विवाद बना। विपक्ष ने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में निर्णय प्रक्रिया अत्यधिक केंद्रीकृत हो गई है और कुछ चुनिंदा लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं, कई नेताओं को शिकायत थी कि मुख्यमंत्री तक उनकी पहुंच सीमित होती जा रही है। धीरे-धीरे राजनीतिक दबाव बढ़ा और अंतत: 2009 में उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा। यह विडंबना थी कि जिस नेता की ईमानदारी पर शायद ही कभी प्रश्न उठा, वही राजनीतिक प्रबंधन के आरोपों में घिर गया। 2011 तक आते-आते भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और नेतृत्व संकट के आरोपों में घिर चुकी थी। पार्टी को फिर वही चेहरा याद आया, जिसकी पहचान साफ-सुथरी राजनीति थी। भुवन चंद्र खण्डूरी दोबारा मुख्यमंत्री बनाए गए। यहीं से जन्म हुआ उस ऐतिहासिक नारे का, जिसे हम 'खण्डूड़ी हैं जरूरी।' के साथ जानते आ रहे हैं। यह नारा केवल प्रचार नहीं था, बल्कि भाजपा की उस राजनीतिक आवश्यकता का प्रतीक था, जिसमें उसे जनता के सामने भरोसेमंद चेहरा चाहिए था, मगर यह नारा भाजपा के काम नही आया, भुवन चंद्र खण्डूरी खुद 2012 का विधानसभा चुनाव हार गये और पार्टी को स त्ता गवानी पड़ी। सशक्त लोकायुक्त कानून बना कर। देश उस समय अन्ना हजारे आंदोलन और भ्रष्टाचार विरोधी लहर से गुजर रहा था। ऐसे माहौल में उत्तराखण्ड में मजबूत लोकायुक्त कानून लागू करने की पहल ने राष्ट्रीय स्तर पर खण्डूरी की छवि को और ऊंचा किया। उनके समर्थक कहते थे कि यदि उन्हें लंबा समय मिलता, तो उत्तराखण्ड की प्रशासनिक संस्कृति बदल सकती थी, लेकिन राजनीति केवल छवि से नहीं चलती 2012 के विस चुनाव में भाजपा ने लगभग पूरा चुनाव खण्डूरी की छवि पर लड़ा। राजनीतिक समीकरण अलग दिशा में चले गए। भाजपा चुनाव हार गई। सबसे बड़ा झटका यह रहा कि स्वयं खण्डूरी भी अपनी सीट नहीं बचा सके।

**मौहम्मद शाह नज़र**

# यहूदियों ने कब्जाई मुस्लिमों की 1000 किमी जमीन




हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद इजरायल ने अपनी सैन्य नीति पूरी तरह बदल दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अब पहले से ज्यादा आक्रामक तरीके से काम कर रही है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले करीब तीन साल में इजरायल ने गाजा, लेबनान और सीरिया में करीब 1,000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह इलाका इजरायल की 1949 की सीमाओं का लगभग 5 प्रतिशत माना जा रहा है। इसी वजह से अब मिडिल ईस्ट में ग्रेटर इजरायल को लेकर चर्चा बढ़ गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कब्जाई गई जमीन का सबसे बड़ा हिस्सा दक्षिणी लेबनान में है। इजरायली सेना वहां कई किमी अंदर तक पहुंच चुकी है। इजरायल इस इलाके को सिक्योरिटी जोन कह रहा है। उसका कहना है कि इससे हिज्बुल्लाह को सीमा के पास से हमला करने से रोका जा सकेगा। नेतन्याहू ने पिछले महीने कहा कि दुश्मन इजरायल को आग के घेरे में घेरना चाहता था, लेकिन अब इजरायल ने अपने चारों ओर सुरक्षा का घेरा बना लिया है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि सेना लितानी नदी तक के इलाके पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। गाजा में इजरायली सेना अब आधे से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है। वहां इजरायल ने एक अतिरिक्त बफर जोन भी बनाया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक, इस वजह से करीब 20 लाख लोग अब गाजा के सिर्फ 40: हिस्से में रहने को मजबूर हैं। सीमा के पास के कई इलाकों को पूरी तरह तबाह कर दिया गया है। गांव और शहर खंडहर बन चुके हैं। नेतन्याहू ने साफ कहा है कि इजरायली सेना गाजा से वापस नहीं जाएगी। सीरिया में बशर अल-असद सरकार के कमजोर होने के बाद इजरायल ने वहां भी अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी। रिपोर्ट के मुता. बिक, इजरायली सेना ने माउंट हर्मोन से लेकर दक्षिणी सीरिया तक करीब 233 वर्ग किमी इलाके में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। इजरायली फोर्सेज ने सीरिया में 50 किमी अंदर तक के इलाके पर छापेमारी की है। इजरायल और सीरिया के बीच सुरक्षा समझौते की बातचीत भी हुई, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में इजरायल के सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। हालांकि दोनों में से किसी भी देश ने लोकेशन का खुलासा नहीं किया है।

इजरायल के कट्टरपंथी नेता और अतिराष्ट्रवादी संगठन लंबे समय से सीमाएं बढ़ाने की मांग करते रहे हैं। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने लेबनान की लितानी नदी तक को इजरायल की नई सीमा बनाने की बात कही है। कुछ सांसदों ने दक्षिणी लेबनान के बड़े हिस्से पर कब्जा करने और वहां की आबादी हटाने की मांग भी की है। इधर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार कहते आए हैं कि इजरायल लेबनान में क्षेत्रीय विस्तार की कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

# ईरान से कम नहीं क्यूबा, अमेरिका फंस सकता है लंबे युद्ध में



अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि क्यूबा ने रूस और ईरान से 300 से ज्यादा मिलिट्री ड्रोन खरीदे हैं। अमेरिका को डर है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल उसके सैन्य ठिकानों के खिलाफ किया जा सकता है। इसके बाद अमेरिका ने क्यूबा की इटेंलिसेंज एजेंसी और उसके बड़े नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिएज कनाल ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो बड़ा खून-खराबा हो सकता है।

अमेरिका के बेहद करीब मौजूद यह छोटा देश आज भी खुद को बड़े खतरे के लिए तैयार रखता है। क्यूबा भले ही आज सैन्य ताकत के मामले में पहले जैसा मजबूत न हो, लेकिन अमेरिका के लिए इससे युद्ध लड़ना आसान नहीं है। क्यूबा की सेना पुराने हथियारों, जुगाड़ तकनीक और बड़ी संख्या में रिजर्व बल के सहारे ऐसी रणनीति पर काम करती है, जिससे कोई भी हमला लंबे और महंगे युद्ध में बदल सकता है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर कभी अमेरिका और क्यूबा के बीच सीधा संघर्ष हुआ, तो क्यूबा ईरान की तरह अमेरिका को लंबे युद्ध के दलदल में फंसा सकता है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी सभी लोगों का युद्ध पालिसी है। इसका मतलब है कि अगर देश पर हमला होता है तो सिर्फ सेना ही नहीं, बल्कि आम नागरिक, मिलिशिया और पैरामिलिट्री बल भी लड़ाई में शामिल होंगे। क्यूबा के पास करीब 50 हजार एक्टिव सैनिक, 39 हजार रिजर्व सैनिक और लगभग 90 हजार पैरामिलिट्री सदस्य हैं। जरूरत पड़ने पर 10 लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। यह मॉडल ईरान की प्राक्सी और लंबी लड़ाई वाली रणनीति जैसा माना जाता है। अमेरिका की धमकियों के बाद देशभर में लोगों को गुरिल्ला वार की ट्रेनिग दी जा रही है। नागरिकों को आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। क्यूबा की सबसे बड़ी ताकत उसकी लोकेशन है। यह अमेरिका के फ्लोरिडा तट से बेहद करीब है। अगर संघर्ष बढ़ता है, तो अमेरिका को अपने तटीय इलाकों, नौसैनिक ठिकानों और समुद्री रास्तों की सुरक्षा पर भारी संसाधन लगाने पड़ सकते हैं। अगर क्यूबा के छोटे ड्रोन हमले अमेरिका के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्यूबा के पास आधुनिक हथियार कम हैं, लेकिन उसने पुराने हथियारों को जोड़कर हाइब्रिड सिस्टम तैयार किए हैं। पुराने ट्रकों पर एंटी-एयरक्राफ्ट गन लगाई गई हैं। अलग-अलग वाहनों के पाट्र्स जोड़कर नए लड़ाकू वाहन बनाए गए हैं। क्यूबा की सेना लंबे समय से गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेती रही है। यानी सीधी टक्कर के बजाय छोटे-छोटे हमले, छिपकर वार और दुश्मन को थकाने की रणनीति। क्यूबा लंबे समय से लैटिन अमेरिका में अपने खुफिया नेटवर्क के लिए जाना जाता रहा है। वेनेजुएला जैसे देशों में उसका प्रभाव रहा है। हाल ही में वेनेजुएला में निकोलस मादुरो सरकार पर कार्रवाई के बाद क्यूबा को बड़ा झटका लगा। क्यूबा ने माना कि उसके 32 खुफिया एजेंट वहां मारे गए। क्यूबा की सेना यानी रिवाल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज द्धथत्रऋ देश की सबसे ताकतवर संस्था है। इससे जुड़ा जीएईएसए ग्रुप होटल, एयरपोर्ट, बैंक और बड़े कारोबार भी संभालता है। यानी सेना सिर्फ हथियारों तक सीमित नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन पर भी मजबूत पकड़ रखती है। क्यूबा की एयरफोर्स लगभग खत्म हो चुकी है। मिग-29 और मिग-23 जैसे पुराने लड़ाकू विमान ज्यादातर बंद पड़े हैं। पूरे देश में मुश्किल से 20 विमान ही ऑपरेशनल बताए जाते हैं। नेवी में सिर्फ 33 जहाज हैं, आधुनिक युद्धपोत या मजबूत पनडुब्बियां नहीं हैं। एयर डिफेंस सिस्टम भी 1950 के दशक की सोवियत मिसाइलों पर आधारित है। सबसे बड़ी समस्या बिजली और आर्थिक संकट है। 2025 में कई बड़े ब्लैकआउट हुए, जिससे मिलिट्री ट्रेनिंग और कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ। ईंधन, स्पेयर पार्ट्स और आधुनिक तकनीक की भारी कमी भी सेना को कमजोर बनाती है।

### कतर की एंट्री से बदला समझौते को लेकर गेम

कतर की एंट्री से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। सोमवार द्ध18 मईत्रऋ को डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नवीनतम प्रस्ताव को समझौते योग्य बताया। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौता हो सकता है, इसलिए मैंने ईरान पर हमला नहीं करने का फैसला किया है। अमेरिकी मीडिया के मुता. बिक कतर के प्रधानमंत्री अल थानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को समझौते का भरोसा दिलाया है। कतर के प्रधानमंत्री अल थानी को समझौता कराने में माहिर माना जाता है। पहले भी अमेरिका और अफगानिस्तान जैसे देशों के बीच कतर ने शांति समझौता कराया था। 1। कतर ने सबसे पहले सऊदी अरब, यूएई जैसे अपने सहयोगी देशों को कन्फिडेंस में लिया। कतर ने इन देशों को यह समझाया कि अगर जंग की शुरुआत फिर से होती है तो उनके तेल और गैस ठिकाने बर्बाद हो जाएंगे।



प्रयागराज। भीषण गर्मी के बीच सिर पर पल्लू डालकर तेज धूप से खुद को बचाती महिलाएं।

## पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व स्वर्गीय डॉ. नीलम संजीव रेड्डी की 114वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के छठे राष्ट्रपति श्री रेड्डी के चित्र पर राष्ट्रपति भवन में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. संजीव रेड्डी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में कई संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी डॉ रेड्डी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

# भारत-नार्वे ने सहयोग बढ़ाने के लिए नौ समझौते किए

## दोनों देशों ने सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण पहलों की भी घोषणा की

**ओस्लो।** भारत और नॉर्वे ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देते हुए अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से नौ समझौतों और तीन पहलों की घोषणा की है।



■ व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया

दोनों देशों ने 'ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप' के संबंध में एक संयुक्त वक्तव्य को अपनाया। नार्वे की दो दिन की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के बीच सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों ने समुद्री सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से अनेक समझौतों और पहलों की घोषणा की। नार्वे ने भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की, जबकि भारत वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले 'नॉर शिपिंग' कार्यक्रम में भारतीय मंडप के साथ भाग लेगा। दोनों देशों के बीच सरकार-से-सरकार के स्तर पर तीन प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और नार्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग और अन्वेषण में सहयोग के लिए रूपरेखा समझौता, भारत और नॉर्वे के विदेश मंत्रालयों के बीच डिजिटल विकास साझेदारी पर समझौता ज्ञापन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के लिए नॉर्वे के स्वास्थ्य एवं देखभाल सेवा मंत्रालय और भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच समझौता शामिल है। व्यापार और संस्थागत सहयोग के तहत भी कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल संस्थान के बीच सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता और क्षमता निर्माण से संबंधित विशेष परामर्श सेवाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा भारत के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद के बीच प्रौद्योगिकी सहयोग पर समझौता हुआ। वैज्ञानिक अनुसंधान और हरित प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नॉर्वे की सिटेफ संस्था के बीच वर्ष 2026 से 2029 तक की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए सहयोग समझौता किया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री ऊर्जा, जिसमें अपतटीय पवन ऊर्जा भी शामिल है, पर संयुक्त कार्य कार्यक्रम के लिए एक परियोजना-विशिष्ट कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। इसके अलावा वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा वैज्ञानिक एवं नवाच.र अनुसंधान अकादमी ने नॉर्वे के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साथ हरित परिवर्तन के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर संयुक्त आशय घोषणा को अपनाया।

# अमेरिकी साजिश थी इमरान का तख्तापलट

## आउटलेट ड्रॉप न्यूज साइट का दावा: इमरान खान हटे, तो सब माफ हो जाएगा



■ इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी

■ मुलाकात के बाद ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार गिरने को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी मीडिया आउटलेट ड्राप साइट न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इमरान की कुर्सी सिर्फ अविश्वास प्रस्ताव से नहीं गई थी। इसके पीछे अमेरिकी साजिश और पाक सेना की भूमिका थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने 24 फरवरी 2022 को मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। ठीक उसी दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था। अमेरिका इस यात्रा से नाराज था। वह चाहता था कि पाकिस्तान यूक्रेन युद्ध पर रूस की खुलकर आलोचना करे, लेकिन इमरान सरकार ने तटस्थ रुख अपनाया। इसके बाद 7 मार्च 2022 को वाशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के बीच बातचीत हुई। लू ने मजीद से कहा कि अगर इमरान अविश्वास प्रस्ताव में हट जाते हैं तो अमेरिका 'सब माफ' कर देगा। इसके 33 दिन बाद यानी 9 अप्रैल 2022 को इमरान सरकार गिर गई। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक.ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। साइफर में अमेरिका में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत असद मजीद खान और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिक.ारी डोनाल्ड लू के बातचीत के अंश हैं। वाशिंगटन के एक होटल में लू ने मजीद को लंच टेबल पर इमरान को हटाने का दबाव दिया था। लू ने यूक्रेन युद्ध पर पाक रुख पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पाक रूस की आलोचना नहीं कर रहा है और अमे.रिका-यूरोप को यह स्वीकार नहीं है। लू ने कहा, इमरान की रूस यात्रा से अमेरिका नाराज है। बात अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंची। लू ने संकेत दिया कि इमरान सत्ता में रहे तो पाक अकेला पड़ जाएगा। मजीद ने पत्र में लिखा कि यह संदेश वाइट हाउस की मंजूरी के बिना संभव नहीं था।

## अमेरिका ने अफ्रीका में इबोला फैलने पर आपातकालीन सहायता शुरू की

■ अमेरिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की कर रहा है रक्षा

**वॉशिंगटन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अफ्रीका में इबोला को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के बाद अमेरिका ने त्वरित आपातकालीन सहायता शुरू की है तथा नए यात्रा प्रतिबंधों और आपातकालीन सहायता के जरिए इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में अमेरिका ने कहा कि गत 15 मई को मामलों की पुष्टि होने के 24 घंटे के अंदर विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी तालमेल बिठाने वाली समिति और आपातक.ालीन घटना प्रबंधन प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, रवांडा, साउथ सूडान और युगांडा में अमेरिकी दूतावास ने भी काम में तेजी लाने और इलाके में अमेरिकी नागरिकों से बातचीत करने के लिए निगरानी समूह बनाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि सहायता का फोकस इस बात पर कें.द्रित है कि बीमारी पर अमेरिकी तटों तक पहु.चने से पहले ही काबू में कर लिया जाए। अमे.रिका स्वदेश और विदेशों में अमेरिकियों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहा है। विभाग यह पक्का करने के लिए रोजाना नेतृत्व-स्तर की बैठकें आयोजित करता है ताकि सहायता सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाता है, जिन्होंने पिछले 21 दिनों में कांगो लो.कतांत्रिक गणराज्य, युगांडा या साउथ सूडान की यात्रा की है।

## ईरान ने यूएई के परमाणु संयंत्र पर हमले के आरोपों को लेकर जर्मनी पर किया पलटवार

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात के बराकाह परमाणु संयंत्र पर कथित हमले को लेकर जर्मनी के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के मामले में दो.हरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने मंगलवार को कहा कि पश्चिमी देश अंतर्राष्ट्रीय कानून को अपने राजनीतिक हितों के अनुसार लागू करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायली शासन द्वारा ईरान की सुरक्षित परमाणु सुविधाओं पर खुले हमलों की निंदा करने के बजाय उन्हें उचित ठहराया जाता है। बघाई ने आरोपों की प्रकृति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक आधिकारिक रूप से ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि जब एक संदिग्ध 'फॉल्स फ्लैग' अभियान होता है, जिसकी जिम्मेदारी तक यूएई ने आधिकारिक तौर पर ईरान पर नहीं डाली, तब वही देश अचानक अंतर्राष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की दुहाई देने लगते हैं।

## हिन्द-प्रशांत में नौवहन की स्वतंत्रता को भारत-वियतनाम प्रतिबद्धत



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हनोई में उप प्रधानमंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में उप प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

दोनों मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से वियतनाम के वायु सेना अधिकारी महाविद्यालय में भाषा प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारत एवं वियतनाम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्री ने न्हा त्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की घोषणा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी की समीक्षा की और समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण एवं क्षेत्रीय स्थिरता में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया तथा हिद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा, संरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, साइबर सुरक्षा तथा उच्च स्तरीय आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने नियमित संवाद, संयुक्त अभ्यासों और विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों की रक्षा सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने वियतनाम के साथ भारत की उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# ईरानी संसद में पास हो सकता है ट्रम्प-नेतन्याहू की हत्या पर इनाम



■ द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक 500 करोड़ से ज्यादा का इनाम दे सकता है ईरान

■ ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है।

आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है। ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि खाड़ी देशों के अपील के बाद ईरान पर हमला रोक दिया गया है और उम्मीद जताई है कि यह घोषणा अंतत: स्थाई हो जाएगी। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अनुरोध के बाद उन्होंने मंगलवार के लिए निर्धारित ईरान पर सैन्य हमला रद्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि यह अनुरोध चल रही 'गंभीर बातचीत' के कारण किया गया था, जिसके बारे में पश्चिम एशिया के नेताओं का मानना है कि इसका परिणाम एक ऐसे समझौते के रूप में निकल सकता है जो अमेरिका को स्वीकार्य हो।

## बडगाम में 93 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को दक्षिणी कश्मीर में प्रवासियों की संपत्ति और खड़े पेड़ों की बिक्री से जुड़े कथित 93 लाख रुपये के जमीन धोखाधड़ी मामले के संबंध में बड़गाम जिले में तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने कहा कि यह तलाश अभियान गत साल अप्रैल में आर्थिक अपराध शाखा कश्मीर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 336(3), 340 और 61(2) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में चलाया गया। यह मामला फर्जी समझौतों के जरिये पुलवामा के द्रुसु में पांच कनाल प्रवासी भूमि और बिजबेहारा में 300 खड़े पेड़ों की कथित धोखाधड़ी से बिक्री से संबंधित है।

# अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

## मृतकों में एक गार्ड और 2 संदिग्ध शामिल, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी।



■ दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले, शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी

दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर आफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।

# ताइवान की सड़कों पर भारत विरोधी पोस्टर लगे

## चुनाव लड़ रहा उम्मीदवार बोला: भारतीय मजदूरों को भगाओ

**ताइप।** ताइवान में स्थानीय चुनाव के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने भारत विरोधी पोस्टर लगाया है। इसमें पगड़ी पहने एक सिख व्यक्ति की तस्वीर पर बड़ा 'नो' यानी प्रतिबंध का निशान बना हुआ था। पोस्टर का मैसेज था कि भारत से आने वाले प्रवासी मजदूरों का विरोध किया जाए, और उन्हें देश से बाहर भगाया जाए।



■ विपक्षी सांसद बोले: वे अपराधी होते हैं, भारतीय बोले: यह नस्लीय भेदभाव है

यह विवाद ऐसे समय में हुआ है जब ताइवान भारत के साथ हुए श्रम सहयोग समझौते के तहत भारतीय कामगारों को बुलाने की तैयारी कर रहा है। ताइवान की विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग यानी केएमटी भी भारतीय मजदूरों को बुलाने का विरोध कर रही है। सांसद हुआंग चिएन-पिन ने भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला दिया था। उन्होंने संसद में कहा था कि भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ 4.45 लाख से ज्यादा अपराध दर्ज हुए थे, जिनमें 31 हजार से ज्यादा रेप के मामले शामिल थे। ऐसे में भारतीय मजदूरों को लेकर ज्यादा सख्त जांच और निगरानी होनी चाहिए। वे यहां पर महिलाओं के साथ बलात्कार कर सकते हैं। वहीं, ताइवान में रहने वाले एक भारतीय ने सोशल मीडिया पर इसे नस्लीय भेदभाव बताया। उन्होंने कहा कि किसी नीति का विरोध करना अलग बात है, लेकिन किसी समुदाय की पहचान और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बनाना गलत है। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि ताइवान में करीब 7 हजार भारतीय रहते हैं और उनमें से ज्यादातर हाई-टेक और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में काम करते हैं। इसमें फाक्सकान और टीएसएमसी जैसी कंपनियां शामिल हैं। ताइवान की स्थानीय राजनीतिक पार्टी न्यू पावर पार्टी के नेता वांग यी-हेंग ने भी पोस्टर की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारतीय झंडे और पगड़ी पर प्रतिबंध का निशान लगाना बेहद अज्ञानता भरा कदम है। उनके मुताबिक पगड़ी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था और सम्मान का प्रतीक है। 2024 में भारत और ताइवान के बीच प्रवासी मजदूरों को लेकर एक अहम समझौता हुआ था। इसे लेबर कोऑपरेशन श्रम सहयोग समझौता कहा गया। इसका मकसद ताइवान में बढ़ती कामगारों की कमी को पूरा करना और भारतीय कामगारों को वहां रोजगार के अवसर देना है। ताइवान कई सालों से श्रमिक संकट का सामना कर रहा है। वहां जन्म दर लगातार गिर रही है, आबादी बूढ़ी हो रही है और युवाओं की संख्या कम होती जा रही है। इसका असर खासकर फैक्ट्री, खेती, निर्माण और बुजुर्गों की देखभाल जैसे क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

## कृतिका कामरा अपनी अगली फिल्म डम्बल की तैयारी में जुटीं



**मुंबई।** 'मटका किंग' की सफलता के बाद अभिनेत्री कृतिका कामरा ने आधिकारिक तौर पर अपनी अगली फीचर फिल्म साइन कर ली है। यह 'मटका किंग' के बाद उनकी पहली घोषित परियोजना है, जिसके दूसरे सीजन की घोषणा हाल ही में प्राइम वीडियो इंडिया द्वारा की गई है। कृतिका अब निर्देशक पुषाण मुखर्जी की आगामी ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने जा रही हैं, जिसका फिलहाल वर्किंग टाइटल डम्बल रखा गया है। फिल्म की शूटिंग जून से शुरू होने वाली है। कृतिका के करियर के अगले बड़े क्रिएटिव कदम के रूप में देखी जा रही यह फिल्म उन्हें एक बिल्कुल नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी और परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स चुनने की उनकी पहचान को और मजबूत करेगी।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108